**i. जुते हुए खेत ii. किलाबंद गढ़**
**iii. अग्नि वेदिकाएँ iv. ताम्र के बाट**
**सही विकल्प को चुनिए :**

(a) i, ii, iii (b) i और ii
(c) ii और iii (d) iii और iv

**12. सूची-I (पुरातात्विक स्थल) को सूची-II (संबंधित जिले) से सुमेलित कीजिए–**

| सूची-I (स्थल) | सूची-II (जिला) |
|---|---|
| (A) कुराड़ा व खुरड़ी | (i) अजमेर |
| (B) बूढ़ा पुष्कर व होकरा | (ii) जैसलमेर |
| (C) कुण्डा व ओला | (iii) डीडवाना-कुचामन |
| (D) आलनियाँ व दर्रा | (iv) श्रीगंगानगर |
| (E) बरोर व बिनजौर | (v) कोटा |
| (F) लाछुरा व जहाजपुर | (vi) भीलवाड़ा |

**सही कूट का चयन कीजिए:**
(a) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(v), (E)-(iv), (F)-(vi)
(b) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(v), (E)-(iv), (F)-(vi)
(c) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(iv), (E)-(v), (F)-(vi)
(d) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv), (E)-(v), (F)-(vi)

**13. निम्न में से कौन–सा/कौन–से मध्यपाषाण स्थल राजस्थान में स्थित है/हैं?**
**1. बागोर 2. रत्नापुर**
**3. तिलवाड़ा 4. लोटेश्वर**
(a) 1 और 4 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 2 और 4

**14. लाछूरा (भीलवाड़ा) सभ्यता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. इस स्थल का उत्खनन वर्ष 1998-99 में बी. आर. मीणा के निर्देशन में किया गया था।**
**2. यहाँ से शुंगकालीन तीखे किनारे वाले प्याले और 'ललितासन' में नारी की एक मृण्मूर्ति प्राप्त हुई है।**
**3. यहाँ से प्राप्त मिट्टी की एक मुहर पर खरोष्ठी लिपि के 4 अक्षर अंकित मिले हैं।**
**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**15. बैराठ (विराटनगर) सभ्यता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए 'असत्य' कथन का चयन कीजिए:**
(a) बैराठ प्राचीन मत्स्य जनपद की राजधानी था, जिसका विस्तार वर्तमान अलवर, जयपुर और भरतपुर जैसे क्षेत्रों में था।
(b) यहाँ से केवल महाभारतकाल और बौद्ध धर्म के अवशेष प्राप्त हुए हैं, जबकि मुगलकाल के प्रमाणों का अभाव है।
(c) यहाँ के उत्खनन से उत्तर गुप्तकालीन 'शंख लिपि' के प्रमाण और लौहयुगीन चित्रित धूसर मृदभांड प्राप्त हुए हैं।
(d) यहाँ मुगलकालीन टकसाल के अवशेष मिले हैं और यहाँ ढाले गए सिक्कों पर 'बैराठ' अंकित मिलता है।

**16. बैराठ सभ्यता के संदर्भ में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए :**
**A. मान्यता है कि हूण आक्रांता मिहिरकुल ने बैराठ का विध्वंस किया था।**
**B. चीनी यात्री युवान-च्वांग ने भी अपने यात्रा वृतान्त में बैराठ का उल्लेख किया है।**
(a) केवल A सत्य है। (b) केवल B सत्य है।
(c) A और B दोनों सत्य हैं। (d) A और B दोनों असत्य हैं।

**17. कालीबंगा सभ्यता के संदर्भ में गलत कथन का चयन कीजिए–**
(a) कालीबंगा के लोग ग्रिड पैटर्न प्रणाली के आधार पर कृषि कार्य को अपनाते थे।
(b) कालीबंगा सभ्यता के लोग मृत शरीर को दफनाने पर कुण्डल व दर्पण साथ रखते थे।
(c) यह सभ्यता ग्रामीण सभ्यता के रूप में विकसित हुई।
(d) कालीबंगा सभ्यता के लोग शल्य चिकित्सा पद्धति से परिचित थे।

**18. तिलवाड़ा सभ्यता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. यह सभ्यता वर्तमान में बालोतरा जिले में लूणी नदी के किनारे स्थित है।**
**2. इसकी खोज और उत्खनन का कार्य डॉ. वी.एन. मिश्र के नेतृत्व में किया गया था।**
**3. यहाँ से प्राप्त अवशेषों का समय 500 ई.पू. से 200 ई.पू. के मध्य माना जाता है।**
**4. यह राजस्थान का एक प्रमुख लौह-युगीन सभ्यता स्थल है।**
**कूट (Options):**
(a) केवल 1 और 2 सही हैं।
(b) केवल 1, 2 और 3 सही हैं।
(c) केवल 2, 3 और 4 सही हैं।
(d) उपर्युक्त सभी कथन सही हैं।

**19. बागोर उद्योग की विशेषता शिल्प कौशल के उच्च मानकों से है, जिसकी तुलना भारत के किस स्थान के प्रारूप विज्ञान और प्रौद्योगिकी से की जा सकती है?**
(a) गौरी गुंडम (तेलंगाना आ.प्र.)
(b) मोरहाना पहाड़ (उ.प्र.)
(c) पचमढ़ी (म.प्र.)
(d) बीरभानपुर (प.बं.)

**20. लूनी घाटी डीडवाना, बूढ़ा पुष्कर के आसपास स्थित एक महत्त्वपूर्ण स्थल है। यह निम्नलिखित में से किस युग से संबंधित है?**
(a) ऊपरी पुरापाषाण युग
(b) उत्तर पुरापाषाण युग
(c) मध्य पुरापाषाण युग
(d) इनमें से कोई नहीं

**21. सूची-I (सभ्यता) को सूची-II (स्थान/जिला) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I (सभ्यता) | सूची-II (स्थान/जिला) |
|---|---|
| (A) अहेड़ा सभ्यता | (i) बाराँ |
| (B) रेलावन सभ्यता | (ii) केकड़ी |
| (C) जूना खेड़ा | (iii) चित्तौड़गढ़ |
| (D) खोर सभ्यता | (iv) पाली |

**कूट (Codes):**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (b) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (c) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (d) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**22. गणेश्वर सभ्यता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. यह सभ्यता नीमकाथाना (सीकर) में कांतली नदी के किनारे स्थित एक महत्त्वपूर्ण ताम्रयुगीन स्थल है।**

**2. यहाँ से प्राप्त ताँबे के उपकरणों में ताँबे की शुद्धता लगभग 50 प्रतिशत तक पाई गई है।**

**3. उत्खनन के दौरान यहाँ से 'मछली पकड़ने का कांटा' प्राप्त हुआ है, जो यहाँ के निवासियों के खान-पान और व्यवसाय को दर्शाता है।**

**4. गणेश्वर के लोग ताँबा मुख्यतः खेतड़ी और खो-दरीबा की खानों से प्राप्त करते थे तथा यहाँ से सिंधु सभ्यता को ताँबे की आपूर्ति की जाती थी।**

**उपरोक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**23. "अशुलियन औज़ार" शब्द मुख्यतः किस काल खंड के औज़ारों के लिए प्रयुक्त हुआ है?**

(a) निम्न पुरापाषाण काल (b) मध्य पुरापाषाण काल
(c) उत्तर पुरापाषाण काल (d) मध्यपाषाण काल

**24. निम्नलिखित प्रश्न में दो वक्तव्य दिए गए हैं, जिनमें से एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

**कथन (A): आहड़ सभ्यता को प्राचीन काल में 'ताम्रवती नगरी' के नाम से जाना जाता था।**

**कारण (R): आहड़ के उत्खनन स्थल से बड़ी संख्या में ताँबे के औजार, उपकरण एवं गलाने की भट्टियाँ प्राप्त हुई हैं।**

**कूट (Codes):**

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

**25. राजस्थान के ताम्रयुगीन सभ्यता स्थलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**1. कुराड़ा (डीडवाना-कुचामन) से ईरान के समान एक नालीदार प्याला प्राप्त हुआ है।**

**2. मलाह (भरतपुर) सभ्यता स्थल घना पक्षी अभयारण्य में स्थित है, जहाँ से ताँबे की तलवारें और हार्पून मिले हैं।**

**3. किराड़ोत (जयपुर) से ताम्रकालीन चूड़ियों के दो सेट प्राप्त हुए हैं, जिनमें कुल 56 चूड़ियाँ मिली हैं।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3 सभी

**26. राजस्थान की प्राचीन सभ्यताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. सानू गाँव सभ्यता और ओला सभ्यता दोनों का संबंध जैसलमेर जिले से है।**

**2. ओला से एक लाख वर्ष पुरानी पाषाणकालीन कुल्हाड़ी प्राप्त हुई है, जबकि सानू गाँव से चूहे के दाँत के अवशेष मिले हैं।**

**3. चन्द्रावती सभ्यता (सिरोही) से गरुड़ासन पर विराजित भगवान विष्णु की प्रतिमा और 11वीं-12वीं सदी के मंदिरों के अवशेष मिले हैं।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1 और 2

**27. राजस्थान के ऐतिहासिक स्थलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**I. गुरारा (सीकर) से चांदी के 2744 पंचमार्क सिक्के प्राप्त हुए हैं।**

**II. जहाजपुर (शाहपुरा) से महाभारतकालीन अवशेषों के प्रमाण मिले हैं।**

**III. मुगलकाल में भरतपुर का बयाना क्षेत्र सर्वाधिक नील उत्पादन के लिए प्रसिद्ध था।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल I और II (b) केवल II और III
(c) केवल I और III (d) I, II और III सभी

**28. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) अंकित किया गया है–**

**कथन (A): हनुमानगढ़ के पल्लू क्षेत्र से प्राप्त सरस्वती माता की प्रतिमा अपनी अद्भुत शिल्पकला और अद्वितीय संरचना के लिए प्रसिद्ध है।**

**कारण (R): यह प्रतिमा काले ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित है और इस पर मौर्यकालीन लिपि में लेख अंकित हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के आलोक में सही विकल्प का चयन कीजिए–**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**29. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए–**

| सूची-I (पुरातात्विक स्थल) | सूची-II (जिला) |
|---|---|
| **(A) पिण्ड पाडलिया** | **(i) जालोर** |
| **(B) एलाना** | **(ii) सवाईमाधोपुर** |
| **(C) कोल महोली** | **(iii) चित्तौड़गढ़** |
| **(D) साबानिया** | **(iv) बीकानेर** |

**कूट (Code):**

(a) A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)
(b) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
(c) A-(iii), B-(i), C-(iv), D-(ii)
(d) A-(i), B-(iii), C-(ii), D-(iv)

**30. बिन्जोर सभ्यता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**कथन (I): यह सभ्यता स्थल अनूपगढ़ में घग्घर नदी के किनारे स्थित है, जहाँ से हड़प्पा संस्कृति के अवशेष प्राप्त हुए हैं।**

**कथन (II): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI), दिल्ली के दल द्वारा वर्ष 2015 में यहाँ उत्खनन (खुदाई) का कार्य किया गया था।**

**उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल कथन I सत्य है।
(b) केवल कथन II सत्य है।
(c) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(d) न तो कथन I और न ही कथन II सत्य है।

**31. कर्णपुरा सभ्यता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन (1): यह सभ्यता हनुमानगढ़ जिले में स्थित है, जहाँ वर्ष 2012 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा खुदाई की गई थी।**
**कथन (2): इस सभ्यता का समय 2800 ई. पूर्व से 2500 ई. पूर्व के मध्य का माना जाता है।**
**कथन (3): यहाँ की खुदाई में पक्की ईंटों के घर तथा लोहे से निर्मित दर्पण और तीर की नोक प्राप्त हुई है।**
**उपरोक्त में से कौन सा/से कथन असत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) 1 और 2 दोनों

**32. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) नाम दिया गया है–**
**कथन (A): राजस्थान में पाषाण युग (Stone Age) की समाप्ति के बाद धातु युग के दौरान सर्वप्रथम ताँबे का प्रयोग प्रारंभ हुआ।**
**कारण (R): मानव सभ्यता के विकास क्रम में मिश्रित धातु 'काँसे' और 'लोहे' का प्रयोग ताँबे के प्रयोग के बाद की अवस्थाएँ हैं।**
**कूट (Code):**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**33. राजस्थान के पुरातात्विक स्थलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन (1): डीडवाना के सिंघी तालाब और जायल क्षेत्र से पुरापाषाणकालीन हस्तनिर्मित कुल्हाड़ियाँ (Hand-axes) प्राप्त हुई हैं।**
**कथन (2): सोहनपुरा (नीमकाथाना) स्थल की खोज 1994 में मुरारी लाल शर्मा द्वारा की गई थी, जहाँ से चित्रित शैलाश्रय मिले हैं।**
**कथन (3): हरसौरा (अलवर) एक मध्यपाषाणकालीन स्थल है, जहाँ से रेखाचित्र बना हुआ चर्ट पत्थर प्राप्त हुआ है।**
**कथन (4): चन्द्रावती (झालावाड़) से भी प्राचीन चित्रित शैलाश्रयों के प्रमाण मिलते हैं।**
**उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**34. राजस्थान के प्रागैतिहासिक स्थलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन (1): सोजत और धनेरी (पाली) मुख्य रूप से लघुपाषाणकालीन (Microlithic) सभ्यता के स्थल हैं।**
**कथन (2): अजमेर में स्थित 'बूढ़ा पुष्कर' और 'होकरा' को पुरापाषाणकालीन (Paleolithic) सभ्यता स्थल माना जाता है।**
**कथन (3): 'झर' (जयपुर) से श्रीमती आलचिन को 'पुरापाषाण काल' के अवशेष के रूप में 'माइक्रोलिथ' प्राप्त हुए हैं।**
**कथन (4): जोधपुर के भीमभड़क (कायलाना के निकट) से लगभग 8 हजार वर्ष पुराने शैलचित्र और चर्ट व अगेट से बने औजार मिले हैं।**
**उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [b]**
**व्याख्या:-**
**रंगमहल (हनुमानगढ़)**
**पुरातात्विक साक्ष्य–**
➢ रंगमहल का उत्खनन स्वीडिश पुरातत्त्वविद श्रीमती हन्नारिड के नेतृत्व में 1952–54 ई. के मध्य किया गया था।
➢ यहाँ से **कुषाणकालीन तथा उससे पहले की 105 ताँबे की मुद्राएँ** प्राप्त हुई है जिनमें कुछ पंचमार्क मुद्राएँ भी है।
➢ इसे **कुषाणकालीन सभ्यता के समान** माना जाता है।
➢ लाल रंग के पात्रों पर काले रंग के डिजाइन के कारण इसे रंग महल नाम मिला।
➢ **रंगमहल** के तीन बार बसने एवं उजड़ने के प्रमाण मिले हैं।
➢ यहां से गुप्त कालीन ब्राह्मी लिपि में बनी यशोदा कृति मिली है।

**2. [b]**
**व्याख्या:-**
**ओजियाना (बदनोर, ब्यावर)**
➢ **स्थिति–** बदनोर (ब्यावर) के पास खारी नदी के तट पर एक पहाड़ी पर स्थित एक आहड़ सभ्यता का प्रसिद्ध केंद्र।
➢ **उत्खनन – बी. आर. मीणा तथा आलोक त्रिपाठी** द्वारा (2000–2001 में)
➢ यहाँ से तांबे की चूड़ियाँ, अंगूठी व मांदलिया प्राप्त हुआ है।
➢ यहाँ से **बैल (वृषभ) तथा गाय की मृण्मय मूर्तियां** प्राप्त हुई है। जिन पर सफेद रंग से डिजाइन किया गया है।

**3. [d]**
**व्याख्या:-**
**बागौर सभ्यता –**
➢ **स्थिति –** कोठारी नदी के किनारे, भीलवाड़ा।
➢ **उत्खननकर्ता –** डॉ. वी.एन.मिश्र तथा डॉ. एल.एस. लेश्निक द्वारा (1967-70 ई.)।
➢ **उत्खनित स्थल –** महासतियों का टीला।
➢ **उत्खनन के स्तर –** 3 (मध्यपाषाण काल, ताम्रपाषाण काल व लौहकाल)।

**अन्य नाम -**
(1) आदिम संस्कृति का संग्रहालय
(2) प्राचीन सभ्यताओं का पालना
(3) लघुपाषण उपकरणों का घर
(4) मध्य पाषाणकालीन सभ्यता स्थल

**उत्खनन से प्राप्त साक्ष्य/पुरावशेष -**
(1) भारत में पशुपालन के पाचीनतम साक्ष्य।
(2) 14 प्रकार की कृषि के साक्ष्य।
(3) पशुओं के कंकाल व कसाई खाने के साक्ष्य।
(4) एक कंकाल के गले में पत्थर व हड्डियों का हार।
(5) 5 ताम्र उपकरण, 7 लौह उपकरण व एक 10.5 सेमी. छेद वाली तांबे की सूई।
(6) मध्य पाषाणकालीन लघु उपकरण (माइक्रोलिथ)।
(7) पत्थर व ईंटों से निर्मित घर तथा चाक पर निर्मित मृदभाण्ड।

**4. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ बालाथल सभ्यता के उत्खनन से प्राप्त मृदभाण्डों, ताँबे के औजारों और मकानों पर सिन्धु घाटी सभ्यता का प्रभाव दिखाई देता है।
➢ इससे स्पष्ट होता है कि बालाथल का सिन्धुवासियों अर्थात् हड़प्पा सभ्यता के लोगों के साथ सम्पर्क था।
➢ यहां से एक 4000 वर्ष पुराना नर कंकाल प्राप्त हुआ है। जिसे भारत में कुष्ठ रोग का प्राचीनतम प्रमाण माना जाता है।

**5. [c]**

**व्याख्या:-**

**बालाथल (प्रागैतिहासिक ताम्रपाषाणिक स्थल) -**

➢ **स्थिति -** बेड़च नदी के किनारे (वल्लभनगर, उदयपुर)
➢ **उत्खनन -** प्रो.वी.एन.मिश्र द्वारा (1993 ई.) में।

**उत्खनन से प्राप्त पुरातात्विक अवशेष -**

(1) लोहा गलाने की 5 भट्टियाँ। (2) लौहयुगीन नलकूप।
(3) दुर्गीकरण के साक्ष्य। (4) 11 कमरों वाला विशाल भवन।
(5) मिट्टी से निर्मित सांड की आकृतियाँ। (6) अपरिष्कृत मृदभाण्ड।

**गिलुण्ड सभ्यता**

➢ **स्थिति-** बनास नदी के किनारे (राजसमंद)।
➢ **सर्वप्रथम उत्खनन -** श्री बी.बी. लाल द्वारा (1957-58 ई.) में।
➢ **अन्य उत्खननकर्ता -** प्रो. वी.एस.शिन्दे व प्रो. गेगरी पोशल (1998-2003 ई.)।
➢ **समयकाल -** 1900 ई. पू. से 1700 ई.पू.।
➢ **उपनाम -** नवपाषाणिक संस्कृति व ताम्रप्रस्तर युगीन सभ्यता।

**6. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ बैराठ से मौर्यकालीन स्तूप, चैत्य, विहार व मंदिर के अवशेष प्राप्त हुए है।
➢ यहां से चित्रित शैलाश्रय, भीमताल व कीचक महल के साक्ष्य भी प्राप्त हुए हैं।

**7. [a]**

**व्याख्या:-**

**बैराठ सभ्यता (कोटपूतली-बहरोड़)–**

➢ प्राचीन नाम: विराट नगर (मत्स्य जनपद की राजधानी)।
➢ वर्तमान स्थान: कोटपुतली-बहरोड़ (राजस्थान)।
➢ कालक्रम: 600 ई. पूर्व से 322 ई. पूर्व तक।
➢ नदी: यह सभ्यता बाणगंगा नदी के किनारे स्थित है।

**प्रमुख पहाड़ियाँ (डूँगरी)–**

➢ बीजक पहाड़ी, गणेश डूँगरी, भीम डूँगरी और महादेव डूँगरी।

**पुरातात्विक खोज एवं शिलालेख–**

➢ प्रारम्भिक खोज: कैप्टन बर्ट द्वारा।
➢ भाब्रू शिलालेख (1837 ई.): कैप्टन बर्ट को बीजक की पहाड़ी से अशोक कालीन शिलालेख मिला।
➢ लिपि व भाषा: ब्राह्मी लिपि और प्राकृत भाषा।
➢ महत्व: यह अशोक के बौद्ध धर्म अनुयायी होने का सबसे ठोस प्रमाण है। इसमें 'बुद्ध, धम्म, संघ' शब्द अंकित हैं और अशोक को 'मगध का राजा' बताया गया है।
➢ वर्तमान स्थिति: 1840 से कोलकाता संग्रहालय (रॉयल एशियाटिक सोसायटी बंगाल) में सुरक्षित।
➢ कार्लाइल का सर्वेक्षण (1871 ई.): इन्हें भीम की डूँगरी से एक और शिलालेख प्राप्त हुआ।

**अन्य महत्वपूर्ण अवशेष–**

➢ यहाँ से मौर्यकालीन गोल मंदिर, बौद्ध मठ, बौद्ध विहार और बौद्ध चैत्य के अवशेष मिले हैं।
➢ शिलालेख में गौहत्या पर प्रतिबंध का भी उल्लेख मिलता है।

**8. [a]**

**व्याख्या:-**

**आहड़ से प्राप्त पुरातात्विक साक्ष्य -**

1. लहंगा पहने नारी की खण्डित मूर्ति।
2. रंगाई-छपाई में प्रयुक्त ठप्पें।
3. अनाज पीसने की चक्की।
4. दो मुँह वाला चूल्हा, सिलबट्टा व पेन।
5. माप-तौल के बांट।
6. गेहूँ, जौ, ज्वार, बाजरा व चावल की फसलों के साक्ष्य।
7. शरीर से मेल छुड़ाने के झावे।
8. कच्ची ईंटों से निर्मित घर।
9. इस सभ्यता के लोग घरों का गंदा पानी बाहर निकालने के लिए चक्रकूप पद्धति का प्रयोग करते थे।
10. आवसीय भवनों की नीव पत्थर से बनी होती थी।
11. नीव व दीवारों को मजबूत तथा सौन्दर्ययुक्त बनाने हेतु मिट्टी में क्वार्ट्ज के टुकड़े एवं चिप्स के सम्मिश्रण का प्रयोग करते थे।
12. यहां एक घर से 6 चूल्हे प्राप्त हुए हैं। जिससे संयुक्त परिवार प्रथा व सामूहिक भोजन व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

**9. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ दयाराम साहनी, कैलाशनाथ दीक्षित व नीलरत्न बनर्जी बैराठ सभ्यता के उत्खनन से संबंधित है।
➢ बैराठ से **सूती कपडे** का टुकड़ा प्राप्त हुआ है जिसमें **36 मुद्राएं** बंधी हुई प्राप्त हुई है।
➢ बैराठ में बीजक की पहाड़ी पर एक अशोक कालीन **वृत्ताकार मन्दिर** के साक्ष्य मिले हैं, दयाराम साहनी ने अपनी रिपोर्ट में जिसका उल्लेख किया था।

**10. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ बैराठ सभ्यता के लोग वस्त्र बुनाई की तकनीक से परिचित थे।
➢ यहां से एक सूती कपड़े के टुकड़े में बंधी हुई 36 मुद्राएं प्राप्त हुई है। इनमें से 8 चांदी के पंचमार्क (आहत) सिक्कें व 28 सिक्कें इंडो-ग्रीक शासकों के थे।
➢ 28 में से 16 सिक्कें प्रसिद्ध हिंद-यूनानी शासक मिनेण्डर के थे।
➢ ध्यातव्य रहे कि बालाथल सभ्यता से भी एक सूती कपड़े का टुकड़ा प्राप्त हुआ है।

**11. [a]**

**व्याख्या:-**

➢ कालीबंगा सभ्यता से दुर्गीकरण, प्राचीर युक्त किलेबंदी व द्वारपाल कक्ष के साक्ष्य प्राप्त हुए है।

**कालीबंगा शहर दो भागों या टीलों में विभाजित था-**

(1) पश्चिमी भाग (2) पूर्वी भाग

➢ पश्चिमी टीला ऊंचाई पर स्थित था जहां पर संभवत: पुरोहित वर्ग का निवास रहा होगा।
➢ **पूर्वी भाग अपेक्षाकृत कम ऊँचाई** पर था, जिसे **नगर** कहा जाता था। यहां पर सामान्य जनता निवास करती थी।
➢ दोनों भाग अलग–अलग सुरक्षा प्राचीरों से घिरे हुए थे।
➢ कालीबंगा एक नगरीय सभ्यता थी। यहाँ धूप में सुखाई गई कच्ची ईंटों से निर्मित घर व चबूतरे तथा अलंकृत ईंटों से निर्मित फर्श के अवशेष प्राप्त हुए हैं।
➢ विश्व में सर्वप्रथम कालीबंगा सभ्यता से जूते हुए खेत के साक्ष्य (दक्षिणी-पूर्वी दिशा) प्राप्त हुए हैं।
➢ यहां से एक साथ दो फसलें बौने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

**12. [a]**

**व्याख्या:-**

सही सुमेलन इस प्रकार है –

| | |
|---|---|
| खुरड़ी व कुराड़ा | परबतसर (डीडवाना) |
| अहेड़ा, बूढ़ा पुष्कर व होकरा | अजमेर |
| कुण्डा व ओला तथा रातड़िया री डेरी | जैसलमेर |
| चक-84, चक-64, बरोर, बिनजौर, तरखानवाला डेरा व अनूपगढ़ | श्रीगंगानगर |
| आलनियाँ व दर्रा | कोटा |
| बागौर, मंडपिया, लाछुरा व जहाजपुर | भीलवाड़ा |

**13. [c]**

**व्याख्या:-**

**राजस्थान में स्थित मध्यपाषाण कालीन स्थल –**

| **काल** | **स्थल** |
|---|---|
| **मध्यपाषाण काल** | बागौर व मंडपिया (भीलवाड़ा), सोजत व धनेरी (पाली), तिलवाड़ा (बालोतरा), निम्बाहेड़ा (चित्तौड़), बैराठ (कोटपूतली-बहरोड़), हरसौरा (अलवर), सोहनपुरा (सीकर) आदि। |

**14. [a]**

**व्याख्या:-**

**लाछूरा (भीलवाड़ा)**

➢ यह पुरातात्त्विक स्थल **भीलवाड़ा** जिले की आसींद तहसील में स्थित है।
➢ यहाँ पर उत्खनन कार्य **वर्ष 1998–1999 में बी. आर. मीणा** के निर्देशन में एस.सी. सरन, कंवर सिंह व बी.आर.सिंह द्वारा किया गया।
➢ यहाँ से **शुंगकालीन तीखे किनारे** वाले प्याले प्राप्त हुए हैं।
➢ यहां से ललितासन में नारी की मृणमूर्ति तथा लौहे का चाकू व तांबे की चूड़ियां प्राप्त हुई है।
➢ यहां से प्राप्त मिट्टी की मुहर पर ब्राह्मी लिपि के 4 अक्षर अंकित है।

**15. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ बैराठ से न केवल महाभारत और बौद्ध काल के, बल्कि मौर्यकाल, गुप्तकाल और मुगलकाल के अवशेष भी प्रचुर मात्रा में प्राप्त हुए हैं। यहाँ मुगल काल का हथियारों का कारखाना भी मौजूद था।

**16. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ 7वीं सदी में **चीनी यात्री ह्वेनसांग** ने बैराठ की यात्रा की तथा अपने यात्रा वृतांत सी-यू-की में इसका उल्लेख किया है।
➢ ह्वेनसांग के अनुसार यहाँ पर **8 बौद्ध मठ** थे जिन्हें हूण आक्रान्ता मिहिरकुल ने तुड़वा दिया था।
➢ ह्वेनसांग ने बैराठ को पी-लो-यो-तो-लो कहा तथा यहां के बैल व भेड़े प्रसिद्ध बताई।

**17. [c]**

**व्याख्या:-**

कालीबंगा सभ्यता एक ग्रामीण सभ्यता नहीं, बल्कि एक नगरीय (शहरी) सभ्यता थी। यह सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख नगरों में से एक था, जो अपनी सुनियोजित नगर व्यवस्था और जल निकासी प्रणाली के लिए जाना जाता है।

**18. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ यह एक **मध्य पाषाणकालीन स्थल** है जहाँ से 500 ई.पू. से 200 ई.पू. तक विकसित सभ्यताओं के अवशेष मिले हैं।
➢ यहाँ एक अग्निकुण्ड मिला है जिसमें मानव अस्थि भस्म तथा मृत पशुओं के अवशेष मिले हैं।
➢ यहां से पाषाणकालीन लघु उपकरण प्राप्त हुए है।

**19. [b]**

**व्याख्या:-**

➢ वी.एन. मिश्र ने बागौर की तुलना मोरहाना पहाड़ (उत्तरप्रदेश) से की है।

**20. [c]**

**व्याख्या:-**

➢ मानव सभ्यता के उद्भव के काल को **पाषाण काल कहा** जाता है, जिसे **तीन भागों में विभाजित** किया गया है–

**(I) पूर्व पाषाण काल (Palaeolithic Age)**

➢ **1870 ई. में सी.ए. हैकेट** ने **जयपुर और इन्द्रगढ़ (बूंदी)** से पत्थर से बनी पूर्व पाषाणकालीन **हस्त कुठार (Hand–axe)** खोज निकाली थी।
➢ कार्लाइल ने दौसा क्षेत्र से कठोर पाषाण उपकरण, मानव अस्थियों व **महापाषाण कब्रों** को खोजा था।
➢ **सेटनकार ने 1908 ई. में झालावाड़** से इसी युग के अनेक उपकरण खोज निकाले।
➢ जालोर से इस युग के उपकरणों की खोज का श्रेय **बी. आल्चिन** को जाता है।
➢ **राजस्थान के प्रमुख पुरापाषाणकालीन स्थल निम्नलिखत है-**
➢ डीडवाना (सबसे प्राचीन स्थल), जायल (नागौर), भानगढ़ (अलवर), बूढ़ा पुष्कर व होकरा (अजमेर) बैराठ (कोटपूतली-बहरोड़) तथा इंद्रगढ़ (बूंदी) आदि है।

**(II) मध्य पाषाण काल (Mesolithic Age)**

➢ राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र में लूनी और उसकी सहायक नदियों, चित्तौड़ की बेड़च नदी घाटी और विराटनगर से मिले मध्य पाषाणकालीन उपकरण इस बात के प्रमाण हैं कि मानव ने उन क्षेत्रों में निवास किया था। इस समय के उपकरण छोटे, हल्के और अच्छी तरह से निर्मित होते थे।
➢ इन उपकरणों का निर्माण **जेस्पर**, **एगेट**, **चर्ट**, **कार्नेलियन**, **क्वार्टजाइट और कल्सेडोनी** जैसे पाषाणों से किया गया था। इन उपकरणों में विशेष रूप से **ब्लेड**, **इग्रेवर**, **ट्रायएंगल**, **क्रेसेन्ट**, **ट्रेपेज**, **स्क्रेपर**, **और प्वाइंटर** आदि उल्लेखनीय हैं।
➢ इन उपकरणों को **माइक्रोलिथ (लघु पाषाण उपकरण)** के नाम से भी जाना जाता है।
➢ राजस्थान के प्रमुख मध्य पाषाणकालीन सभ्यता स्थल निम्नलिखित है-
➢ बागौर व मंडपिया (भीलवाड़ा), सोजत व धनेरी (पाली), तिलवाड़ा (बालोतरा), बैराठ (कोटपूतली-बहरोड़), हरसौरा (अलवर), सोहनपुरा (सीकर), बूढ़ा पुष्कर (अजमेर) आदि।

**(III) उत्तर (नव) पाषाण काल (Neolithic Age)**

➢ राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों अजमेर, नागौर, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, उदयपुर, चित्तौड़, और जोधपुर से उत्तर पाषाणकालीन सभ्यता के कई उपकरण मिले हैं।
➢ उत्तर पाषाण काल में मानव ने **कृषि**, **पशुपालन और स्थायी निवास** की ओर बढ़ना शुरू किया।
➢ इस काल के उपकरणों में पत्थर की छड़ें, चाकू और अन्य औजार शामिल हैं, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं को सरल बनाने में सहायक थे।

**21. [a]**

**व्याख्या:-**

सही मिलान इस प्रकार है:
अहेड़ा सभ्यता: यह राजस्थान के केकड़ी में स्थित है।
रेलावन सभ्यता: यह बाराँ जिले में स्थित है।
जूना खेड़ा: यह पुरातात्विक स्थल पाली जिले में स्थित है।
खोर सभ्यता: यह चित्तौड़गढ़ जिले से संबंधित है।

**22. [c]**

**व्याख्या:-**

- ➢ गणेश्वर सभ्यता **नीमकाथाना क्षेत्र (सीकर) में कांतली नदी के किनारे** स्थित ताम्रयुगीन संस्कृति का महत्त्वपूर्ण स्थल है।
- ➢ यहां से प्राप्त उपकरणों में तांबे की मात्रा 99 प्रतिशत है।
- ➢ यहां से मछली पकड़ने का कांटा मिला है।
- ➢ गणेश्वर सभ्यता के लोग ताँबा संभवत: **खेतड़ी व खो–दरीबा** से प्राप्त करते थे।
- ➢ गणेश्वर से सिंधु सभ्यता में तांबे की आपूर्ति की जाती थी।

**23. [a]**

**व्याख्या:-**

- ➢ **"अशुलियन औज़ार"** शब्द मुख्यत: निम्न पुरापाषाण काल खंड के औज़ारों के लिए प्रयुक्त हुआ है।
- ➢ मध्यपाषाण युगीन औजारों को माइक्रोलिथ कहा जाता है।

**24. [b]**

**व्याख्या:-**

- ➢ आहड़ को ताम्रवती नाम से भी जाना जाता था क्योंकि यहां से बड़ी संख्या में ताँबे के औजार व उपकरण प्राप्त हुए हैं।
- ➢ आहड़ के उत्खनित स्थल को **'महासतिया'** कहा जाता है।
- ➢ गिलूण्ड (राजसमन्द) से भी आहड़ के समान धर्म संस्कृति मिली है।
- ➢ आहड़वासी धातुकर्मी होने के साथ-साथ **कृषि (चावल की खेती) एवं पशुपालन (कुत्ता, हाथी आदि)** से भी परिचित थे।

**25. [d]**

**व्याख्या:-**

**कुराड़ा (डीडवाना-कूचामन)**

- ➢ यह **ताम्रयुगीन सभ्यता स्थल** है।
- ➢ पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा 1934 ई. में यहां पर उत्खनन किया गया था।
- ➢ यहां से एक नालीदार प्याले (ईरान के जैसा) सहित 103 उपकरण प्राप्त हुए हैं।
- ➢ कुराड़ा को **'औजारों की नगरी'** भी कहा जाता है।

**मलाह (भरतपुर)**

- ➢ यह स्थल भरतपुर जिले के **घना पक्षी अभयारण्य** में स्थित है।
- ➢ इस स्थल से अधिक संख्या में ताँबे की तलवारें एवं हार्पून प्राप्त हुए हैं।

**किराड़ोत (जयपुर)**

- ➢ इस सभ्यता स्थल से **ताम्रयुगीन 56 चूड़ियाँ** प्राप्त हुई है। इसमें अलग–अलग आकार की 28 चूड़ियों के 2 सेट प्राप्त हुए हैं।

**26. [a]**

**व्याख्या:**

- ➢ सानू गाँव, ओला और लोद्रवा—ये तीनों जैसलमेर जिले में स्थित हैं। ओला अपनी प्राचीन कुल्हाड़ी के लिए प्रसिद्ध है और सानू गाँव चूहे के दांत के अवशेषों के लिए जाना जाता है।
- ➢ यह स्थान आबू के परमारों की राजधानी रहा है। यहाँ से प्राप्त गरुड़ासन विष्णु प्रतिमा ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। कर्नल जेम्स टॉड ने भी अपनी पुस्तक में इस स्थान का उल्लेख किया है।

**27. [d]**

**व्याख्या:**

- ➢ गुरारा (सीकर): यहाँ से पुरातत्वविदों को 2744 चांदी के पंचमार्क सिक्के मिले हैं, जो इस स्थान की प्राचीन आर्थिक महत्ता को दर्शाते हैं।
- ➢ जहाजपुर (भीलवाड़ा): यह स्थान महाभारतकालीन अवशेषों के लिए जाना जाता है, जिससे इसकी ऐतिहासिक प्राचीनता सिद्ध होती है।
- ➢ बयाना (भरतपुर): यहाँ से न केवल गुप्तकालीन सिक्कों का भंडार मिला है, बल्कि मुगलकाल के दौरान यह क्षेत्र पूरे राजपूताना में नील (Indigo) के सर्वाधिक उत्पादन के लिए प्रसिद्ध था।

**28. [c]**

**व्याख्या:**

- ➢ पल्लू (हनुमानगढ़) से 10-11वीं शताब्दी की जैन सरस्वती की प्रतिमा प्राप्त हुई है। यह प्रतिमा अपने उत्कृष्ट शिल्प और कलात्मक संरचना के कारण विश्वभर में अद्वितीय मानी जाती है।
- ➢ यह प्रतिमा 'सफेद संगमरमर' (White Marble) से बनी है, न कि काले ग्रेनाइट से। साथ ही, मौर्यकालीन लिपि का उल्लेख यहाँ नहीं है (गुप्तकालीन लिपि का उल्लेख ढलिया से प्राप्त मोहर के संदर्भ में है)।

**29. [a]**

- ➢ सही सुमेलन इस प्रकार हैं –
- ➢ पिण्ड पाडलिया – चित्तौड़गढ़ ➢ एलाना – जालौर
- ➢ कोल महोली – सवाईमाधोपुर ➢ साबनिया – बीकानेर

**30. [c]**

**व्याख्या:**

- ➢ बिन्जोर सभ्यता अनूपगढ़ में घग्घर नदी के तट पर स्थित है।
- ➢ यहाँ से हड़प्पा कालीन साक्ष्य मिले हैं।
- ➢ वर्ष 2015 में दिल्ली की ASI टीम ने यहाँ खुदाई की थी, जहाँ से एक कंकाल भी मिला है।

**31. [c]**

**व्याख्या:**

**कर्णपुरा सभ्यता –**

- ➢ यह हनुमानगढ़ में है और 2012 में खुदाई हुई थी।
- ➢ इसका समय 2800-2500 ई. पूर्व ही है।
- ➢ यहाँ 'कच्ची ईंटों' के घर मिले हैं (पक्की नहीं) और दर्पण व अन्य औजार 'ताँबे' (Copper) के मिले हैं, लोहे के नहीं।

**32. [a]**

**व्याख्या:**

- ➢ पाषाण युग के खत्म होते ही मानव ने सबसे पहले ताँबे का उपयोग करना सीखा। इसीलिए राजस्थान की प्राचीन सभ्यताओं में 'ताम्रयुगीन' सभ्यताएँ (जैसे गणेश्वर, आहड़) सबसे पुरानी मानी जाती हैं।
- ➢ ताँबा एक शुद्ध धातु थी जिसे प्राप्त करना आसान था। इसके बाद मनुष्य ने ताँबे में टिन मिलाकर काँसा (मिश्रित धातु) बनाना सीखा और तकनीकी विकास के सबसे अंतिम चरण में लोहे का प्रयोग शुरू हुआ।

**33. [a]**

**व्याख्या:**

- ➢ डीडवाना के सिंघी तालाब, जायल, कोलिया आदि क्षेत्रों से पुरापाषाण काल की कुल्हाड़ियाँ मिली हैं।
- ➢ सोहनपुरा की खोज मुरारी लाल शर्मा ने की थी और यहाँ से चित्रित शैलाश्रय (Rock Shelters) मिले हैं।
- ➢ रेखाचित्र वाला चर्ट पत्थर और मध्यपाषाणकालीन होने की विशेषता चन्द्रावती (झालावाड़) की है, न कि हरसौरा की।
- ➢ चित्रित शैलाश्रय हरसौरा (अलवर) से मिले हैं, जबकि चन्द्रावती अपनी विशिष्ट पत्थर कला (चर्ट पत्थर) के लिए जाना जाता है।

**34. [b]**

**व्याख्या:**

- ➢ सोजत और धनेरी वास्तव में लघुपाषाणकालीन स्थल हैं।
- ➢ बूढ़ा पुष्कर और होकरा अजमेर के प्रसिद्ध पुरापाषाणकालीन स्थल हैं।
- ➢ श्रीमती आलचिन को 'झर' से "उत्तर पाषाणकाल" (Late Stone Age) के अवशेष मिले हैं, न कि "पुरापाषाण काल" (Paleolithic) के।
- ➢ भीमभड़क में प्राचीन गुफा, शैलचित्र और चर्ट/अगेट के ब्लेड व बाणों के नुकीले भाग मिले हैं।

♦♦♦♦

# राजस्थान की कला एवं संस्कृति

## लोक देवता

1. **लोकदेवता बाबा रामदेव जी से संबंधित शब्दावली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**i. रामदेव जी की पचरंगी या सफेद रंग की ध्वजा को 'नेजा' कहा जाता है।**
**ii. इनके मेघवाल जाति के भक्तों को 'रिखिया' कहा जाता है।**
**iii. इनके भक्तों द्वारा गाए जाने वाले भजनों को 'ब्यावले' और रात्रि जागरण को 'जम्मा' कहते हैं।**
**iv. रामदेव जी की सौगंध को 'परचा' कहा जाता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल i और ii (b) केवल i, ii और iii
(c) केवल ii, iii और iv (d) i, ii, iii और iv

2. **सुमेलित कीजिए:**

| **रचना** | **रचनाकार** |
|---|---|
| **A. पाबूजी के छन्द** | **i. आसिया मोडजी** |
| **B. पाबूजी के गीत** | **ii. रामनाथ** |
| **C. पाबूजी के सोरठे** | **iii. मेहा चारण (बिठु)** |
| **D. पाबू प्रकाश** | **iv. बांकीदास** |

(a) A-iii, B-ii, C-iv, D-i (b) A-iv, B-ii, C-iii, D-i
(c) A-ii, B-iii, C-iv, D-i (d) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

3. **लोकदेवता हड़बूजी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**i. इनका जन्म भुंडेल (नागौर) में हुआ था और ये शकुन शास्त्र के ज्ञाता माने जाते हैं।**
**ii. हड़बूजी बाबा रामदेव जी के मौसेरे भाई थे और इनके गुरु का नाम बालीनाथ था।**
**iii. इनका प्रमुख पूजा स्थल बेंगटी (फलोदी) है, जहाँ इनकी गाड़ी की पूजा की जाती है।**
**iv. राव जोधा ने इन्हें बेंगटी की जागीर भेंट की थी और इनका वाहन 'सियार' है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल i और ii (b) केवल ii और iii
(c) केवल i, iii और iv (d) i, ii, iii और iv

4. **लोकदेवता तेजाजी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए असत्य कूट का चयन कीजिए–**
**कथन:**
**1. तेजाजी का जन्म खरनाल में नागवंशीय जाट परिवार में हुआ था।**
**2. इन्हें 'काला और बाला के देवता' तथा 'कृषि कार्यों के उपकारक देवता' के रूप में पूजा जाता है।**
**3. तेजाजी ने लाछा गुर्जरी की गायों को मेर के मीणाओं से छुड़ाने हेतु अपने प्राणों का उत्सर्ग किया था।**
**4. इनका मुख्य मेला भाद्रपद शुक्ल दशमी को परबतसर में भरता है, जो आय की दृष्टि से राज्य का सबसे बड़ा पशु मेला है।**
**5. तेजाजी का नया मंदिर बनाने के लिए भावतां से ज्योति लाई जाती है।**
**कूट (Options):**
(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 5
(c) केवल 3 और 5 (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

5. **निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म (लोक देवता - माता) सुमेलित नहीं है?**
(a) तेजाजी – रामप्यारी (b) रामदेवजी - मैणादे
(c) पाबूजी - कमलादे (d) गोगाजी – बाछल

6. **लोकदेवता गोगाजी चौहान के बारे में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए–**
**1. गोगाजी का जन्म ददरेवा (चूरू) में हुआ था और इनके पिता जेवरजी चौहान थे।**
**2. इन्हें 'जाहर पीर' और 'चंडकोशिया का अवतार' जैसे उपनामों से पूजा जाता है।**
**3. गोगाजी की सवारी नीली घोड़ी है और इनकी पत्नी का नाम केलमदे था।**
**4. सांकल नृत्य के दौरान भक्त अपनी पीठ पर लोहे की साँकलें मारते हैं, जिसे 'छाया चढ़ाना' कहा जाता है।**
**5. किसान खेत जोतने से पहले हल और बैल को 7 गाँठों वाली 'गोगा राखड़ी' बाँधते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1, 2, 3 और 4 (b) केवल 2, 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 3, 4 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

7. **सुमेलित कीजिए-**

| **स्थानीय देवी/देवता** | **जन्म स्थान** |
|---|---|
| **A. तेजाजी** | **1. कोलू** |
| **B. गोगाजी** | **2. जोधपुर** |
| **C. तल्लीनाथ** | **3. चूरू** |
| **D. पाबूजी** | **4. नागौर** |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) A-3, B-2, C-4, D-1 (b) A-2, B-3, C-4, D-1
(c) A-4, B-3, C-2, D-1 (d) A-4, B-2, C-3, D-1

8. **निम्नलिखित युग्मों को सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| **A मेहाजी** | **1. लीलण** |
| **B हड़बू जी** | **2. लीलांगर** |
| **C देवनारायण जी** | **3. सियार** |
| **D तेजा जी** | **4. किरड़ काबरा** |

**कूट**
(a) A-1, B-2, C-3, D-4 (b) A-4, B-3, C-2, D-1
(c) A-2, B-3, C-1, D-4 (d) A-3, B-2, C-4, D-1

9. **लोक देवताओं के निम्नांकित युग्मों में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?**
**लोक देवता** **वंश**
(a) हड़बूजी - पँवार
(b) पाबूजी - राठौड़
(c) गोगाजी - चौहान
(d) रामदेवजी - तँवर

10. **गोगाजी के गोगामेड़ी (नोहर) में गोगा नवमी को लगने वाले मेले का भारतीय तिथिक्रम के अनुसार महीना और तिथि है?**
(a) भाद्रपद शुक्ल नवमी (b) भाद्रपद कृष्ण नवमी
(c) चैत्र शुक्ल नवमी (d) चैत्र नवमी

**11. लोक देवता रामदेवजी एवं कामड़िया पंथ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. कामड़िया पंथ के प्रवर्तक बाबा रामदेव जी हैं, जिनकी प्रसिद्ध रचना 'चौबीस बाणियाँ' है।**
**2. कामड़ जाति के भोपे रामदेवजी की फड़ का वाचन 'जंतर' वाद्य यंत्र के साथ करते हैं।**
**उपरोक्त में से कौन सा/से कथन असत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**12. लोक देवता पाबूजी राठौड़ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. पाबूजी का जन्म फलोदी के कोलूमण्ड गाँव में हुआ था।**
**2. मुहणौत नैणसी के अनुसार पाबूजी का जन्म जूना (बाड़मेर) के खारिया खाबड़ में हुआ था।**
**3. पाबूजी को राजस्थान में ऊँट लाने का श्रेय दिया जाता है और इन्हें 'लक्ष्मण का अवतार' माना जाता है।**
**4. पाबूजी का प्रतीक चिह्न 'भाला लिए हुए अश्वारोही' तथा 'दायीं ओर झुकी हुई पाग' (पगड़ी) है।**
**5. इनका विवाह अमरकोट के सूरजमल सोढ़ा की पुत्री फूलमदे (सुप्यार दे) के साथ हुआ था।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) केवल 2 (b) केवल 4
(c) केवल 1 और 5 (d) उपरोक्त सभी सत्य हैं

**13. पाबूजी के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**
**A. पाबूजी के पास कालमी नाम की घोड़ी थी।**
**B. पाबूजी का विवाह पूगल की भाटी राजकुमारी के साथ हुआ था।**
**C. उन्होंने देवल चारणी की गायों के रक्षार्थ बलिदान दिया था।**
**सही कूट का चयन कीजिए :**
**कूट:–**
(a) केवल A (b) B और C
(c) A और C (d) A, B और C

**14. लोकदेवता मल्लीनाथ जी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन:**
**1. इनका प्रमुख मंदिर तिलवाड़ा (बाड़मेर) में लूणी नदी के तट पर स्थित है।**
**2. मल्लीनाथ पशु मेला प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल एकादशी से चैत्र अमावस्या तक मालाजाल गाँव में आयोजित होता है।**
**उपर्युक्त में से असत्य कथन का चयन कूट (Codes) के माध्यम से कीजिए:**
**कूट (Options):**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**15. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन राजस्थान के लोक देवताओं के सम्बन्ध में सही नहीं है?**
(a) केसरिया कुँवर जी के 'थान' पर सफेद रंग का ध्वज फहराते हैं।
(b) जहरीले कीड़ों के काटने पर तल्लीनाथजी की पूजा की जाती है।
(c) पांचोटा गाँव (जालौर) में हड़बूजी का मंदिर स्थित है।
(d) भूरिया बाबा मीणा जाति के इष्टदेवता हैं।

**16. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए -**

| **लोक देवता** | **मुख्य तीर्थ स्थल** |
|---|---|
| **A. देवनारायण जी** | **1. पांचोटा, जालौर** |
| **B. तेजाजी** | **2. परबतसर, नागौर** |
| **C. तल्लीनाथ** | **3. कोलू गांव, फलौदी** |
| **D. पाबूजी** | **4. आसींद, भीलवाड़ा** |

**सही कूट चुनिए -**
(a) A-1, B-2, C-3, D-4 (b) A-4, B-1, C-2, D-3
(c) A-4, B-2, C-3, D-1 (d) A-4, B-2, C-1, D-3

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**
**1. वीर बिग्गाजी जाखड़ समाज के कुलदेवता है।**
**2. इनकी सर्वाधिक मान्यता जोधपुर में है।**
**3. इनका मेला प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को भरता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से असत्य हैं?**
(a) केवल 1 (b) 1 व 2
(c) केवल 2 (d) 1 व 3

**18. लोक देवता आलम जी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. आलम जी को 'जैतमलोठ राठौड़' के नाम से भी जाना जाता है।**
**2. इनका प्रमुख मंदिर बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना क्षेत्र में स्थित है।**
**3. आलम जी के धोरे पर प्रतिवर्ष चैत्र अमावस्या को विशाल मेला भरता है।**
**4. मालाणी प्रदेश में लूणी नदी के किनारे 'ढांगी' नामक रेतीले टीले पर इनका स्थान बना हुआ है।**
**5. आलम जी के स्थान को 'घोड़ों का तीर्थ स्थल' माना जाता है जहाँ घोड़ों की जात लगती है।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 4 (b) केवल 3
(c) केवल 2 और 5 (d) 1, 3 और 4

**19. सूची-I (शब्दावली) को सूची-II (अर्थ/विवरण) से सुमेलित कीजिए और सही कूट का चयन कीजिए–**

| **सूची-I (शब्दावली)** | **सूची-II (विवरण)** |
|---|---|
| **A. ब्यावले** | **1. लोक देवताओं की स्मृति में गले में पहना जाने वाला सोने-चांदी का सिक्का/आभूषण।** |
| **B. चिजां** | **2. रामदेवजी के भक्तों द्वारा गाए जाने वाले उनके भक्ति पद या भजन।** |
| **C. नावा (नवा)** | **3. पाबूजी की वीरता के गान जो 'माठ' वाद्ययंत्र के साथ गाए जाते हैं।** |
| **D. पवाड़े** | **4. लोक देवताओं के वे गीत जो किसी रोग के निवारण हेतु गाए जाते हैं।** |

**कूट (Code):**
(a) A-1, B-2, C-3, D-4 (b) A-2, B-4, C-1, D-3
(c) A-3, B-1, C-4, D-2 (d) A-4, B-3, C-2, D-1

**20. लोकदेवता देवनारायण जी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन:**
**1. देवनारायण जी की फड़ राजस्थान की सबसे प्राचीन व सबसे लंबी फड़ है, जिसका वाचन गुर्जर भोपों द्वारा 'रावणहत्था' वाद्य यंत्र के साथ किया जाता है।**
**2. भारतीय डाक विभाग द्वारा वर्ष 1992 में इनकी फड़ पर और वर्ष 2011 में स्वयं देवनारायण जी पर डाक टिकट जारी किया गया।**
**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन असत्य है/हैं?**
**कूट :**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) कोई भी कथन असत्य नहीं है।

**21. वीर कल्लाजी राठौड़ के संदर्भ में सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए–**

| सूची-I (विवरण) | सूची-II(संबंधित नाम/स्थान) |
|---|---|
| (A) कल्लाजी के गुरु | (1) शेषनाग के |
| (B) कल्लाजी अवतार | (2) सामियाना (मेड़ता) |
| (C) कल्लाजी का जन्म स्थान | (3) भैरवनाथ |
| (D) कल्लाजी की छतरी | (4) भैरवपोल (चित्तौड़गढ़) |

**कूट :**
(a) A-3, B-1, C-2, D-4 (b) A-1, B-3, C-4, D-2
(c) A-3, B-2, C-1, D-4 (d) A-4, B-1, C-2, D-3

**22. क्षेत्रपाल राजस्थान की संस्कृति में एक महत्त्वपूर्ण पहलू रहा है-**
(a) एक संत के रूप में (b) ग्राम देवता के रूप में
(c) ग्राम अधिकारी के रूप में (d) एक उपासक के रूप में

**23. लोकदेवता वीर फत्ताजी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन:**
**1. वीर फत्ताजी का जन्म और मुख्य पूजा स्थल साथूँ गाँव (जालोर) में स्थित है।**
**2. इनकी याद में प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ल दशमी (तेजा दशमी) के दिन विशाल मेला भरता है।**
**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन असत्य है/हैं?**
**कूट (Options):**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) कोई भी कथन असत्य नहीं है

**24. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म है-**
(a) मल्लीनाथजी – पिता सलखाजी
(b) केसरिया कँवरजी – पिता गोगाजी
(c) कल्लाजी - पिता गांगदेव राठौड़
(d) तेजाजी – पिता ताहड़जी जाट

**26. बाड़मेर में 2019 में, 14वीं सदी के लोक बाबा रामदेव के जन्म स्थान पर मंदिर बनाया गया। इस मंदिर का निर्माण मुख्य रूप से... से किया गया।**
(a) किशनगढ़ के सफेद संगमरमर
(b) जैसलमेर के पीले पत्थर
(c) अजमेर का ग्रेनाइट पत्थर
(d) धौलपुर का लाल पत्थर

♦♦♦♦

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [b]**
**व्याख्या:-**
- **नेजा, जम्मा, रिखिया** लोकदेवता रामदेव जी से सम्बन्धित हैं।
- **नेजा -** रामदेवजी की पचरंगी व सफेद ध्वजा (पताका)।
- **रिखियां -** रामदेवजी के मेघवाल भक्त।
- **ब्यावले -** भक्तों द्वारा गाये जाने वाले भजन।
- **जम्मा -** रामदेवजी के नाम पर भाद्रपद शुक्ल द्वितीया व एकादशी को रात्री जागरण दिलाया जाता है, उसे जम्मा कहते हैं।
- **परचा -** रामदेवजी के चमत्कारों को परचा कहते हैं।
- **आंण -** रामेदवजी के अनुयायी रामदेवजी की सौगंध को आंण कहते हैं।

**2. [d]**
**व्याख्या:-**
- **पाबूजी के छन्द-** जिसके रचयिता **मेहा चारण** थे।
- **पाबू प्रकाश -** पाबूजी की जीवनी है, जिसके रचयिता आशिया मोडजी थे।
- **पाबूजी के पवाड़े या पावड़े -** प्रसिद्ध गाथा गीत है, जो माठ वाद्य यंत्र के साथ गाए जाते हैं।
- **पाबूजी की फड़ -** नायक या थोरी जाति के भोपों द्वारा रावण हत्था वाद्ययंत्र के साथ बाँची जाती है।
- **मेला -** कोलुमण्ड गाँव (फलोदी) में मेला भरता है।
- **पाबूजी की घोड़ी -** केसर कालमी (यह काले रंग की घोड़ी उन्हें देवल चारणी ने दी।)
- **पाबू धणी री वाचना -** थोरी जाति लोग सारंगी के साथ पाबूजी का यश गाते है जिसे राजस्थान की प्रचलित भाषा में पाबू धणी री वाचना कहते हैं।

**3. [d]**
**व्याख्या:-**
- **हड़बूजी का जन्म -** भुंडेल (नागौर) में हुआ था।
- **पिता -** मेहाजी साँखला
- **मौसेरे भाई -** बाबा रामदेवजी
- गुरु - बालीनाथ
- सवारी - सियार
- ज्ञाता - शकुन शास्त्र
- प्रमुख पूजा स्थल - बेंगटी गाँव (फलोदी)
- पूजारी - साँखला राजपूत
- यहाँ हड़बूजी की गाड़ी (छकड़ा या ऊँट गाड़ी) की पूजा होती है।
- इस गाड़ी में हड़बूजी विकलांग गायों के लिए दूर-दूर से घास भरकर लाते थे।
- संकटकाल में **हड़बूजी ने जोधपुर के राजा राव जोधा** को **तलवार** भेंट की और **राव जोधा ने इन्हें बेंगटी (फलोदी)** की जागीर प्रदान की।

**4. [b]**
**व्याख्या:-**
- **तेजाजी का** जन्म - 1073 ई., माघ शुक्ला चतुदर्शी को खरनाल में नागवंशीय जाट में हुआ।
- उपनाम - काला और बाला के देवता, कृषि कार्यों के उपकारक देवता, गौरक्षक देवता, **शिवजी का अवतार, नागों का देवता**।
- पिता - ताहड़जी जाट
- माता - **रामकुँवरी**
- पत्नी – पेमलदे–पनेर–अजमेर (रायचंद की पुत्री)
- सवारी - लीलण घोड़ी **/ सिणगारी**
- तेजा गीत - किसान खेतों में हल जोतते समय तेजाजी के गीत गाते हैं।
- तेजाजी ने लाछा गुर्जरी की गायों को मेर (वर्तमान आमेर) के मीणाओं से छुड़ाई।
- मेला - **प्रतिवर्ष तेजादशमी (भाद्रपद शुक्ला दशमी)** को परबतसर में भव्य पशु मेला भरता है जो आय की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा पशु मेला है।
- **मंदिर का निर्माण – अभयसिंह ने करवाया।**
- प्रमुख पूजा स्थल - सेंदरिया, ब्यावर, भावतां, सुरसरा, परबतसर, खरनाल, **बासी दुगारी में कर्मस्थली है**।
- सर्प ने डसा, सेंदरिया गाँव में मृत्यु हुई, सुरसुरा जहां इनकी पत्नि पेमल सती हुई।
- तेजाजी का **नया मंदिर बनाने के लिए सुरसुरा से ज्योति** लाई जाती है।

**5. [a]**

**व्याख्या:-**

**बाबा रामदेवजी –**

- पिता – अजमल जी
- माता – मैणा दे
- सगी बहनें – लाछां बाई व सुगना बाई
- मुँहबोली बहिन – डालीबाई (मेघवाल)
- गुरु – बालीनाथ

**गोगाजी –**

- पिता – जेवर जी (जीवराज चौहान)
- माता –बाछल
- गुरु – गोरखनाथ

**तेजाजी –**

- पिता – ताहड़ जी
- माता – रामकुँवरी
- पत्नी – पैमल दे
- घोड़ी – लीलण (सिणगारी)

**पाबू जी –**

- पिता – धाँधल देव राठौड़
- माता – कमलादे
- गुरु – समरथ भारती
- पत्नी – सुपियार दे/ फूलम दे

**6. [a]**

**व्याख्या:-**

- **गोगाजी चौहान का जन्म -** वि. सं. 1003 को ददरेवा (चूरू) में में हुआ।
- **पिता -** जेवरजी चौहान
- **माता -** बाछल दे
- **पत्नी -** केलमदे (मेनलदे)
- **सवारी -** नीली घोड़ी।
- **उपनाम** – सर्पों के देवता, जाहर पीर, चंडकोशिया का अवतार।
- **सांकल नृत्य -** गोगाजी की आराधना में श्रद्धालु नृत्य करते हैं। इस नृत्य में भक्त लोहे की साँकलों के गुच्छे अपनी पीठ पर उठा-उठाकर मारते हैं, जिसे छाया चढ़ाना कहते हैं।
- **गोगा राखड़ी -** किसान वर्षा के बाद खेत जोतने से पहले हल व बैल को 9 गाँठ वाली राखी बांधते है, गोगाजी के नाम की राखी गोगा राखड़ी बांधते हैं।

**7. [c]**

**व्याख्या:-**

- **तेजाजी का जन्म** – 29 जनवरी, 1073 ई., माघ शुक्ल चतुदर्शी को खड़नाल **(नागौर)** में नागवंशीय जाट में हुआ। इन्हें नागों का देवता, गायों का मुक्तिदाता, धौलियावीर आदि उपनामों से भी जाना जाता है।
- **गोगाजी चौहान का जन्म -** वि. सं. 1003 को ददरेवा (चूरू) में में हुआ।
- तल्लीनाथ जी का जन्म जोधपुर में हुआ था, जालौर जिले के एक प्रमुख लोक देवता हैं। उनका मुख्य मंदिर पंचोटा गांव में पंचमुखी पहाड़ी पर स्थित है।
- **पाबूजी राठौड़ का जन्म -** 1239 ई. में कोलुमण्ड गाँव (फलोदी) में हुआ था। [पहले फलोदी जोधपुर में था।]
- मुहणौत नैणसी व आशिया मोडजी के अनुसार इनका जन्म खारी खाबड़ गाँव जूना, बाड़मेर में हुआ।

**8. [b]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान के लोक देवताओं और उनके वाहनों/घोड़ों का सही मिलान इस प्रकार है:
- मेहाजी मांगलिया **:** इनका घोड़ा किरड़ काबरा है।
- हड़बू जी **:** इनका वाहन सियार माना जाता है।
- देवनारायण जी**:** इनके घोड़े का नाम लीलागर है।
- तेजा जी**:** इनकी प्रसिद्ध घोड़ी का नाम लीलण है।

**9. [a]**

**व्याख्या:-**

- हड़बूजी - सांखला
- पाबूजी - राठौड़
- गोगाजी - चौहान
- रामदेवजी – तँवर

**10. [b]**

**व्याख्या:-**

- गोगाजी के **गोगामेड़ी (नोहर) में गोगा नवमी को** लगने वाले मेले का भारतीय तिथिक्रम के अनुसार **भाद्रपद कृष्ण नवमी** को लगता है।

**11. [b]**

**व्याख्या:-**

- **कामड़िया पंथ के प्रवर्तक रामदेव जी है।**
- **कामड़िया पंथ -** राजस्थान में कामड़िया पंथ के प्रमुख केन्द्र पादरला गाँव (पाली), पोकरण (जैसलमेर) व डीडवाना आदि हैं।
- **प्रसिद्ध रचना -** चौबीस बाणियाँ।
- **तेहरताली नृत्य -** रामदेवजी के मेले में कामड़िया जाति की महिलाओं द्वारा किया जाता है।
- **फड़ -** रामदेवजी की फड़ कामड़ जाति के भोपे रावणहत्था वाद्य यंत्र के साथ बाँचते हैं।

**12. [b]**

**व्याख्या:-**

- **पाबूजी राठौड़ का जन्म -** 1239 ई. में कोलुमण्ड गाँव (फलोदी) में हुआ था।
- **मुहणौत नैणसी के अनुसार इनका जन्म खारिया खाबड जूना, बाडमेर में हुआ।**
- **पिता -** धाँधल जी राठौड़।
- **माता -** कमलादे।
- **पत्नी -** फूलमदे या सुप्यार दे सोढ़ा।
- **उपनाम -** ऊँटों के देवता, गौरक्षक देवता व प्लेग रक्षक देवता, **भाला रा देवता, लक्ष्मण का अवतार, हाडफाड का देवता**।
- **प्रतीक चिह्न -** भाला लिए हुए अश्वारोही तथा बायीं ओर झुकी हुई पाग।

**13. [c]**

**व्याख्या:-**

- **पाबूजी की घोड़ी -** केसर कालमी (यह काले रंग की घोड़ी उन्हें देवल चारणी ने दी।)
- पाबूजी का विवाह पूगल की भाटी राजकुमारी से नहीं, बल्कि अमरकोट (वर्तमान पाकिस्तान में) के राजा सूरजमल सोढ़ा की पुत्री फूलमदे (या सुप्यार दे) के साथ हुआ था।

**14. [b]**

**व्याख्या:-**

**मल्लीनाथ जी**

- **प्रमुख मंदिर -** तिलवाड़ा में लूणी नदी के तट पर बना हुआ है।
- **मेला -** प्रतिवर्ष इनकी याद में चैत्र कृष्ण एकादशी से चैत्र शुक्ला एकादशी तक तिलवाड़ा में मल्लीनाथ पशु मेला आयोजित होता है।
- यहाँ तिलवाड़ा के पास ही मालाजाल गाँव में मल्लीनाथ जी की पत्नी रूपादे का मन्दिर है।

**15. [c]**

**व्याख्या:-**

तल्लीनाथ मण्डोर के वीरमदेव के पुत्र थे। इनका प्रारंभिक नाम गांगदेव था। संन्यास ग्रहण करने के बाद इन्होंने गुरु जलन्धर राव से दीक्षा ली। इनकी पूजा जालौर जिले में अधिक की जाती है। पांचोटा गाँव (जालौर) में पंचमुखी पहाड़ी पर इनका मुख्य पूजा स्थल है, जहरीले कीड़ों के काटने पर इनकी पूजा की जाती है।

**16. [d]**

**व्याख्या:-**

1. देवनारायण जी - आसींद, भीलवाड़ा
2. तेजाजी - परबतसर, नागौर
3. तल्लीनाथ - पांचोटा, जालौर
4. पाबू जी – कोलू गाँव, फलोदी

**17. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ वीर बिग्गाजी महाराज को जाखड़ जाट समाज अपना कुलदेवता मानता है।

◈ वीर बिग्गाजी का जन्म स्थान 'रिड़ी' (श्रीडूंगरगढ़) है और इनका मुख्य मंदिर 'बिग्गा' गाँव में स्थित है, जो कि बीकानेर जिले में आते हैं। इनकी सर्वाधिक मान्यता और मुख्य धाम बीकानेर में है, न कि जोधपुर में।

◈ इनका मेला प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को भरता वीर बिग्गाजी का विशाल मेला प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को उनके मुख्य धामों (रिड़ी और बिग्गा) में आयोजित किया जाता है।

**18. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ आलम जी को **जैतमलोठ राठौड़ के नाम से जाना** जाता है।

◈ प्रमुख मंदिर - धोरीमन्ना, बाड़मेर

◈ यहाँ **भाद्रपद शुक्ल द्वितीया** को मेला भी भरता है।

◈ यहाँ पर **घोड़ों की जात** लगती है।

◈ मालाणी, बाड़मेर में लूणी नदी के किनारे ढांगी नाम के रेतीले टीले पर उनका स्थान बना हुआ है, जिसे आलम जी का धोरा भी कहते हैं।

**19. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ बाबा रामदेवजी के भक्तों द्वारा गाए जाने वाले भजनों को 'ब्यावले' कहा जाता है।

◈ जब किसी व्यक्ति या पशु के रोग निवारण के लिए लोक देवताओं के गीत गाए जाते हैं, तो उन्हें 'चिजां' कहा जाता है।

◈ यह एक छोटा सा आभूषण या सिक्का होता है जिस पर लोक देवता की मूर्ति अंकित होती है। श्रद्धालु इसे श्रद्धावश अपने गले में धारण करते हैं।

◈ पाबूजी की वीरता की गाथाएं 'पवाड़े' कहलाती हैं। इनका वाचन करते समय 'माठ' नामक वाद्ययंत्र का प्रयोग किया जाता है (जबकि 'फड़' में रावणहत्था बजता है)।

**20. [a]**

**व्याख्या:-**

**देवनारायणजी**

◈ फड़ - **गुर्जर जाति के भोपे जंतर वाद्य यंत्र** के साथ बाँचते हैं।

◈ जंतर वाद्य यंत्र को 100 मंतर (मंत्र) के समान माना गया है।

◈ सबसे प्राचीन फड़, सबसे लम्बी फड़ (24 हाथ) तथा सर्वाधिक प्रसंगों वाली फड़ देवनारायण जी की फड़ है।

◈ **वर्ष** 1992 **में भारतीय डाक विभाग ने देवनारायण जी की फड़ पर सर्वप्रथम** 5 **रु. का डाक टिकट जारी किया गया।**

◈ भारतीय डाक विभाग द्वारा वर्ष 2011 में देवनारायण जी पर डाक टिकट जारी किया गया।

**21. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ **वीर कल्लाजी राठौड़ का** जन्म - 1544 ई. (विक्रम संवत् 1601), दुर्गाष्टमी के दिन सामियाना मेड़ता में हुआ।

◈ अवतार - शेषनाग का

◈ **उपनाम – केहर**, **कमधज**, **बाल ब्रह्मचारी**

◈ पिता - राव आस सिंह, माता–श्वेत कंवर

◈ गुरु - भैरवनाथ

◈ आराध्य देवी - नागणेची माता

◈ **मंदिर – सांमलियां**, **डूँगरपुर**

◈ **प्रमुख पीठ – रनेला**, **सलुम्बर**

◈ 1567-68 ई. में अकबर द्वारा चित्तौड़ आक्रमण के दौरान कल्लाजी ने युद्ध में घायल जयमल को अपने कंधे पर बिठा लिया और दो तलवारे जयमल के हाथों में तथा दो तलवारे स्वयं लेकर युद्ध करने लगे, इसी वीरता के कारण उनकी ख्याती चार हाथ तथा दो सिर वाले देवता (चतुर्भुज देवता) के रूप में हुई।

◈ चित्तौड़गढ़ किले के भैरवपोल के पास कल्लाजी की छतरी बनी हुई है।

**22. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ क्षेत्रपाल एक महत्त्वपूर्ण पहलू है क्योंकि यह ग्राम देवता और स्थानीय देवता हैं जिनका मंदिर गाँव के बाहर बना है।

**23. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ **वीर फत्ताजी का** जन्म - साथूँ गाँव (जालोर) में हुआ था।

◈ वीर फत्ताजी को शस्त्र विद्या का अच्छा ज्ञान था।

◈ गाँव पर लूटेरों के आक्रमण के समय इन्होंने भीषण युद्ध किया।

◈ मेला - प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ला नवमी को मेला भरता है।

**24. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ वीर कल्लाजी राठौड़ के पिता का नाम अचला जी (या आससिंह) था। वे मेड़ता के राव जयमल के भतीजे थे।

**26. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ बाड़मेर में 2019 में 14वीं सदी के लोक बाबा रामदेव देव की जन्मस्थली पर मंदिर बनाया गया था।

◈ इस मंदिर का निर्माण मुख्य रूप से **जैसलमेर के पीले पत्थरों** से किया गया था।

◈ इसके निर्माण में जैसलमेर के सुनहरे आभा वाले पत्थर का इस्तेमाल किया गया था।

◈ रामदेव जी ने राजस्थान के रामदेवरा में समाधि ली थी।

◈ उन्हें भारत के कई सामाजिक समूहों द्वारा इष्ट देव के रूप में पूजा जाता है।

♦ ♦ ♦ ♦

# लोक देवियाँ

**1. लोकदेवी जीण माता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. इनका जन्म चूरू के धांधू गाँव में हुआ था तथा इन्हें चौहानों की कुलदेवी व मधुमक्खियों की देवी के रूप में पूजा जाता है।**
**2. रेवासा (सीकर) में इनके मंदिर का निर्माण पृथ्वीराज चौहान प्रथम के सामंत राजा हट्टड़ द्वारा करवाया गया था।**
**3. जीण माता के मंदिर के पास 'जोगी तालाब' स्थित है, जहाँ पर पाण्डवों की आदमकद प्रतिमाएँ लगी हुई हैं।**
**4. राजस्थानी लोक साहित्य में जीण माता का गीत सबसे लम्बा है और इनके यहाँ प्रति वर्ष चैत्र व आश्विन नवरात्र में मेला भरता है।**
**5. जीण माता को ढाई प्याले शराब चढ़ती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 2, 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 3 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

**2. सुमेलित कीजिए-**
**(A) ब्राह्माणी माता (1) ओसियाँ, जोधपुर**
**(B) शीतला माता (2) सोरसन, बाराँ**
**(C) जीण माता (3) चाकसू, जयपुर**
**(D) सचियाय माता (4) रैवासा, सीकर**
**कूट:–**
(a) A-2, B-3, C-4, D-1 (b) A-3, B-1, C-2, D-4
(c) A-2, B-4, C-1, D-3 (d) A-4, B-1, C-2, D-3

**3. नारायणी माता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. नारायणी माता नाई जाति की कुल देवी हैं और उनका मंदिर 'प्रतिहार शैली' में बना है।**
**2. इनके मंदिर में पुजारी मीणा जाति का होता है।**
**3.इनका मेला वैशाख शुक्ल एकादशी को भरता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 दोनों (d) उपर्युक्त तीनों

**4. सुमेलित कीजिए-**
**कुलदेवी जाति**
**(A) करणी माता (1) नाई**
**(B) सकराय माता (2) सीरवी**
**(C) आई माता (3) खण्डेलवाल**
**(D) नारायणी माता (4) चारण**
**कूट:**
(a) A-4, B-3, C-2, D-1 (b) A-4, B-3, C-1, D-2
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-3, B-2, C-4, D-1

**5. त्रिपुरा सुंदरी (तुरतई माता) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए कूट के माध्यम से असत्य कथन का चयन कीजिए–**
**कथन:**
**1. त्रिपुरा सुंदरी का प्रसिद्ध मंदिर अमराई गाँव, तलवाड़ा (बाँसवाड़ा) में स्थित है, जहाँ इनकी अठारह भुजाओं वाली प्रतिमा सिंह पर सवार है।**
**2. इन्हें 'तुरतई माता' के नाम से भी जाना जाता है और ये 'पांचाल जाति' की कुलदेवी मानी जाती हैं।**
**3. इनके मंदिर परिसर में कुषाण शासक कनिष्क के समय का एक प्राचीन शिवलिंग स्थापित है।**
**4. त्रिपुरा सुंदरी गुजरात के चालुक्य (सोलंकी) राजा सिद्धराज जयसिंह की इष्ट देवी थीं।**
**5. चोखला पांचाल समाज द्वारा यहाँ वर्ष 1992 में एक भव्य स्वर्ण कीर्ति स्तंभ का निर्माण करवाया गया था।**
**कूट:**
(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 3
(c) केवल 5 (d) सभी कथन सत्य हैं।

**6. सूची-I (लोक देवी) को सूची-II (स्थान/विशेषता) से सुमेलित कीजिए-**
**सूची-I (लोक देवी) सूची-II (स्थान/विशेषता)**
**(A) हिचकी माता (i) बेड़च नदी के किनारे आकोला**
**(B) जलदेवी (ii) राजसमंद झील की पाल**
**(C) घेवर माता (iii) बसंतगढ़ (सिरोही)**
**(D) क्षेमकरी माता (iv) बावड़ी गाँव (टोंक)**
**(E) बड़ली माता (v) सनवाड़ गाँव (सवाई माधोपुर)**
**नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए-**
**विकल्प-**

| | (A) | (B) | (C) | (D) | (E) |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (b) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (c) | (iv) | (v) | (ii) | (iii) | (i) |
| (d) | (v) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**7. हिंगलाज माता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. राजस्थान में इनका मुख्य मंदिर लोद्रवा (जैसलमेर) में है, जबकि मूल मुख्य मंदिर बलुचिस्तान (पाकिस्तान) में स्थित है।**
**2. लोद्रवा का मंदिर भूमिगत होने के कारण श्रद्धालुओं को दर्शन हेतु सीढ़ियों से नीचे उतरकर जाना पड़ता है।**
**3. इनकी पूजा चांगला खाप के मुसलमानों द्वारा भी की जाती है, जिस कारण इन्हें 'चांगली माई' कहा जाता है।**
**4. राजस्थान में इनके अन्य मंदिर नारलोई (जयपुर), फतेहपुर (सीकर) और बीदासर (चूरू) में भी स्थित हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**8. तनोट माता के मंदिर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. तनोट माता का मंदिर बीकानेर में है।**
**2. इस मंदिर को रुमाल वाला मंदिर भी कहा जाता है।**
**3. इस मंदिर में पूजा BSF के जवान करते है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 2 (b) 1 व 2
(c) 2 व 3 (d) उपर्युक्त सभी

**9. सुंधा माता मंदिर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. इस मंदिर का निर्माण चाचिगदेव ने करवाया था और यह मूलतः चामुंडा माता का मंदिर है।**
**2. यहाँ 2006 में राजस्थान का पहला रोपवे बना था, और सुंधा माता को अघटेश्वरी भी कहा जाता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**10. निम्नलिखित में से कौनसे युग्म सही सुमेलित हैं?**
**A. ज्वाला माता मंदिर - जोबनेर**
**B. कैवाय माता मंदिर - किनसरिया**
**C. सुंधा माता मन्दिर - सांभर**
**कूट:-**
(a) A, B और C (b) B और C
(c) A और B (d) A और C

**11. मेवाड़ के राजवंश की कुलदेवी 'बाण माता' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. बाण माता मेवाड़ के गुहिल (सिसोदिया) राजवंश की कुलदेवी मानी जाती हैं।**
**2. बाण माता का मुख्य मंदिर चित्तौड़गढ़ दुर्ग में स्थित है।**
**3. उदयपुर के नागदा और कुंभलगढ़ के पास केलवाड़ा में भी माता के प्रसिद्ध मंदिर हैं।**
**4. बाण माता को 'बिरवड़ी माता' के नाम से भी जाना जाता है।**
**5. केलवाड़ा स्थित बाण माता के मंदिर को गुजरात के सुल्तान अहमद शाह ने 1443 ई. में नष्ट कर दिया था।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) केवल 2 (b) केवल 4
(c) केवल 5 (d) उपरोक्त सभी सत्य हैं

**12. सूची-I (आई माता से संबंधित शब्दावली) को सूची-II (विशेष विवरण/अर्थ) के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–**
**सूची-I (शब्दावली)**
**A. दरगाह** **B. बड़ेर**
**C. डोराबंदी** **D. बैल**
**सूची-II (विवरण/अर्थ)**
**1. आई माता के पंथ में पालन किए जाने वाले 11 अनिवार्य नियम।**
**2. सीरवी जाति के वे अनुयायी जो विशेष धागा धारण करते हैं।**
**3. आई माता का मुख्य मंदिर जहाँ मूर्ति के स्थान पर अखंड ज्योति जलती है।**
**4. आई माता का वह पूजा स्थल (थान) जो प्राय: नीम के वृक्ष के नीचे होता है।**
**कूट (Code):**
(a) A-4, B-3, C-2, D-1 (b) A-3, B-4, C-2, D-1
(c) A-3, B-4, C-1, D-2 (d) A-1, B-2, C-4, D-3

**13. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए:**

| **सूची-I (जाति/समाज)** | **सूची-II (लोक देवी)** |
|---|---|
| **(A) पांचाल** | **(i) कैला देवी** |
| **(B) भील** | **(ii) चौथ माता** |
| **(C) भोपा** | **(iii) त्रिपुरा सुंदरी** |
| **(D) यादव** | **(iv) आमज माता** |
| **(E) कंजर** | **(v) विरात्रा माता** |

**कूट (Codes):**

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (iii) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |
| (b) | (iii) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (c) | (i) | (iv) | (v) | (iii) | (ii) |
| (d) | (iv) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |

**14. शीतला माता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. शीतला माता का मुख्य मंदिर शील की डूंगरी, चाकसू में स्थित है और इनका वाहन गधा है।**
**2. इन्हें चेचक और कोढ़ की देवी तथा बच्चों की संरक्षिका माना जाता है और कुम्हार जाति के लोग इनके पुजारी होते हैं।**
**3. इनके नाम पर चैत्र कृष्ण अष्टमी को घरों में ठंडे पकवान बनाए जाते हैं, जिसे बास्योड़ा कहा जाता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3 सभी

**15. जोधपुर नरेश मानसिंह की रानी भटियाणी प्रतापकुँवारी ने अपने द्वारा बनाए गये मंदिर को पुनः अन्यत्र बनवाया क्योंकि पहले वाला मंदिर जमीन में धंस गया था, और उसने उसकी प्राण प्रतिष्ठा 1857 में कराई। उस मंदिर का क्या नाम है?**
(a) कुंज बिहारी मंदिर (b) महामंदिर
(c) गंगश्यामजी मंदिर (d) तीजा मांजी मंदिर

**16. ओसियाँ स्थित सच्चियाय माता मंदिर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. यह मंदिर परमारकालीन 'मारू गुर्जर शैली' में बना है।**
**2. सच्चियाय माता को जैन धर्म के साथ-साथ हिन्दू धर्म में भी अच्छी मान्यता प्राप्त है, इसलिए इन्हें 'साम्प्रदायिक सद्भाव की देवी' माना जाता है।**
**3. मंदिर के गर्भगृह में स्थापित मूर्ति महिषासुर मर्दिनी देवी की प्रतिमा है, जो कसौटी पत्थर से बनी है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**17. लोकदेवी करणी माता के संबंध में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए–**
**1. इनका जन्म सुआप गाँव (फलोदी) में हुआ था और बचपन का नाम रिद्धि बाई था।**
**2. करणी माता ने 12 मई, 1459 को मेहरानगढ़ दुर्ग की नींव रखी थी।**
**3. इनके मंदिर में सफेद चूहों को 'काबा' कहा जाता है और मंदिर का स्वरूप 'मठ' कहलाता है।**
**4. देशनोक मंदिर में स्थित 11 फीट ऊँचा चाँदी का दीपक विश्व का सबसे बड़ा दीपक माना जाता है।**
**5. करणी माता का प्रथम पूजा स्थल 'नेहड़ी' बीकानेर में एक खेजड़ी वृक्ष के नीचे स्थित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1, 3, 4 और 5 (b) केवल 1, 2, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 5 (d) उपर्युक्त सभी

**18. कैला देवी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन (I): यह करौली के यदुवंशी राजवंश की कुलदेवी हैं और इनका मंदिर त्रिकूट पर्वत पर स्थित है।**
**कथन (II): मंदिर के सामने बोहरा भगत की छतरी बनी हुई है।**
**कथन (III): इनके भक्तों द्वारा लांगुरिया गीत गाया जाता है और जोगनिया नृत्य किया जाता है।**
**कथन (IV): इनका मुख्य मेला चैत्र शुक्ल अष्टमी को भरता है, जिसे लक्खी मेला कहा जाता है।**
**उपरोक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल I और II (b) केवल II, III और IV
(c) केवल I, III और IV (d) I, II, III और IV

**19. लटियाल माता एवं ब्रह्माणी माता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन (A): लटियाल माता का मंदिर फलोदी में स्थित है और खेजड़ी वृक्ष की प्रधानता के कारण इन्हें 'खेजड़ी बेरी राय भवानी' भी कहा जाता है।**
**कथन (B): सोरसन (बाराँ) स्थित ब्रह्माणी माता के मंदिर में देवी के अग्र भाग (मुख) के स्थान पर उनकी पीठ की पूजा की जाती है।**
**उपरोक्त कथनों के आधार पर सही कूट (Code) चुनिए–**
(a) केवल कथन (A) असत्य है।
(b) केवल कथन (B) असत्य है।
(c) कथन (A) और (B) दोनों ही असत्य हैं।
(d) न तो कथन (A) और न ही कथन (B) असत्य है।

**20. मारवाड़ के राठौड़ वंश की कुलदेवी 'नागणेची माता' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए कूट के माध्यम से असत्य कथन का चयन कीजिए–**
**कथन:**
**1. नागणेची माता की मूल मूर्ति लकड़ी की बनी 18 भुजाओं वाली है, जिसे राव धुहड़ के समय लुम्ब ऋषि कर्नाटक से लाए थे।**
**2. इनका मुख्य मंदिर नागाणा गाँव (बालोतरा) में स्थित है।**
**3. राव जोधा ने नागाणा से मूल मूर्ति मंगवाकर जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग में स्थापित करवाई थी।**
**4. नागणेची माता का दूसरा रूप 'श्येन पक्षी' (चील/बाज) माना जाता है और इनका पुजारी अनिवार्यतः राठौड़ जाति का होता है।**
**5. ये लोकदेवता वीर कल्लाजी राठौड़ की भी कुलदेवी मानी जाती हैं।**
**कूट:**
(a) केवल 1, 2 और 5 (b) केवल 4
(c) केवल 3 (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

**21. लोक देवी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करो-**
**(1) औरंगज़ेब ने कुष्ठ रोग से मुक्ति की कामना से मंदिर में स्वर्ण "छत्र" भेंट किया।**
**(2) यह मंदिर तांत्रिक शक्ति पीठ है।**
**(3) यहाँ अखण्ड ज्योति जलती है, जिससे "काजल शिखर" पर 'काजल' बनाया जाता है।**
**उपरोक्त कथनों में किस लोक देवी का उल्लेख है?**
(a) ईडाणा माता (b) जीण माता
(c) करणी माता (d) सकराय माता

**22. बदनौर (भीलवाड़ा) स्थित कुशाल माता मंदिर के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) इसका निर्माण महाराणा सांगा ने करवाया।
(b) इस मंदिर के पास बैराठ माता का मंदिर भी स्थित है।
(c) यहाँ भाद्रपद में विशाल मेला भरता है।
(d) कुशाल माता चामुंडा देवी का अवतार हैं।

**23. चामुंडा माता के संबंध में दिए गए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. मारवाड़ के राठौड़ शासकों द्वारा इन्हें अपनी कुलदेवी के रूप में पूजा जाता है।**
**2. राव जोधा ने माता की मूर्ति को मंडोर से लाकर मेहरानगढ़ दुर्ग के चामुंडा बुर्ज पर स्थापित किया था।**
**3. महाराजा तख्तसिंह ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था।**
**4. वर्ष 2008 में मेहरानगढ़ मंदिर में हुई दु:खद भगदड़ की जाँच के लिए जसराज चोपड़ा समिति का गठन किया गया।**
**5. अजमेर स्थित चामुंडा माता का मंदिर पृथ्वीराज चौहान तृतीय की इष्टदेवी के रूप में प्रसिद्ध है।**
**उपर्युक्त में से 'असत्य' कथन वाला कूट चुनिए:**
(a) केवल 1 (b) 1 और 3
(c) 2, 4 और 5 (d) कोई भी असत्य नहीं है

**24. राजस्थान की लोक देवियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. सुगाली माता को '1857 की क्रांति की देवी' कहा जाता है, जिनकी प्रतिमा 10 सिर और 54 हाथों वाली है।**
**2. सुगाली माता की मूर्ति वर्तमान में अजमेर के राजपूताना म्यूजियम में सुरक्षित रखी गई है।**
**3. चित्तौड़गढ़ के निकुंभ में स्थित आवरी माता का मंदिर लकवा (शारीरिक व्याधि) के निवारण के लिए प्रसिद्ध है।**
**4. आमज माता का मंदिर रीछड़े गाँव (केलवाड़ा) में स्थित है, जिन्हें भीलों की कुलदेवी माना जाता है।**
**5. आमज माता के मंदिर में केवल भील भोपा द्वारा ही पूजा संपन्न की जाती है।**
**उपर्युक्त कथनों में से 'असत्य' कूट का चयन कीजिए:**
(a) केवल 2 और 5 (b) 1, 3 और 4
(c) केवल 5 (d) 2, 4 और 5

**25. राजस्थान के प्रमुख मंदिरों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. उदयपुर के जगत गाँव में स्थित अंबिका माता मंदिर का निर्माण 10वीं शताब्दी में शासक अल्लट द्वारा करवाया गया था।**
**2. अंबिका माता मंदिर पूर्णतः नागर शैली में निर्मित है, जिसे 'मेवाड़ का खजुराहो' भी कहा जाता है।**
**3. जगत स्थित इस मंदिर के परिसर में नृत्य गणपति की एक विशाल प्रतिमा स्थापित है।**
**4. भदाणा माता हाड़ा चौहानों की कुलदेवी हैं, जहाँ 'मूंठ' (तांत्रिक प्रयोग) की चपेट में आए व्यक्तियों का उपचार किया जाता है।**
**5. भदाणा माता का मंदिर झालावाड़ में स्थित है।**
**उपर्युक्त में से 'असत्य' कथनों के कूट का चयन कीजिए–**
(a) 1, 3 और 4
(b) केवल 2 और 5
(c) 2, 4 और 5
(d) केवल 5

**26. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?**
(a) छींक माता - जयपुर
(b) कालिका माता - बाँसवाड़ा
(c) तुलजा भवानी - अजमेर
(d) बीजासण माता – करौली

♦ ♦ ♦ ♦

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [d]**

**व्याख्या:-**

**जीण माता-**

- **उपनाम** - सीकर के चौहानों की कुलदेवी, मधुमक्खियों की देवी, शेखावाटी क्षेत्र की लोक देवी आदि।
- जन्म - धांधू गाँव (चूरू)
- पिता का नाम - धंधराय।
- प्रसिद्ध मंदिर हर्ष की पहाड़ी पर रेवासा में स्थित हैं, इनके इस मंदिर का निर्माण पृथ्वीराज चौहान प्रथम के समय उनके सामंत राजा हट्टड़ द्वारा करवाया गया।
- ढाई प्याले शराब चढ़ती है, जीण माता को पहले बकरे की बलि दी जाती है। वर्तमान में केवल बकरे के कान चढ़ाए जाते हैं।
- जीण माता, चौहान राजपूतों की कुलदेवी व मीणा जनजाति की आराध्य देवी मानी जाती है।
- जीण माता, मंदिर के पास 'जोगी तालाब' स्थित है, जहाँ पर पाण्डवों की आदमकद प्रतिमा है।
- **मेला -** प्रति वर्ष चैत्र एवं आश्विन के नवरात्र में।
- इस देवी का गीत राजस्थानी लोक साहित्य में सबसे लंबा है।

**2. [a]**

**व्याख्या:-**

- **ब्राह्माणी माता -** प्रसिद्ध मंदिर - सोरसन (बाराँ) में स्थित है। देवी के पीठ की पूजा की जाती है।
- **शीतला माता** - प्रसिद्ध मंदिर - चाकसू गाँव (जयपुर) में शील की डूंगरी।
- **जीण माता प्रसिद्ध मंदिर** - रैवासा, सीकर में स्थित है।
- **सचिच्याय माता** - प्रसिद्ध मंदिर - ओसियाँ (जोधपुर) में स्थित है।

**3. [d]**

**व्याख्या:-**

**नारायणी माता –**

- **जन्म -** मोरागढ़, अलवर।
- **पिता -** विजयराम नाई।
- **माता -** रामवती।
- **मूल नाम –** करमेती
- **पति -** करणेश।
- नाइयों की कुलदेवी।
- नारायणी माता के **पुजारी मीणा** जाति के लोग होते हैं।
- इनका मेला **वैशाख शुक्ल एकादशी** को भरता है।

**4. [a]**

**व्याख्या:-**

**व्याख्या:-**

| देवी | संबंधित जाति |
|---|---|
| करणी माता | चारण |
| सकराय माता | खण्डेलवाल |
| आई माता | सीरवी |
| नारायणी माता | नाई |

**5. [c]**

**व्याख्या:-**

- त्रिपुरा सुंदरी को **तुरतई माता** भी कहा जाता है।
- इनका प्रसिद्ध मंदिर **अमराई गाँव,** तलवाड़ा (बाँसवाड़ा) में है। यहाँ इनकी काले पत्थर की **18 भुजी** प्रतिमा (सिंह पर सवार) स्थित है।
- त्रिपुरा सुंदरी **पांचाल जाति** की कुलदेवी हैं। इनके मंदिर में कनिष्क के समय का एक शिवलिंग स्थापित है।
- गुजरात के **सोलंकी राजा सिद्धराज जयसिंह** की इष्ट देवी थी।
- **चोखला पांचाल समाज** ने यहाँ 2006 में स्वर्ण कीर्ति स्तंभ बनवाया।

**6. [a]**

**व्याख्या:-**

- हिचकी माता का मंदिर **सनवाड़ गाँव (सवाई माधोपुर)** में स्थित है।
- जल देवी का मंदिर **बावड़ी गाँव (टोडारायसिंह तहसील, टोंक)** में स्थित है।
- घेवर माता का मंदिर **राजसमंद झील की पाल पर राजसमंद** में है।
- क्षेमकरी माता का मंदिर **बसंतगढ़ (सिरोही)** में है। इन्हें **खीमेल माता** भी कहते हैं।
- बड़ली माता का मंदिर बेड़च नदी के किनारे **आकोला (चित्तौड़गढ़)** में है।
- इनके मंदिर परिसर में स्थित **दो तिबारियों में से बीमार बच्चों को निकाला जाता** है, और देवी के नाम की **तांती** बांधी जाती है।

**7. [d]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में हिंगलाज माता का मुख्य मंदिर लोद्रवा (जैसलमेर) में स्थित है। इनका मुख्य मंदिर बलुचिस्तान (पाकिस्तान) में स्थित है।
- **राजस्थान में हिंगलाज माता के अन्य मंदिर-** नारलोई (जयपुर), फतेहपुर (सीकर), बीदासर (चूरू)।
- लोद्रवा मंदिर के भूमिगत होने के कारण दर्शन हेतु सीढ़ियों से जाना पड़ता है।
- इनकी पूजा **चांगला खाप के मुसलमानों** द्वारा की जाने के कारण यह **चांगली माई** कहलाती है।

**8. [c]**

**व्याख्या:-**

- तनोट माता का मंदिर तनोट, जैसलमेर में है।
- इस मंदिर को रुमाल वाला मंदिर भी कहा जाता है।
- इस मंदिर में पूजा BSF के जवान करते है।

**9. [c]**

- इनका मुख्य मंदिर **जालौर के जसवंतगढ़** कस्बे के पास **दाँतलावास ग्राम के सुंडा पर्वत पर** (प्राचीन शक्ति पीठ) स्थित है। मंदिर के अग्रिम भाग में **भूरेश्वर महादेव लिंग** स्थित है। यहाँ जालौर के **चौहान शासकों का एक शिलालेख** लगा है।
- इन्हें अधरेश्वरी/अघटेश्वरी **(क्योंकि केवल सिर की पूजा होती है)** के नाम से जाना जाता है।
- इनका मेला **वैशाख एवं भाद्रपद** माह में शुक्ल त्रयोदशी से पूर्णिमा तक लगता है।
- मंदिर में पहुँचने के मार्ग में महात्मा राबड़नाथ का धूणा **(एक जलकुण्ड)**, पाटलियों की पाँज तथा नागिनी तीर्थ जैसे दर्शनीय स्थल आते हैं।
- मंदिर के समीप ही वर्ष 2006 में **'राजस्थान का पहला रोप वे'** बना है।

**10. [c]**

**व्याख्या:-**

- सुंधा माता का प्रसिद्ध मंदिर जालौर जिले के भीनमाल के पास सुंधा पर्वत पर स्थित है, न कि सांभर में।

**11. [c]**

**व्याख्या:-**

- इनका मुख्य मंदिर **चित्तौड़गढ़ दुर्ग** में स्थित है।
- बाण माता के अन्य मंदिर **नागदा (उदयपुर)** तथा कुंभलगढ़ किले के पास **केलवाड़ा की गड्डी** में स्थित है।
- बाण माता मेवाड़ के **गुहिल/सिसोदिया वंश** की कुलदेवी हैं।
- बाणमाता को **बिरवड़ी माता** भी कहते हैं।
- केलवाड़ा वाले मंदिर को **सुल्तान महमूद खिलजी** ने 1443 ई. में नष्ट करवा दिया था।

**12. [b]**

**व्याख्या:-**

**आई माता–**

- **बचपन का नाम -** जीजाबाई।
- **जन्म -** अंबापुर (गुजरात)।
- सीरवी जाति के क्षत्रियों की कुलदेवी।
- **प्रसिद्ध मंदिर -** बिलाड़ा गाँव (जोधपुर)।
- आई माता के मंदिर को **दरगाह** कहा जाता है।
- आई माता के थान को **बड़ेर** कहा जाता है।
- **अनुयायी**, **डोराबंदी कहलाते है।**
- आई माता के मंदिर में इनकी मूर्ति नहीं होती है।
- आई माता के मंदिर में जलने वाले दीपक की **ज्योति से केसर** टपकती है।
- आई पंथ के अनुयायियों को 11 नियमों का पालन करना अनिवार्य है, जिन्हें **बैल के ग्यारह नियम** कहते हैं।
- इनका मंदिर **नीम वृक्ष** के नीचे होता है।
- यह नवदुर्गा का अवतार मानी जाती है।
- इस देवी के मन्दिर में गुर्जर जाति का प्रवेश निषेध है।
- **"आई माता री वैल" के रचनाकार -** संत सहदेव

**13. [a]**

**व्याख्या:-**

**सही मिलान इस प्रकार है–**

- पांचाल: त्रिपुरा सुंदरी (तर्तई माता)
- भील: आमज माता
- भोपा: विरात्रा माता
- यादव: कैला देवी
- कंजर: चौथ माता

**14. [d]**

**व्याख्या:-**

- **उपनाम - चेचक की देवी, सेढ़ल माता, बोदरी देवी, महामाई, बच्चों की संरक्षिका, माता अनामा (पश्चिम भारत)** आदि।
- **प्रसिद्ध मंदिर -** चाकसू गाँव (जयपुर) में शील की डूंगरी।
- मंदिर का निर्माण **सवाई माधोसिंह** ने करवाया था।
- मंदिर में मूर्ति की जगह पाषाण (पत्थर) के खंड है।
- इनकी **खण्डित मूर्ति** की पूजा होती है।
- **वाहन -** गधा
- **पुजारी -** कुम्हार
- **पूजा - खेजड़ी वृक्ष के नीचे**
- **प्रतीक चिह्न -** मिट्टी की कटोरियाँ (दीपक)
- **मेला -** प्रतिवर्ष चैत्र कृष्ण अष्टमी (शीतलाष्टमी) को, जो **बेलगाड़ी मेले** के नाम से प्रसिद्ध है।
- जयपुर के अलावा उदयपुर के वल्लभ नगर कस्बे में स्थित शीतला माता के मंदिर में मेले का आयोजन किया जाता है।
- जोधपुर नगर के कागा क्षेत्र में भी इनका मंदिर स्थित है।
- शीतला माता के नाम पर चैत्र कृष्ण सप्तमी को घरों में विभिन्न प्रकार के खाध वस्तुएं बनाई जाती है और चैत्र कृष्ण अष्टमी को सुबह माता को **ठण्डे पकवानों** का भोग लगाकर पूजा की जाती है, जिसे **बास्योड़ा** भी कहा जाता है।
- ये राजस्थान के सभी भागों में पूजी जानी वाली लोकदेवी है। (**नोट:** चैत्र शुक्ल सप्तमी को शीतला सप्तमी मनाई जाती है। मारवाड़ में सप्तमी की जगह शीतला अष्टमी मनाई जाती है।)

**15. [d]**

**व्याख्या:-**

- तीजा मांजी मंदिर जोधपुर में स्थित इस मंदिर का निर्माण मारवाड़ के **राजा मानसिंह की रानी प्रताप कुंवारी** ने करवाया था।
- महाराजा मानसिंह मारवाड़ साम्राज्य और जोधपुर राज्य के अंतिम स्वतंत्र महाराजा थे।
- 7 नवंबर, 1791 को उनके दादा विजय सिंह द्वारा उन्हें उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। हालांकि, विजय सिंह की मृत्यु पर, भीम सिंह ने जोधपुर पर कब्जा कर लिया और खुद को मारवाड़ के शासक के रूप में घोषित किया।
- **कुंज बिहारी मंदिर** - कुंज बिहारी मंदिर जोधपुर, राजस्थान में एक कलात्मक और स्थापत्य सुंदर मंदिर है।
- इसका प्रवेश द्वार और शीर्ष अद्भुत वास्तुकला का एक उदाहरण है।
- मंदिर का निर्माण 1847 में महाराजा विजय सिंह की पासवान (उपपत्नी) गुलाब राय ने करवाया था।
- महामंदिर मंदिर -नाथ संप्रदाय का प्रमुख तीर्थ स्थल।
- **गंगश्यामजी मंदिर -** गंगशायमाजी मंदिर का निर्माण जोधपुर के तत्कालीन महाराजा ने 20वीं शताब्दी की शुरुआत में पुराने शहर जोधपुर में किया था।

**16. [d]**

**व्याख्या:-**

**सच्चियाय माता –**

- ओसवालों की कुलदेवी
- सच्चियाय माता को **'सांप्रदायिक सद्भाव की देवी'** भी कहा जाता है, क्योंकि हिंदू धर्म के साथ-साथ जैन धर्म में भी इनकी अच्छी मान्यता है।
- ओसियाँ में तीन हरिहर मंदिर भी स्थित हैं।
- **प्रसिद्ध मंदिर -** ओसियाँ (जोधपुर)
- सच्चियाय माता के इस मंदिर का निर्माण **11वीं शताब्दी** में प्रतिहार शैली में परमार राजकुमार **उपलदेव** ने करवाया था।
- यह मंदिर परमारकालीन **'मारू गुर्जर शैली'** में बना है।
- मंदिर में गर्भगृह में स्थित मूर्ति कैसोरी पत्थर की है। यह वस्तुतः महिषासुर मर्दिनी देवी की प्रतिमा है। सच्चियाय महिषासुर मर्दिनी का सात्विक रूप है।

**17. [b]**

**व्याख्या:-**

**करणी माता-**

- **उपनाम – दाडी-मुंछ वाली देवी**, **डोकरी**, **मेहाई**
- **जन्म –** 1387 ई. (वि.सं. 1444)
- **स्थान –** सुआप गाँव, फलोदी
- **पिता –** मेहाजी कीनिया
- **माता –** देवल
- **बचपन का नाम –** रिद्धु बाई/रिद्धि बाई
- **विवाह –** करणी माता का विवाह देपाजी बीठू से हुआ था।
- **चूहों की देवी –** करणी माता के मंदिर में सफेद चूहों को "काबा" कहा जाता है, और उन्हें चूहों की देवी के रूप में पूजा जाता है।

- करणी माता का ओरण 10 हजार बीघा में है, यह राजस्थान का सबसे बड़ा ओरण माना जाता है।
- देशनोक मंदिर में 11 फिट ऊँचा चाँदी का दीपक रखा गया है। जो विश्व का सबसे बड़ा चाँदी का दीपक है।
- करणी माता का पहला पूजा स्थल बीकानेर में नेहड़ी कहलाता है, जो एक जाल वृक्ष के नीचे स्थित है।
- **मठ (मंढ) –** करणी माता का मंदिर मठ के रूप में प्रसिद्ध है।
- **चील –** करणी माता का एक रूप सफेद चील के रूप में भी माना जाता है। लोकमान्यताओं के अनुसार, **करणी माता ने अपनी बहन गुलाब कुँवरी के पुत्र लाखण को गोद** लिया था।
- **महत्त्वपूर्ण योगदान –** करणी माता ने 12 मई, 1459 को मेहरानगढ़ किला की नींव रखी और बीकानेर राज्य की स्थापना में भी उनका आशीर्वाद महत्वपूर्ण था।
- करणी माता ने लगभग 151 वर्ष की आयु में वि.सं. 1595 (1538 ई.) में धिनेरू की तलाई, दियात्रा गाँव (बीकानेर) में अपने प्राणों का त्याग किया।

**18. [d]**

**व्याख्या:-**
- यह मूलत: अंजना माता का मंदिर है।
- यहाँ मंदिर में दाहिनी तरफ कैलादेवी (लक्ष्मी) की तथा बायीं तरफ चामुंडा माता की मूर्ति है।
- इन्होंने **'नरकासुर राक्षस'** का वध किया था।
- कैलादेवी के सामने **बोहराजी** की छतरी है।
- करौली के यदुवंशी राजवंश (यादवों) की कुलदेवी है।
- **मंदिर - त्रिकूट पर्वत कालीसील** नदी के किनारे पर स्थित है। मंदिर निर्माण **गोपाल सिंह** ने करवाया था तथा यहाँ कैला देवी की मूर्ति **केदारगिरी** नामक साधु द्वारा स्थापित की गई थी।
- यह मंदिर कनक दंडवत के लिए प्रसिद्ध है।
- कैला देवी मंदिर के पास हनुमानजी का मंदिर बना हुआ है जिसे स्थानीय लोग **लांगुरिया** कहते हैं।
- इनके भक्तों द्वारा लांगुरिया गीत गाया जाता है तथा **"जोगनिया नृत्य"** किया जाता है-
- **लक्खी मेला -** प्रतिवर्ष नवरात्रों में (चैत्र शुक्ल अष्टमी को)
- केला देवी का घुटकन नृत्य प्रसिद्ध है, जिसे गुर्जर एवं मीणा जाति के लोग करते हैं।
- लोक मान्यता है कि कैला देवी देवकी की पुत्री है, जिसका कंश ने वध कर दिया था।
- कैला देवी मंदिर के सामने ही **बोहरा भगत की छतरी** है।

**19. [d]**

**व्याख्या:-**

**लटियाल माता–**
- कल्लों की कुलदेवी
- **मंदिर -** फलोदी
- लटियाल माता के मंदिर के आगे खेजड़ी का वृक्ष स्थित है, इसलिए इन्हें खेजड़ी बेरी राय भवानी भी कहते हैं।

**ब्रह्माणी माता–**
- कुम्हारों की कुलदेवी
- **प्रसिद्ध मंदिर -** सोरसन (बाराँ)
- ब्रह्माणी माता का यह एकमात्र ऐसा मंदिर है, जिसमें देवी की पीठ की पूजा की जाती हैं।
- यहाँ पर माघ शुक्ल सप्तमी को गधों का मेला लगता है।

**20. [d]**

**व्याख्या:-**

**नागणेची माता –**
- मारवाड़ के राठौड़ वंश की कुलदेवी है।
- नागणेची माता का मुख्य मंदिर **नागाणा गाँव** में है। **राव धुहड़** के समय ब्राह्मण लुम्ब ऋषि ने कर्नाटक से नागणेची माता की मूर्ति लाकर इसे नगाणा गाँव (बाड़मेर) में स्थापित करवाई।
- **राव जोधा** ने नगाणा से मूल मूर्ति मंगवाकर जोधपुर दुर्ग में स्थापित करवाकर मेहरानगढ़ में भी नागणेची माता का मंदिर बनवाया था।
- लोकदेवता **कल्ला जी** की कुलदेवी है।
- इनकी मूर्ति लकड़ी की बनी है। **18 भुजी** शस्त्रो से सुसज्जित प्रतिमा है।
- **नागणेची माता का दूसरा रूप -** श्येन पक्षी/चील/बाज
- इनका पुजारी **राठौड़ जाति** का होता है।
- इनकी पुजा **नीम वृक्ष** के नीचे होती है।
- राव बीका द्वारा भी बीकानेर में नागणेची माता का मंदिर बनवाया गया।

**21. [b]**

**व्याख्या:-**
- लोक मान्यताओं के अनुसार, जब औरंगज़ेब ने मंदिर को नष्ट करने का प्रयास किया, तो यहाँ की मधुमक्खियों ने उसकी सेना पर हमला कर दिया था। हार मानकर औरंगज़ेब ने देवी से क्षमा मांगी और अपनी बीमारी (कुष्ठ रोग) से मुक्ति की प्रार्थना की। रोग ठीक होने पर उसने मंदिर में स्वर्ण छत्र चढ़ाया था। आज भी दिल्ली सरकार की ओर से यहाँ अखंड ज्योति के लिए तेल/घी की रसद भेजने की परंपरा का उल्लेख मिलता है।
- जीण माता को आदि शक्ति का अवतार माना जाता है और यह मंदिर प्राचीन काल से ही तांत्रिक उपासना का केंद्र रहा है। यहाँ देवी की अष्टभुजी प्रतिमा है।
- मंदिर के पास ही 'काजल शिखर' नामक स्थान है। यहाँ स्थित अखंड ज्योति से जो काजल बनता है, उसे श्रद्धालु बहुत पवित्र मानते हैं और इसे आँखों में लगाने से नेत्र विकार दूर होने की मान्यता है।

**22. [a]**

**व्याख्या:-**
- **मंदिर -** बदनौर - भीलवाड़ा।
- इस मंदिर का निर्माण **महाराणा कुंभा** ने करवाया था।
- इनका मेला भाद्रपद कृष्ण एकादशी से भाद्रपद अमावस्या तक भरता है।
- कुशाल माता चामुंडा देवी का अवतार हैं, इसी के पास **बैराठ माता का मंदिर** भी स्थित है।

**23. [a]**

**व्याख्या:-**
- इनका मुख्य मंदिर **मंडोर (जोधपुर)** में स्थित है।
- **राव चूंडा** द्वारा मंडौर में चामुंडा माता के मंदिर का निर्माण करवाया गया था।
- जोधपुर शासक **राव जोधा** द्वारा चामुंडा माता की मूर्ति मंडौर से मंगवाकर जोधपुर दुर्ग के चामुंडा बुर्ज पर स्थापित करवाई गयी थी।
- महाराजा **तख्तसिंह** ने इस मंदिर का जीर्णोद्वार करवाया।
- मारवाड़ के **राठौड़ों की इष्ट देवी/आराध्य देवी**।
- चामुंडा माता प्रतिहार/परिहारों के इंदावंश की कुलदेवी।
- **मंदिर -** मेहरानगढ़ दुर्ग (जोधपुर)
- चामुंडा माता के मंदिर में वर्ष 30 सितंबर, 2008 के आश्विन नवरात्र में भगदड़ मच जाने के कारण 300 लोगों की मृत्यु हुई थी। इस भगदड़ की जाँच के लिए **जसराज चोपड़ा समिति** गठित की गई।
- चामुंडा माता का एक अन्य मंदिर अजमेर में है, जो **पृथ्वीराज चौहान** तृतीय एवं चंदरबरदाई की इष्टदेवी हैं।

**24. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ सुगाली माता का मंदिर **आऊवा, पाली** में स्थित है।
◈ **ठाकुर कुशाल सिंह चंपावत** की इष्ट देवी हैं।
◈ इनकी प्रतिमा **54 हाथ व 10 सिरों** से सुसज्जित है।
◈ सुगाली माता को **'1857 की क्रांति की देवी'** भी कहा जाता है। 1857 में अंग्रेजों द्वारा इनकी मूर्ति को खंडित कर दिया गया था और मूर्ति को आबू ले गये।
◈ सुगाली माता की मूर्ति वर्तमान में पाली के बागड़ संग्रहालय में रखी गई है, इससे पहले यह अजमेर के **राजपूताना म्यूजियम** में थी।
◈ असावरी माता/आवरी माता का मंदिर **चित्तौड़गढ़ जिले के निकुंभ गाँव** में है।
◈ आवरी माता **शारीरिक व्याधियों (लकवा)** के निवारण हेतु प्रसिद्ध हैं।
◈ आमज माता का मंदिर **रीछड़े गाँव केलवाड़ा** में है।
◈ आमज माता **भीलों की कुलदेवी** हैं।
◈ आमज माता की पूजा **एक भील भोपा** एवं **एक ब्राह्मण पुजारी** करता है।

**25. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ अंबिका माता का प्रसिद्ध मंदिर **जगत गाँव (उदयपुर)** में है, जो कि महामारू शैली में निर्मित है जिसका शिखर नागरशैली में निर्मित है। इस मंदिर का निर्माण **अल्लट** द्वारा 10वीं शताब्दी में करवाया गया।
◈ यहाँ नृत्य गणपति की विशाल प्रतिमा स्थित है।
◈ इसे मेवाड़ का खजुराहो भी कहा जाता है।
◈ भदाणा माता **हाड़ा चौहानों** की कुलदेवी हैं। इनका मंदिर कोटा जिले में स्थित है।
◈ यहाँ **मूठ की चपेट में आये लोगों** का इलाज होता है।

**26. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ छींक माता का मंदिर जयपुर में **गोपाल जी** के रास्ते में स्थित है, माघ शुक्ल सप्तमी को इनकी पूजा होती है।

**कालिका माता –**

◈ यह **गुहिल वंश की आराध्या /इष्ट देवी** है।
◈ इनका मंदिर **चित्तौड़गढ़ दुर्ग** में स्थित है। यह मंदिर सूर्य को समर्पित था किंतु इसकी प्रतिमा को मुस्लिम आक्रांताओं ने नष्ट कर दिया था। इसके पश्चात् **महाराणा सज्जनसिंह** द्वारा इसका जीर्णोद्धार करवाकर, कालिका माता की मूर्ति स्थापित करवायी।
◈ तुलजा भवानी छत्रपति शिवाजी की आराध्य देवी थी।
◈ इनका मंदिर **चित्तौड़गढ़ दुर्ग** में है।
◈ बीजासण माता – इन्दरगढ़ (बूँदी)

♦♦♦♦

# संत एवं संप्रदाय

**1. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है। इन कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और नीचे दिए गए कूट (Codes) की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

**कथन (A): दादू दयाल को राजस्थान का 'कबीर' कहा जाता है, लेकिन वे सूफी परंपरा के संत नहीं थे।**

**कारण (R): दादू दयाल भक्ति आंदोलन से जुड़े थे, जिनका मुख्य उद्देश्य हिंदू और मुस्लिम संतों के बीच वैचारिक समन्वय और प्रेम स्थापित करना था।**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

**2. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**

**कथन (I): दादूदयाल (राजस्थान के कबीर) का जन्म अलवर के धोलीदुब/दोलीदुब गाँव में 1542 AD में फाल्गुन शुक्ल नवमी को हुआ था।**

**कथन (II): दादू ने सामान्य भाषा (साधुक्कडी) में ब्रह्म, जीव, जगत और मोक्ष पर अपने उपदेश दिए।**

**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें।**

(a) कथन (i) और कथन (ii) दोनों गलत हैं।
(b) कथन (i) सही है, लेकिन कथन (ii) गलत है।
(c) कथन (i) गलत है, लेकिन कथन (ii) सही है।
(d) कथन (i) और कथन (ii) दोनों सही हैं।

**3. सुमेलित कीजिए-**

| **सम्प्रदाय** | **मुख्य पीठ** |
|---|---|
| **(A) निरंजनी** | **(1) पन्ना** |
| **(B) परनामी** | **(2) गाढ़ा** |
| **(C) गूदड़** | **(3) शाहपुरा** |
| **(D) रामस्नेही** | **(4) दाँतड़ा** |

**कूट :**

(a) A-2, B-4, C-1, D-3
(b) A-3, B-1, C-4, D-2
(c) A-2, B-1, C-4, D-3
(d) A-4, B-3, C-2, D-1

**4. आचार्य श्री तुलसी के संबंध में दिए गए कथनों पर विचार कीजिए–**

**i. इनका जन्म 1914 में लाडनूं में हुआ और ये जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सम्प्रदाय के 9वें आचार्य थे।**

**ii. इन्होंने वर्ष 1949 में चूरू के सरदारशहर से 'अणुव्रत आन्दोलन' का प्रारम्भ किया।**

**iii. वर्ष 1980 में इनके द्वारा लाडनूं में 'समण श्रेणी' की शुरुआत की गई।**

**iv. फरवरी 1994 में इनके सान्निध्य में सुजानगढ़ में 'मर्यादा महोत्सव' का आयोजन हुआ।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) केवल i और ii
(b) केवल ii और iii
(c) केवल i, iii और iv
(d) i, ii, iii और iv सभी

**5. संत जसनाथ जी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. इनका जन्म बीकानेर के कतरियासर गाँव के एक जाट परिवार में हुआ था।**
**2. इन्होंने गोरखमालिया नामक स्थान पर 12 वर्षों तक कठिन तपस्या की थी।**
**3. जसनाथी सम्प्रदाय के अनुयायियों के लिए कुल 36 नियम निर्धारित हैं।**
**4. दिल्ली सुल्तान सिकंदर लोदी ने इन्हें कतरियासर में जमीन भेंट की थी।**
**5. इस सम्प्रदाय के लोग 'पीले रंग' के धागे को गले में पहनना पवित्र मानते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) 1, 2, 3, 4 और 5 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 2, 3 और 4 (d) केवल 2, 4 और 5

**6. गौड़ीय सम्प्रदाय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक स्वामी मध्वाचार्य थे, जिन्होंने 'द्वैतवाद' दर्शन दिया।**
**2. बंगाल के चैतन्य महाप्रभु ने इस सम्प्रदाय को जन-जन तक पहुँचाया।**
**3. राजस्थान में इस सम्प्रदाय की प्रमुख पीठ जयपुर का 'गोविन्द देवजी मंदिर' है।**
**4. आमेर के राजा मानसिंह इस सम्प्रदाय के प्रमुख अनुयायी थे।**
**5. इस सम्प्रदाय की 'सहज पंथ' शाखा में केवल निराकार ईश्वर की पूजा की जाती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) 1, 2, 3, 4 और 5 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 2, 3 और 4 (d) केवल 3, 4 और 5

**7. रामानन्द के संदर्भ में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए–**
**A. संत पीपा के निवेदन पर रामानन्द राजस्थान आए थे ।**
**B. रामानन्द का प्रभाव राजस्थान में व्यापक रूप से दिखाई नहीं देता है।**
(a) केवल A सत्य है। (b) केवल B सत्य है।
(c) A और B दोनों सत्य हैं। (d) A और B दोनों असत्य हैं।

**8. रसिक सम्प्रदाय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. इस सम्प्रदाय की प्रमुख पीठ रैवासा (सीकर) में स्थित है, जिसकी स्थापना स्वामी अग्रदास जी ने की थी।**
**2. इसमें राम की माधुर्य भाव की भक्ति की जाती है तथा सीता-राम की श्रृंगारिक जोड़ी की पूजा होती है।**
**3. अग्रदास जी के शिष्य नाभादास जी थे, जिन्होंने प्रसिद्ध धार्मिक ग्रन्थ 'भक्तमाल' की रचना की थी।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**9. पाशुपत सम्प्रदाय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए–**
**1. इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक लकुलीश थे।**
**2. जालौर स्थित सुण्डा माता मंदिर में भगवान शिव की मूर्ति लकुलीश सम्प्रदाय की है।**
**3. मेवाड़ के हारित ऋषि इसी सम्प्रदाय के अनुयायी थे, जिनके आशीर्वाद से बप्पा रावल ने राज्य प्राप्त किया था।**
**दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 2 और 3

**10. स्वामी लाल गिरी और उनके द्वारा प्रवर्तित सम्प्रदाय के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. स्वामी लाल गिरी का जन्म चूरू जिले में हुआ था और उन्होंने अलखिया सम्प्रदाय की स्थापना की थी।**
**2. इस सम्प्रदाय का मुख्य केंद्र (प्रधान पीठ) बीकानेर में स्थित है।**
**3. 'अलख स्तुति प्रकाश' इस सम्प्रदाय का प्रमुख पूजनीय ग्रंथ है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) केवल 3 (d) केवल 1 और 3

**11. संत रानाबाई के संबंध में निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए–**
**1. संत रानाबाई का जन्म 1504 ई. में नागौर जिले के हरनावां गाँव में एक जाट परिवार में हुआ था।**
**2. इन्हें 'राजस्थान की दूसरी मीरा' के नाम से जाना जाता है और इनके गुरु संत चतुरदास (खोजी जी) थे।**
**3. संत रानाबाई ने फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी के दिन हरनावा में जीवित समाधि ली थी।**
**4. इनके पिता का नाम सवाई भोज और माता का नाम साडू खटानी था।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 4 (d) उपर्युक्त सभी सत्य हैं

**12. भक्त शिरोमणि गवरी बाई के संबंध में दिए गए कथनों पर विचार करते हुए असत्य कथन का चयन कीजिए–**
**1. गवरी बाई का जन्म डूँगरपुर के नागर ब्राह्मण कुल में हुआ था, जिन्हें 'वागड़ की मीरा' भी कहा जाता है।**
**2. इन्होंने भगवान कृष्ण को पति रूप में स्वीकार कर उनकी भक्ति की और 'कीर्तनमाला' नामक ग्रंथ की रचना की।**
**3. डूँगरपुर के महारावल पृथ्वी सिंह ने इनके निवास हेतु हरमिंदर (हरि मंदिर) का निर्माण करवाया था।**
**कूट (Options):**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 2

**13. संत हरिदास निरंजनी और निरंजनी सम्प्रदाय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**i. इनका मूल नाम हरिसिंह साँखला था और इन्हें 'कलियुग का वाल्मीकि' कहा जाता है।**
**ii. इस सम्प्रदाय की प्रधान पीठ गाढ़ा (डीडवाना) में स्थित है और यहाँ फाल्गुन शुक्ल एकम् से द्वादशी तक मेला भरता है।**
**iii. 'मंत्र राजप्रकाश' और 'हरिपुरुष की वाणी' इनके द्वारा रचित प्रमुख ग्रंथ हैं।**
**iv. इस सम्प्रदाय की 'निहंग' शाखा के अनुयायी गृहस्थ जीवन व्यतीत करते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल i और ii (b) केवल i, ii और iii
(c) केवल ii, iii और iv (d) i, ii, iii और iv

**14. राजस्थान की महिला संतों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**i. संत भूरी बाई अलख मेवाड़ क्षेत्र से थीं और उन्होंने निर्गुण एवं सगुण भक्ति मार्ग का समन्वय किया।**

**ii. भूरी बाई उदयपुर की अलारख बाई और उस्ताद हैदराबादी के भजनों से प्रभावित थीं।**

**iii. संत कर्मठी बाई का संबंध बागड़ क्षेत्र से था और उन्होंने वृंदावन में कृष्ण की साधना की।**

**iv. संत फूली बाई जोधपुर से थीं, जिन्हें महाराजा जसवंत सिंह ने अपनी धर्म बहन बनाया था।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

(a) केवल i और ii (b) केवल ii और iii
(c) केवल i, iii और iv (d) i, ii, iii और iv

**15. संत रज्जब जी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**i. इनका जन्म सांगानेर (जयपुर) में हुआ और ये संत दादू दयाल जी के प्रमुख शिष्य थे।**

**ii. ये जीवन भर दूल्हे के वेश में रहे और इनके निवास स्थान को 'रज्जब द्वार' कहा जाता है।**

**iii. 'रज्जब वाणी' और 'सर्वंगी' इनके द्वारा रचित प्रमुख काव्य रचनाएँ हैं।**

**iv. इनका प्रसिद्ध कथन है- "यह संसार वेद है, सृष्टि कुरान है।"**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

(a) केवल i और iii (b) केवल ii और iv
(c) केवल i, ii और iii (d) i, ii, iii और iv

**16. निम्बार्क सम्प्रदाय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**i. इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य निम्बार्क हैं, जिन्होंने 'वेदान्त पारिजात' भाष्य की रचना की।**

**ii. इस सम्प्रदाय का दर्शन 'द्वैताद्वैत' या 'भेदाभेद' कहलाता है।**

**iii. राजस्थान में इसकी प्रमुख पीठ सलेमाबाद (अजमेर) में है, जिसकी स्थापना परशुराम देवाचार्य ने की थी।**

**iv. इस सम्प्रदाय में राधा को श्रीकृष्ण की परिणीता मानकर उनके युगल स्वरूप की पूजा की जाती है।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

(a) केवल i, ii और iii (b) केवल ii और iv
(c) केवल i और iii (d) i, ii, iii और iv

**17. संत धन्ना जी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए और बताइए कि इनमें से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

**1. संत धन्ना जी स्वामी रामानंद के शिष्य थे और उन्हें राजस्थान में धार्मिक आंदोलन का श्रीगणेश करने का श्रेय दिया जाता है।**

**2. इनका जन्म टोंक जिले के धुवन गाँव में हुआ था, जहाँ वर्तमान में इनका पैनोरमा भी स्थित है।**

**3. संत धन्ना जी द्वारा रचित पदों को 'धन्ना जी की आरती' कहा जाता है।**

**कूट (Options):**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1

**18. रामस्नेही सम्प्रदाय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए–**

**1. इस सम्प्रदाय की स्थापना संत रामचरण जी ने की थी, जिसका प्रमुख केंद्र शाहपुरा (भीलवाड़ा) है।**

**2. सिंहथल (बीकानेर) शाखा के संस्थापक संत हरिराम दास जी थे।**

**3. खेड़ापा (जोधपुर) शाखा के संस्थापक संत दरियावजी थे।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

**19. संत चरणदासजी और उनकी शिष्याओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. संत चरणदासजी का जन्म अलवर जिले के डेहरा गाँव में हुआ था और इन्होंने चरणदासी सम्प्रदाय की स्थापना की थी।**

**2. इनकी शिष्या दयाबाई ने 'दयाबोध' और 'विनय मालिका' जैसे ग्रंथों की रचना की थी।**

**3. सहजोबाई को 'मत्स्य की मीरा' कहा जाता है, जिन्होंने 'सहज प्रकाश' और 'सोलह तिथि' ग्रंथों की रचना की।**

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**20. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म है-**

| | **संत** | **माता** |
|---|---|---|
| (a) | पीपा जी – | लक्ष्मीवती |
| (b) | रामदास जी - | अणमी |
| (c) | जाम्भो जी- | हंसा बाई |
| (d) | रामचरण जी- | रूपादे |

**21. संत जाम्भोजी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए असत्य कूट का चयन कीजिए–**

**कथन:**

**1. जाम्भोजी का जन्म 1451 ई. (भाद्रपद कृष्ण अष्टमी) को पीपासर (नागौर) के एक राजपूत परिवार में हुआ तथा इनके बचपन का नाम धनराज था।**

**2. इन्होंने 1485 ई. में समराथल (बीकानेर) में अपने अनुयायियों को 29 नियमों का उपदेश देकर 'विश्नोई संप्रदाय' की स्थापना की।**

**3. जाम्भोजी द्वारा रचित 'जम्भसागर' ग्रंथ को विश्नोई संप्रदाय के अनुयायी पाँचवाँ वेद एवं उन्नीसवाँ पुराण मानते हैं।**

**4. मुकाम (बीकानेर) इनका समाधि स्थल है, जहाँ प्रतिवर्ष आश्विन और फाल्गुन माह की अमावस्या को मेला भरता है।**

**5. जाम्भोजी द्वारा अभिमंत्रित जल 'साथरी' कहलाता है, जिसे पिलाकर उन्होंने अनुयायियों को दीक्षित किया था।**

**कूट (Options):**

(a) केवल 3 और 5 असत्य हैं (b) केवल 1, 2 और 4 असत्य हैं
(c) केवल 5 असत्य है (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

**22. संत लालदास जी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**कथन:**

**1. इनका जन्म 1540 ई. में अलवर जिले के धौलीदूब गाँव में एक मेव परिवार में हुआ था।**

**2. लालदास जी ने तिजारा के प्रसिद्ध सूफी संत गदन चिश्ती से दीक्षा ली थी।**

**3. लालदासी संप्रदाय की प्रधान पीठ शेरपुर (कोटपुतली-बहरोड़) में स्थित है।**

**4. इन्होंने निर्गुण भक्ति मार्ग को अपनाया और इनके उपदेश 'लालदास जी की चेतावनियाँ' नामक ग्रंथ में संकलित हैं।**

**5. इस संप्रदाय की मान्यता मेव जाति में अधिक है और यह हिंदू-मुस्लिम एकता का अनूठा उदाहरण पेश करता है।**

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन असत्य है/हैं?**

**कूट (Options):**

(a) केवल 1, 2 और 5 (b) केवल 3
(c) केवल 2 और 4 (d) कोई भी कथन असत्य नहीं है

**23. 'राजस्थान की राधा' मीराबाई के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए असत्य कूट को चुनिए-**

**कथन:**

**1. मीराबाई का जन्म 1498 ई. (आखातीज) को कुड़की गाँव (ब्यावर) के रतन जी राठौड़ के यहाँ हुआ था।**

**2. इनका विवाह मेवाड़ के महाराणा सांगा के ज्येष्ठ पुत्र भोजराज के साथ हुआ।**

**3. मीराबाई ने सगुण भक्ति मार्ग को अपनाते हुए 'पदावली' और 'सत्यभामाजी नू रुसणो' जैसे ग्रंथों की रचना की।**

**4. मीराबाई के निर्देशन में रतना खाती ने 'नरसी जी रो मायरो' ग्रंथ की रचना मूलतः राजस्थानी भाषा में की थी।**

**5. मीराबाई के बचपन का नाम पेमल था और इन्होंने संत रैदास एवं रूप गोस्वामी को अपना आध्यात्मिक गुरु माना।**

**कूट (Options):**

(a) केवल 1 और 5

(b) केवल 4

(c) केवल 2, 3 और 5

(d) इनमें से कोई नहीं

**24. ज्ञान समुद्र, बावनी, रामजी अष्टक नामक कृतियों का संबंध किस संत से है?**

(a) संत धन्ना (b) संत रंज्जबजी

(c) सुन्दरदास (d) संत पीपा

**25. संत मावजी के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़कर असत्य कूट का चयन कीजिए–**

**कथन:**

**1. संत मावजी का जन्म और इनके संप्रदाय की प्रधान पीठ साबला गाँव (डूँगरपुर) में स्थित है।**

**2. इन्होंने 'निष्कलंक संप्रदाय' की स्थापना की और भगवान कृष्ण की भक्ति का प्रचार किया।**

**3. मावजी को भगवान विष्णु का 'कल्कि अवतार' माना जाता है।**

**4. इन्होंने केवल भक्ति मार्ग पर बल दिया और कर्म व योग जैसी साधनाओं को गौण माना।**

**कूट (Options):**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3

(c) केवल 4 (d) सभी कथन सत्य हैं।

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [a]**

**व्याख्या:-**

- दादू दयाल एक भक्ति संत थे, जो सूफी संत नहीं थे। जिन्हें राजस्थान और गुजरात में अपनी शिक्षाओं के लिए जाना जाता है।
- वे भक्ति आंदोलन से संबंधित थे, जो हिंदू और मुस्लिम संतों के बीच एक मजबूत संबंध था।
- अमीर खुसरो, बाबा फरीद और ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती तीनों सूफी संत थे।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह अजमेर में **तारागढ़ पहाड़ी** के पास बनी है।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती पृथ्वीराज तृतीय के शासनकाल में मोहम्मद गौरी के साथ भारत आए थे।
- मोहम्मद गौरी ने इन्हें **सुल्तान-ए-हिंद** की उपाधि प्रदान की थी।

**2. [c]**

**व्याख्या:-**

**संत दादू दयाल जी**

- ***जन्म*** - 1544 ई. में फाल्गुन शुक्ल अष्टमी को अहमदाबाद (गुजरात) में हुआ।
- **दादू पंथ की स्थापना** - दादू दयाल जी ने 1574 ई. में सांभर में दादू पंथ/निपरत सम्प्रदाय/ब्रह्म सम्प्रदाय की स्थापना की थी।
- गुरु – बुड्ढनजी/वृंदावनजी, ये कबीरदासजी के शिष्य थे।
- प्रधान पीठ – नरैना/ नरायणा (जयपुर)
- अलख दरीबा - दादू पंथ में सत्संग स्थल को 'अलख दरीबा' कहते हैं।
- **दादू पंथ के पंचतीर्थ स्थल -**

1. कल्याणपुर 2. सांभर

3. आमेर 4. नरैना

5. भैराणा।

**3. [c]**

**व्याख्या:-**

**रामस्नेही संप्रदाय -**

- **संत रामचरण जी** ने शाहपुरा में 1751 ई. में रामस्नेही सम्प्रदाय की मुख्य गद्दी स्थापित की।
- **मेला –** चैत्र कृष्ण एकम् से चैत्र कृष्ण पंचमी तक

**परनामी संप्रदाय -**

- प्राणनाथ द्वारा स्थापित इस संप्रदाय के अनुयायी निर्गुण विचारधारा का पालन करते हैं।
- प्रधान पीठ - पन्ना, मध्य प्रदेश।
- राजस्थान में इसका प्रभाव आदर्शनगर (जयपुर) में है।

**निरंजनी/निराला सम्प्रदाय**

- हरिदासजी ने निरंजनी/निराला सम्प्रदाय की स्थापना की थी। इस संप्रदाय में परमात्मा को 'अलख निरंजन' या 'हरि निरंजन' कहा जाता है।
- प्रधान पीठ - गाढा (डीडवाना)।

**गुदड़ सम्प्रदाय-**

- इस प्रवर्तक- संतदास जी (निर्गुण भक्ति) है।
- इस की प्रमुख पीठ- दांतड़ा (शाहपुरा-भीलवाडा) में स्थित है।

**4. [d]**

**व्याख्या:-**

**आचार्य श्री तुलसी**

- जन्म **-** 20 अक्टूबर, 1914 को लाडनू (डीडवाना कूचामन) में।
- 'अणुव्रत' का सिद्धान्त दिया।
- 'जैन श्वेताम्बर सम्प्रदाय' के 9वें आचार्य।
- वर्ष 1949 में चूरू जिले के सरदारशहर से 'अणुव्रत आन्दोलन' प्रारम्भ किया।
- वर्ष 1980 में लाडनूं में 'समण श्रेणी' को प्रारम्भ किया।
- फरवरी, 1994 में सुजानगढ़ में 'मर्यादा महोत्सव' का आयोजन करवाया।
- आचार्य तुलसी जी प्रेरणा से जैन विश्व भारती लाडनू (डीडवाना-कूचामन) की स्थापना हुई जिसे डिम्ड विश्व विद्यालय का दर्जा प्राप्त है।

**5. [c]**

**व्याख्या:-**

**जसनाथ जी (निर्गुण भक्ति)**

- इनका जन्म 1482 ई. (विक्रम संवत् 1539) में कार्तिक शुक्ल एकादशी (देवउठनी एकादशी) को कतरियासर गाँव (बीकानेर) के जाट परिवार में हुआ।

- ◈ माता-पिता – रूपादे-हमीरजी जाणी।
- ◈ बचपन का नाम – जसवंतसिंह।
- ◈ गुरु – गोरखनाथ।
- ◈ प्रधानपीठ - कतरियासर (बीकानेर)।
- ◈ जसनाथजी ने बीकानेर के गोरखमालिया नामक स्थान पर 12 वर्ष तपस्या की थी।
- ◈ 1504 ई. में **जसनाथजी ने जसनाथी सम्प्रदाय की कतरियासर** (बीकानेर) में स्थापना की।
- ◈ इस सम्प्रदाय में कुल **36 नियम** होते हैं।
- ◈ इस सम्प्रदाय के लोग गले में काले रंग का धागा बांधते हैं।
- ◈ जाल वृक्ष तथा मोर के पंख को पवित्र मानते हैं।
- ◈ 1506 ई. में जसनाथजी ने आश्विन शुक्ल सप्तमी को कतरियासर (बीकानेर) में समाधि ली। इस दिन प्रतिवर्ष यहाँ पर मेला भरता है।
- ◈ परमहंस - जसनाथी सम्प्रदाय के अनुयायी, जो पूरी तरह से इस संसार से विरक्त हो गए, वे **परमहंस** कहलाए।
- ◈ दिल्ली के बादशाह सिकन्दर लोदी ने जसनाथ जी के चमत्कारों से प्रभावित होकर कतरियासर (बीकानेर) में 500 बीघा जमीन भेंट की थी।

**6. [c]**

**व्याख्या:-**

**गौड़ीय सम्प्रदाय -**

- ◈ प्रवर्तक - स्वामी मध्वाचार्य (12वीं सदी में)
- ◈ रचित भाष्य - पूर्ण प्रज्ञ भाष्य।
- ◈ प्रवर्तित दर्शन – द्वैतवाद।
- ◈ इस सम्प्रदाय को नया रूप देकर प्रवर्तित करने व जन-जन तक फैलाने का कार्य बंगाल के **'गौरांग महाप्रभु चैतन्य'** ने किया।
- ◈ प्रमुख पीठ - गोविन्द देवजी का मंदिर (जयपुर)।
- ◈ गौड़ीय सम्प्रदाय में **'राधा-कृष्ण'** के युगल स्वरूप की पूजा की जाती है।
- ◈ गौड़ीय सम्प्रदाय का अन्य प्रसिद्ध मंदिर करौली में **'मदनमोहन जी का मंदिर'** है।
- ◈ **'सहज पंथ'** गौड़ीय सम्प्रदाय की एक शाखा है जिसमें भजन व साधना के लिए एक सुन्दर व परकीया स्त्री की आवश्यकता होती है।
- ◈ आमेर के राजा मानसिंह इस सम्प्रदाय के अनुयायी थे।

**7. [a]**

**व्याख्या:-**

- ◈ संत पीपा के निवेदन पर रामानन्द अपने शिष्यों के साथ गागरोन, राजस्थान आए थे ।
- ◈ राजस्थान में रामानन्दी सम्प्रदाय की प्रमुख पीठ गलताजी (जयपुर) में है।
- ◈ सवाई जयसिंह ने रामानन्दी सम्प्रदाय को प्रश्रय दिया तथा राजकवि श्रीकृष्ण भट्ट कलानिधि से 'राम रासौ' ग्रन्थ की रचना करवाई, इसमें भगवान राम और सीता की प्रेम कहानी है।
- ◈ आमेर के राजा पृथ्वीराज तथा उनकी रानी बाला बाई कृष्णदास पयहारी के अनुयायी थे।
- ◈ रामानन्द ने दक्षिण भारत से उत्तर भारत में भक्ति परम्परा की शुरुआत की।
- ◈ रामानन्द द्वारा उत्तरी भारत में प्रवर्तित मत 'रामावत' या 'रामानन्दी सम्प्रदाय' कहलाया।
- ◈ इस सम्प्रदाय में 'ज्ञानमार्गी राम भक्ति की प्रधानता' थी।
- ◈ रामानंद की भक्ति 'दास्य भाव' की थी।
- ◈ इस सम्प्रदाय में श्रीराम-सीता की शृंगारिक जोड़ी की पूजा की जाती है।

**8. [d]**

**व्याख्या:-**

**रसिक सम्प्रदाय: -**

- ◈ रसिक सम्प्रदाय की प्रमुख पीठ - रैवासा (सीकर) में स्थित है।
- ◈ इस पीठ के संस्थापक स्वामी अग्रदास जी थे जो कृष्णदास पयहारी के शिष्य थे।
- ◈ इसमें राम की माधुर्य भाव की भक्ति होती है तथा सीता और राम की श्रृंगारिक जोड़ी की पूजा की जाती है।
- ◈ अग्रदासजी के शिष्य नाभादास जी थे, जिन्होंने 'भक्तमाल' धार्मिक ग्रन्थ की रचना की थी।
- ◈ भक्तिकाल के कवियों में स्वामी अग्रदास के शिष्य नाभादांस का विशिष्ट स्थान है।

**9. [c]**

**व्याख्या:-**

**पाशुपत सम्प्रदाय**

- ◈ संप्रदाय के प्रवर्तक ◈ लकुलीश थे।
- ◈ मेवाड़ के **हारित ऋषि लकुलीश सम्प्रदाय** के थे।
- ◈ बप्पा रावल द्वारा निर्मित मेवाड़ के आराध्य देव एकलिंगजी का शिव मंदिर पाशुपत सम्प्रदाय का प्रमुख मंदिर है।
- ◈ सुण्डा माता मंदिर में भी भगवान शिव की मूर्ति लकुलीश सम्प्रदाय की है।

**10. [b]**

**व्याख्या:-**

**स्वामी लाल गिरी**

- ◈ इनका जन्म चूरू में हुआ।
- ◈ मुख्य केन्द्र- बीकानेर
- ◈ इन्होंने अलखिया सम्प्रदाय चलाया था।
- ◈ पुस्तक - अलख स्तुति प्रकाश।

**11. [c]**

**व्याख्या:-**

**संत रानाबाई**

- ◈ **जन्म** ◈ 1504 ई.में।
- ◈ **जन्म स्थान** – हरनावां (नागौर)
- ◈ **पिता** – रामगोपाल
- ◈ **माता** – गंगाबाई
- ◈ **गुरु** – संत चतुरदास (खोजी जी)
- ◈ **उपनाम** – राजस्थान की दूसरी मीरा
- ◈ संत रानाबाई ने कृष्ण भक्ति के मार्ग पर चलते हुए चतुरदास से शिक्षा प्राप्त की।
- ◈ 1570 ई. में, फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी के दिन, राना बाई ने हरनावा में जीवित समाधि ली।

**12. [b]**

**व्याख्या:-**

**गवरीबाई**

- ◈ **जन्म** – डूँगरपुर के नागर कुल में।
- ◈ **उपनाम** – वागड़ की मीरा।
- ◈ **रचना** – कीर्तनमाला।
- ◈ इन्होंने कृष्ण को पति रूप में स्वीकार कर कृष्ण भक्ति की।
- ◈ डूँगरपुर के महारावल शिवसिंह ने गवरी बाई के प्रति श्रद्धा स्वरूप बालमुकुन्द मंदिर का निर्माण करवाया।

**13. [b]**

**व्याख्या:-**

**हरिदास निरंजनी**

- ◈ जन्म - कापड़ोद (डीडवाना) में हुआ।
- ◈ मूल नाम - हरिसिंह साँखला
- ◈ उपनाम - कलयुग के वाल्मीकि
- ◈ संन्यासी बनने से पहले डाकू थे।
- ◈ प्रधान पीठ - गाढा (डीडवाना)।
- ◈ मेला - फाल्गुन शुक्ल एकम् से फाल्गुन शुक्ल द्वादशी तक।
- ◈ प्रमुख ग्रंथ - मंत्र राजप्रकाश, हरिपुरुष की वाणी।
- ◈ हरिदासजी ने **निरंजनी/निराला सम्प्रदाय की स्थापना** की थी।

- इस संप्रदाय में परमात्मा को **'अलख निरंजन' या 'हरि निरंजन'** कहा जाता है।
- **शाखाएँ**

**i. निहंग**
- ये भिक्षा से उदरपूर्ति करते हैं, खाकी रंग की गुदड़ी गले में डाले रखते हैं।

**ii. घरबारी**
- ये गृहस्थ जीवन जीने वाले अनुयायी हैं।
- निरंजनी सम्प्रदाय नाथमल एवं संतमल के मध्य की कड़ी माना जाता है।

**14. [d]**

**व्याख्या:-**

**संत भूरी बाई अलख**
- मेवाड़ की प्रसिद्ध कृष्ण की उपासक थी।
- **क्षेत्र –** मेवाड़
- इन्होंने **निर्गुण और सगुण भक्ति** का समन्वय किया।
- भूरी बाई उदयपुर की अलारख बाई और उस्ताद हैदराबादी के भजनों से प्रभावित थीं।

**संत कर्मठी बाई**
- **क्षेत्र –** बागड़ क्षेत्र।
- इन्होंने वृंदावन में साधना की तथा ये कृष्ण उपासिका थी।

**संत फूली बाई**
- **क्षेत्र –** जोधपुर।
- जोधपुर महाराजा जसवंत सिंह ने फूलीबाई को धर्म बहन बनाया था।

**15. [d]**

**व्याख्या:-**

**संत रज्जब जी –**
- इनका जन्म सांगानेर (जयपुर) में हुआ।
- रज्जब जी परिणय सूत्र में बँधने जा रहे थे, परन्तु रास्ते में दादू दयाल जी के उपदेश सुनकर सांसारिक मोह-माया का त्याग करके दादू दयाल जी के शिष्य बन गए।
- रज्जब जी जिन्दगी भर दूल्हे के वेश में रहे थे।
- रज्जब जी के निवास स्थान को 'रज्जब द्वार' कहा गया।
- इनके शिष्यों को 'रज्जबपंथी या 'रज्जबात' कहा गया है।
- प्रमुख रचनाएँ- (i) रज्जब वाणी, (ii) सर्वंगी।
- **प्रसिद्ध कथन –** यह संसार वेद है सृष्टि कुरान है।

**16. [d]**

**व्याख्या:-**

**निम्बार्क सम्प्रदाय**
- प्रवर्तक - आचार्य निम्बार्क (12वीं सदी में)
- रचित भाष्य - वेदान्त पारिजात
- प्रवर्तित दर्शन - द्वैताद्वैत या भेदाभेद
- प्रमुख पीठ - **सलेमाबाद (अजमेर)**
- इस पीठ की स्थापना आचार्य परशुराम जी देवाचार्य द्वारा की गई।
- सर्वप्रथम यह संप्रदाय **वृंदावन में प्रसारित** हुआ।
- इस सम्प्रदाय में **राधा को श्रीकृष्ण की परिणीता** माना जाता है तथा **युगल स्वरूप की मधुर सेवा** की जाती है।
- मारवाड़ में निम्बार्क सम्प्रदाय को **'नीमावत'** के नाम से जाना जाता है।

**17. [c]**

**व्याख्या:-**
- धन्ना जी **रामानन्द के शिष्य** थे।
- संत धन्ना जी पिता रामेश्वर जी।
- संत धन्ना को राजस्थान में **भक्ति आन्दोलन का प्रवर्तक** माना जाता है।
- राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति, कक्षा 10 पुस्तक के अनुसार राजस्थान में धार्मिक आन्दोलन का श्रीगणेश करने का श्रेय धन्ना को है।
- धन्ना जी द्वारा रचित पद- **धन्ना जी की आरती**
- धन्ना जी का पैनोरमा - **धुवन गाँव (टोंक)** में स्थित है।

**18. [c]**

**व्याख्या:-**
- **रामस्नेही संप्रदाय** की स्थापना **संत रामचरण** ने की थी।
- इस संप्रदाय का प्रमुख केंद्र **शाहपुरा (भीलवाड़ा)** था।

**राजस्थान में रामस्नेही सम्प्रदाय की प्रमुख पीठें -**

**(i) रैण शाखा**
- मेड़ता सिटी (नागौर)
- संस्थापक - संत दरियावजी

**(ii) खेड़ापा शाखा**
- जोधपुर
- संस्थापक - संत रामदासजी

**(iii) सिंहथल शाखा**
- बीकानेर
- संस्थापक - हरिराम दास जी
- रामस्नेही सम्प्रदाय अपना **फूलडोल महोत्सव राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा** में मनाते हैं।
- यह महोत्सव **संप्रदाय की प्रधान पीठ पर आयोजित** किया जाता है।

**19. [d]**

**व्याख्या:-**

**चरणदासजी**
- जन्म - विक्रम संवत् 1760 में (1703 ई.) भाद्रपद शुक्ल तृतीया को डेहरा गाँव (अलवर) में हुआ।
- **प्रमुख शिष्याएँ -**

  **(i) दयाबाई-**
- जन्म - डेहरा गाँव (अलवर) में हुआ।
- प्रमुख ग्रंथ - दयाबोध, विनय मालिका है।

  **(ii) सहजोबाई-**
- जन्म - डेहरा गाँव (अलवर) में हुआ।
- सहजोबाई ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की थी, इन्हें '**मत्स्य मीरा**' कहा जाता है।
- प्रमुख ग्रंथ **-** सहज प्रकाश**,** सबद वाणी व सोलह तिथि है।

**20. [d]**

**व्याख्या:-**
- उत्पादकता वृद्धि आर्थिक प्रतिस्पर्धात्मकता और विकास का प्रमुख कारक है। तकनीकी उन्नयन उत्पादन दक्षता बढ़ाता है। उत्पादकता का आर्थिक विकास से सीधा संबंध है।

♦♦♦♦

# भारत की राजव्यवस्था

# 01 भारत का संवैधानिक विकास

1. **भारत सरकार अधिनियम, 1935 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. इसमें ब्रिटिश भारतीय प्रांतों और रियासतों के संघ के आधार पर एक अखिल भारतीय संघ की स्थापना का प्रावधान किया गया।**
**2. रक्षा और विदेशी मामलों को संघीय विधायिका के नियंत्रण में रखा गया।**
**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

2. **भारत शासन अधिनियम, 1935 के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये -**
**1. अधिनियम में 110 धाराएं और 12 अनुसूचियां थी।**
**2. अधिनियम ने ऐसे अखिल भारतीय संघ की स्थापना की व्यवस्था की जिसमें प्रान्त एवं देशी रियासतें इकाइयों के रूप में सम्मिलित थे।**
**3. अधिनियम ने केन्द्र एवं इकाइयों के मध्य शक्तियों का विभाजन दो सूचियों - संघीय सूची व प्रान्तीय सूची में किया।**
**4. अवशिष्ट शक्तियां गवर्नर जनरल को दी गयीं।**
**उपर्युक्त में से कौन से कथन सहीं है -**
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 2 और 4 दोनों
(c) 2 और 3 (d) 3 और 4 दोनों

3. **नीचे दिए गए दो वक्तव्यों को कथन (a) और तर्क (R) के रूप में चिह्नित किया गया है । दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में, निम्न में से कौन सा सत्य है ?**
**कथन (a) : भारत में, जनता अपना स्वयं का प्रतिनिधि चुनती है।**
**तर्क (R) : भारत में प्रजातंत्र है।**
(a) (a) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।
(b) (a) एवं (R) दोनों सत्य हैं और (R), (a) की सही व्याख्या है।
(c) (a) एवं (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (a) की सही व्याख्या नहीं है।
(d) (a) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।

4. **नीचे दिए गए दो वक्तव्यों को अभिकथन और तर्क (R) के रूप में चिह्नित किया गया है। दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्न में से कौन सा सत्य है ?**
**अभिकथन (a) : भारत लोकतांत्रिक है।**
(a) (a) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।
(b) (a) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (a) की सही व्याख्या है।
(c) (a) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (a) की सही व्याख्या नहीं हैं।
(d) (a) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।

5. **नीचे दिए गए दो वक्तव्यों को अभिकथन (a) और तर्क (R) के रूप में चिह्नित किया गया हैं। दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में, निम्न में से कौन सा सत्य है ?**
**अभिकथन (a) : भारतीय संविधान निकट रूप से ब्रिटिश संसदीय मॉडल का अनुसरण करता है।**
**तर्क (R) : भारत में संसद के ऊपरी सदन के पास न्यायिक शक्तियाँ हैं।**
(a) (a) एवं (R) दोनों सत्य हैं और (R), (a) की सही व्याख्या है।
(b) (a) एवं (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (a) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (a) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।
(d) (a) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

6. **सूची-1 का सूची-II से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| सूची-1 | सूची – II |
|---|---|
| (a) मोंट-फोर्ड रिपोर्ट | (i) 1928 |
| (b) मोतीलाल नेहरु रिपोर्ट | (ii) 1919 |
| (c) जे.वी.पी. समिति | (iii) 1948 |
| (d) मार्ले-मिंटो सुधार | (iv) 1909 |

**कूट –**
(a) a-(iv), b-(iii), c-(i), d-(ii)
(b) a-(iv), b-(i), c-(iii), d-(ii)
(c) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)
(d) a-(ii), b-(i), c-(iii), d-(iv)

7. **भारत सरकार अधिनियम 1919 के संबंध में निम्न में से कौन सी विशेषता सही नहीं है -**
(a) इसने शासन की एक दोहरी योजना पेश की, जिसे सामान्यतः डायरेकी कहा जाता है।
(b) यह देश में द्वीपक्षीय और प्रत्यक्ष चुनाव की बात करता है।
(c) यह अलग मतदाता प्रदान करके सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांत का समर्थन नहीं करता है।
(d) इसमें लोक सेवा आयोग की स्थापना का प्रावधान रखा गया।

8. **1813 के अधिनियम ने, निम्नलिखित के उन्मूलन का प्रारंभ किया -**
**(i) भारत के साथ व्यापार पर कंपनी का एकाधिकार**
**(ii) भारतीय चाय पर कंपनी का एकाधिकार**
**(iii) चीन के साथ व्यापार पर कंपनी का एकाधिकार**
**(iv) प्रशासनिक पदों पर कंपनी का एकाधिकार**
**सही कूट चुनिए -**
(a) केवल (i) (b) केवल (i) व (ii)
(c) केवल (i), (ii) व (iii) (d) (i), (ii), (iii) व (iv)

9. **भारत सरकार अधिनियम, 1935 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है -**
**(1) इस अधिनियम में ब्रिटिश प्रांतों और भारतीय राज्यों से मिलकर "अखिल भारतीय संघ" की परिकल्पना की गई थी।**
**(2) 1935 के अधिनियम का संघीय हिस्सा तब लागू हुआ जब रियासतों को संघ में शामिल होने के लिए राजी किया गया।**
**(3) भारत में केंद्र सरकार का संविधान वही रहा जो कुछ संशोधनों के साथ 1919 के अधिनियम के तहत था।**
**(4) 1919 के अधिनियम में यथा उपबंधित केन्द्रीय विधायिका की शक्ति और कार्य भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 तक अपरिवर्तित रहे।**
**कूट -**
(a) केवल 1 सही है (b) केवल 3 सही है
(c) 1, 3 और 4 सही हैं (d) 2 और 4 दोनों सही हैं

10. **अधोलिखित घटनाओं का सही कालक्रम चुनिए :**
**(i) अगस्त घोषणा** **(ii) मैक्डोनल्ड अवार्ड**
**(iii) अगस्त प्रस्ताव** **(iv) वैवेल योजना**
**कूट :**
(a) (i), (ii), (iii) एवं (iv) (b) (iii), (ii), (i) एवं (iv)
(c) (ii), (i), (iii) एवं (iv) (d) (i), (iii), (in) एवं (iv)

11. **निम्नांकित में से कौन सा भारत में संवैधानिक विकास का सही कालक्रम है -**
**(a) केन्द्रीय विधायिका के दो सदन**
**(b) केन्द्रीय विधानसभा के लिए निर्वाचन**
**(c) संविधान सभा की रचना**
**(d) केन्द्र और इकाइयों के मध्य शक्ति का वितरण**
**भारत में संवैधानिक विकास का सही कालक्रम है :**
(a) (b), (d), (a), (c) (b) (a), (b), (c), (d)
(c) (b), (c), (d), (a) (d) (b), (a), (d), (c)

12. **निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय शासन अधिनियम, 1919 के संबंध में त्रुटिपूर्ण कथन है -**
(a) पहली बार एक द्विसदनात्मक विधानमंडल की स्थापना की गई।
(b) इंग्लैण्ड में भारत के लिए एक हाई कमिश्नर की नियुक्ति का प्रावधान किया गया।
(c) केन्द्रीय विधानमंडल में गैर-सरकारी निर्वाचित सदस्यों का बहुमत कर दिया गया।
(d) गवर्नर जनरल को विधानमण्डल के प्रति उत्तरदायी बनाया गया।

13. **सुमेलित कीजिए-**

| **सूची 1** | **सूची 2** |
|---|---|
| **A. प्रांतीय द्वैध शासन** | **1. भारत सरकार अधि., 1858** |
| **B. संघीय शासन** | **2. भारत सरकार अधि., 1919** |
| **C. साम्प्रदायिक निर्वाचन** | **3. भारत सरकार अधि., 1935** |
| **D. कम्पनी के शासन की समाप्ति** | **4. मॉर्ले मिन्टो सुधार अधिनियम, 1909** |

(a) 3, 4, 2, 1 (b) 2, 3, 4, 1
(c) 2, 4, 3, 1 (d) 1, 3, 4, 2

14. **भारत सरकार अधिनियम, 1919 के तहत भारतीय जनसंख्या के किस वर्ग को वोट देने का अधिकार दिया गया था -**
(a) भारत के सभी नागरिकों
(b) भारत में रहने वाले केवल ब्रिटिश नागरिकों
(c) केवल वे पुरुष जो कुछ निश्चित संपत्ति और शैक्षिक योग्यताएँ पूरी करते हों
(d) केवल वे महिलाएँ जो कुछ निश्चित संपत्ति और शैक्षिक योग्यताएँ पूरी करती हों

15. **किस भारत सरकार अधिनियम के तहत भारत में संघ और प्रांतीय स्वायत्तता की शुरुआत की गई -**
(a) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(b) भारत सरकार अधिनियम, 1947
(c) भारत सरकार अधिनियम, 1861
(d) भारत सरकार अधिनियम, 1909

16. **भारतीय शासन अधिनियम, 1935 के द्वारा स्थापित संघ में अवशिष्ट शक्तियाँ किसे दी गई थीं ?**
(a) संघीय विधान मण्डल को
(b) गवर्नर जनरल को
(c) प्रांतीय विधान मण्डल को
(d) प्रांतीय राज्यपालों को

17. **भारत के संविधान की मूल संरचना के सिद्धांत का स्त्रोत है -**
(a) भारत का संविधान (b) न्यायिक व्यवस्था
(c) न्यायविदों के मत (d) संसदीय कानून

18. **निम्नांकित में से क्या भारत शासन अधिनियम, 1935 की विशेषता नहीं है -**
(a) संघ एवं प्रांतीय स्वायत्तता
(b) केन्द्र में द्वैध शासन
(c) समवर्ती सूची का सृजन
(d) प्रांतों में द्वैध शासन

19. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. Regulating Act ने बंगाल के गवर्नर को "गवर्नर-जनरल" का पद प्रदान किया।**
**2. इस अधिनियम ने कलकत्ता में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किया।**
**3. इस अधिनियम ने भारत में संघीय ढांचे की स्थापना की।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

20. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. Pitt's India Act ने कंपनी और क्राउन के बीच द्वैध नियंत्रण (Dual Control) स्थापित किया।**
**2. इसने "बोर्ड ऑफ कंट्रोल" की स्थापना की।**
**3. इस अधिनियम ने भारत में पूर्ण जिम्मेदार सरकार स्थापित की।**
**सही विकल्प चुनिए –**
(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

21. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. Charter Act ने बंगाल के गवर्नर-जनरल को "भारत का गवर्नर-जनरल" बनाया।**
**2. इसने विधि आयोग (Law Commission) की स्थापना का प्रावधान किया।**
**3. इसने प्रांतीय स्वायत्तता की स्थापना की।**
**सही विकल्प चुनिए**
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

22. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. Indian Councils Act ने विधायी परिषदों में भारतीयों को नामित करने की अनुमति दी।**
**2. इस अधिनियम ने पोर्टफोलियो प्रणाली को वैधानिक मान्यता दी।**
**3. इसने प्रत्यक्ष चुनाव की व्यवस्था शुरू की।**
**सही विकल्प चुनिए**
(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

23. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. Government of India Act ने पृथक निर्वाचक मंडल की व्यवस्था की।**
**2. इसने केंद्रीय स्तर पर द्वैध शासन (Diarchy) लागू किया।**
**3. इसने विधायी परिषदों का विस्तार किया।**
**सही विकल्प चुनिए**
(a) 1 और 3 (b) केवल 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. Government of India Act ने प्रांतों में द्वैध शासन (Diarchy) लागू किया।**
**2. इसने केंद्र में द्विसदनीय विधानमंडल की स्थापना की।**
**3. इसने संघीय न्यायालय की स्थापना की।**
**सही विकल्प चुनिए**
(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**
**1. Government of India Act ने संघीय ढांचे का प्रावधान किया।**
**2. इसने प्रांतीय स्वायत्तता स्थापित की।**
**3. इसने मौलिक अधिकारों को शामिल किया।**
**सही विकल्प चुनिए**
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [a]**
**व्याख्या:-**
- भारत सरकार अधिनियम, 1935 में वास्तव में अखिल भारतीय संघ की स्थापना का प्रावधान था। संघ में ब्रिटिश भारतीय प्रांत और रियासतें दोनों शामिल होनी थीं। हालाँकि, इस संघ की वास्तविक स्थापना एक निश्चित संख्या में रियासतों के इसमें शामिल होने पर सशर्त थी, जो अंततः नहीं हुआ, इसलिए संघ कभी नहीं बना।
- कथन 2 गलत है । भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत प्रशासित किए जाने वाले विषयों को आरक्षित और हस्तांतरित विषयों में विभाजित किया गया था। आरक्षित विषय- विदेशी मामले, रक्षा, आदिवासी क्षेत्र और धार्मिक मामले जिन्हें विशेष रूप से गवर्नर-जनरल द्वारा प्रशासित किया जाना था न कि संघीय विधायिका द्वारा। कार्यकारी पार्षदों की सलाह पर।

**2. [c]**
**व्याख्या:-**
- भारत सरकार अधिनियम, 1935 : यह लगभग 11 'भागों' और 10 'अनुसूचियों' का आयोजन किया गया था।
- इसने प्रांतों और रियासतों को इकाइयों के रूप में मिलाकर एक अखिल भारतीय संघ की स्थापना का प्रावधान किया।
- अधिनियम ने तीन सूचियों के संदर्भ में केंद्र और इकाइयों के बीच शक्तियों को विभाजित किया
- अवशिष्ट शक्तियाँ वायसराय को प्रदान की गई। हालाँकि, संघ कभी अस्तित्व में नहीं आया क्योंकि रियासतें इसमें शामिल नहीं हुईं।
- इसने प्रांतों में द्वैध शासन को समाप्त कर दिया और इसके स्थान पर 'प्रांतीय स्वायत्तता' की शुरुआत की।

**3. [b]**
**व्याख्या:-**
- भारत में एक लोकतंत्र है जिसका अर्थ है कि लोग अपने प्रतिनिधियों को अपनी पसंद से चुनते हैं। एक लोकतांत्रिक देश में, सभी पात्र नागरिकों को उन निर्णयों को लेने में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेने का अधिकार है जो उन्हें प्रभावित करते हैं।

**4. [c]**
**व्याख्या:-**
- भारत 15 अगस्त, 1947 को एक स्वतंत्र राष्ट्र बन गया, इसने 26 जनवरी, 1950 को संविधान को अपनाने के साथ खुद को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और गणतंत्र राज्य घोषित किया। संविधान ने भारत के नागरिकों को अपनी पसंद चुनने की शक्ति दी अपनी सरकार बनाई और लोकतंत्र का मार्ग प्रशस्त किया।

**5. [c]**
**व्याख्या:-**
- हमारे भारतीय संविधान ने यूनाइटेड किंगडम (UK) की संवैधानिक प्रक्रिया को अपनाया है।
- प्रधान मंत्री, संसद, मंत्रिमंडल और उसके सदन, मंत्रिपरिषद की प्रणाली का अनुकरण यूनाइटेड किंगडम के संविधान से उनकी चयन प्रक्रिया और कार्यकाल में थोड़ा बदलाव करके किया गया था।
- उच्च सदन को अक्सर समीक्षा सदन कहा जाता है क्योंकि यह कार्यकारी सरकार के कार्यों और निर्णयों की जांच, उन्हें ध्यान में रखते हुए करता है।
- निचला सदन धन विधेयकों को आरंभ और अनुमोदित करता है।

**6. [d]**
**व्याख्या:-**
- मार्ले-मिंटो सुधार, साल 1909 में पारित भारतीय परिषद अधिनियम को कहते हैं।
- मोंटैग्यू-चेम्सफ़ोर्ड रिपोर्ट, साल 1918 में ब्रिटिश संसद को दी गई सिफ़ारिशों का एक समूह था।
- मोतीलाल नेहरू रिपोर्ट, भारत के लिए नए संविधान की रूपरेखा थी। इसे 15 अगस्त, 1928 को पेश किया गया था।
- JVP समिति 1948-49 में भाषा के आधार पर नए राज्यों की स्थापना के लिए बनाई गई थी।

**7. [c]**
**व्याख्या:-**
- भारत सरकार अधिनियम, 1919 की विशेषताएं ये रहीं:
- इस अधिनियम ने देश में पहली बार द्विसदनीयता और प्रत्यक्ष चुनाव की शुरुआत की।
- इस अधिनियम ने प्रांतों में द्वैध शासन की शुरुआत की।
- इस अधिनियम ने सिविल सेवकों की भर्ती के लिए लोक सेवा आयोग की स्थापना का प्रावधान किया।
- इस अधिनियम ने केंद्र और प्रांत दोनों स्तरों पर शासन में सुधार किए।
- इस अधिनियम ने केंद्रीय विधायिका को ज़्यादा ताकतवर और जवाबदेह बनाया।

**8. [a]**
**व्याख्या:-**
- 1813 के चार्टर अधिनियम के प्रावधान : भारत में व्यापार पर कंपनी का एकाधिकार समाप्त हो गया, लेकिन कंपनी ने चीन के साथ व्यापार और चाय में व्यापार को बरकरार रखा।
- कंपनी के शेयरधारकों को भारत में राजस्व पर 10.5 प्रतिशत लाभांश दिया गया था।
- कंपनी को क्राउन की संप्रभुता के पक्षपात के बिना, प्रदेशों के कब्जे और 20 वर्षों के राजस्व को अधिक बनाए रखना था।
- नियंत्रण बोर्ड की शक्तियों को और बढ़ाया गया।
- हर साल भारत के मूल निवासियों के बीच साहित्य, शिक्षा और विज्ञान के पुनरुद्धार, प्रोत्साहन और प्रेरणा के लिए एक लाख की राशि निर्धारित की जानी थी।

**9. [c]**

**व्याख्या:-**

- 1935 के भारत सरकार अधिनियम के संघीय हिस्से को तब लागू नहीं किया गया जब रियासतों को संघ में शामिल होने के लिए राजी किया गया। दरअसल, रियासतों की भागीदारी न होने के कारण संघीय प्रावधानों को पूरी तरह से लागू नहीं किया गया।

**10. [a]**

**व्याख्या:-**

- 1917 में आई अगस्त घोषणा को मोंटेग्यू-अगस्त घोषणा भी कहा जाता है।
- सांप्रदायिक पुरस्कार ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड द्वारा 16 अगस्त 1932 को बनाया गया था।
- अगस्त प्रस्ताव, ब्रिटिश सरकार का एक प्रस्ताव था, जिसे 8 अगस्त, 1940 को वायसराय लॉर्ड लिनलिथगो ने शिमला में पेश किया था।
- वैवेल योजना, भारत के वायसराय लॉर्ड वेवेल द्वारा 4 जून, 1945 को प्रस्तावित की गई थी।

**11. [d]**

**व्याख्या:-**

- केन्द्रीय विधानसभा के लिए निर्वाचन (1919)
- केन्द्रीय विधायिका के दो सदन (1935)
- केन्द्र और इकाइयों के मध्य शक्ति का वितरण(1935)
- संविधान सभा की रचना (1946)

**12. [d]**

**व्याख्या:-**

- इस अधिनियम ने गवर्नर-जनरल को मुख्य कार्यकारी प्राधिकारी बनाया।
- वायसराय की कार्यकारी परिषद में आठ सदस्यों को शामिल करने का प्रावधान किया गया जिसमें तीन भारतीय सदस्यों को शामिल करना था।
- गवर्नर जनरल को अनुदानों में कटौती करने का अधिकार था, वह केंद्रीय विधायिका द्वारा लौटा दिये गए बिलों को प्रमाणित कर सकता था तथा अध्यादेश जारी कर सकता था।

**13. [b]**

**व्याख्या:-**

- 1919 का भारत सरकार अधिनियम (गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट) प्रांतीय सरकारों को मजबूत बनाने और द्वैध शासन की स्थापना करने के लिए था।
- भारत सरकार अधिनियम 1935 ने भारत में संघीय शासन की नींव रखी। इस अधिनियम ने ब्रिटिश प्रांतों और स्वेच्छा से शामिल होने वाले भारतीय राज्यों के संघ के गठन का आह्वान किया।
- 1909 में, भारत परिषद अधिनियम, जिसे मार्ले-मिंटो सुधार भी कहा जाता है, पेश किया गया था। 1909 के सुधारों ने साम्प्रदायिक निर्वाचन प्रणाली को अपनाया, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को नष्ट करना था।
- भारत सरकार अधिनियम 1858 ब्रिटिश संसद का एक अधिनियम था जिसने ईस्ट इंडिया कंपनी की सरकार और क्षेत्रों को ब्रिटिश क्राउन में स्थानांतरित कर दिया था। अधिनियम ने भारत में ब्रिटिश क्षेत्रों पर कंपनी के शासन को समाप्त कर दिया और इसे सीधे ब्रिटिश सरकार को पारित कर दिया।

**14. [c]**

**व्याख्या:-**

- भारत सरकार अधिनियम, 1919 के तहत, 21 साल से ज़्यादा उम्र की महिलाओं को सीमित संख्या में वोट देने का अधिकार दिया गया था। यह अधिनियम, जिसे मोंटेग्यू-चेम्सफ़ोर्ड सुधारों के नाम से भी जाना जाता है, ने भारत में पहली बार प्रत्यक्ष चुनाव की व्यवस्था की थी।

**15. [a]**

**व्याख्या:-**

- 1935 का भारत सरकार अधिनियम ने प्रांतीय स्वायत्तता के आधार पर प्रांतों के लिए सरकार की एक नई प्रणाली प्रदान की। प्रांतों में द्वैध शासन को समाप्त कर दिया और प्रांतीय स्वायत्तता की शुरुआत की।

**16. [b]**

**व्याख्या:-**

- अवशिष्ट शक्तियाँ वायसराय को दे दी गईं। इस अधिनियम के तहत केंद्र और राज्यों के बीच शक्तियों का बँटवारा किया गया तथा राज्य में द्वैध शासन समाप्त कर केंद्र में द्वैध शासन लागू किया गया।

**17. [b]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय संविधान की मूल संरचना के सिद्धांत का स्त्रोत, जर्मनी के संविधान और भारतीय न्यायिक नवाचार हैं

**18. [d]**

**व्याख्या:-**

- प्रांतों में द्वैध शासन को समाप्त कर दिया और प्रांतीय स्वायत्तता की शुरुआत की।
- इसने केंद्र में द्वैध शासन को अपनाने का प्रावधान किया जिसमें संघीय विषयों को आरक्षित और स्थानांतरित विषयों में विभाजित किया गया था।

**19. [a]**

**व्याख्या:-**

- Regulating Act, 1773 ने बंगाल के गवर्नर को गवर्नर-जनरल बनाया तथा 1774 में कलकत्ता में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की। संघीय ढांचा बाद में 1935 के अधिनियम में आया।

**20. [a]**

**व्याख्या:-**

- Pitt's India Act, 1784 ने द्वैध नियंत्रण की व्यवस्था की और बोर्ड ऑफ कंट्रोल स्थापित किया। पूर्ण जिम्मेदार सरकार की स्थापना बहुत बाद में हुई।

**21. [b]**

**व्याख्या:-**

- Charter Act, 1833 ने गवर्नर-जनरल ऑफ इंडिया का पद बनाया और प्रथम विधि आयोग (मैकॉले) का गठन किया। प्रांतीय स्वायत्तता 1935 के अधिनियम में आई।

**22. [a]**

**व्याख्या:-**

- 1861 के अधिनियम ने भारतीयों को परिषदों में नामित करने और पोर्टफोलियो प्रणाली को मान्यता दी। प्रत्यक्ष चुनाव की शुरुआत 1909 के अधिनियम से हुई।

**23. [a]**

**व्याख्या:-**

- 1909 के अधिनियम (मॉर्ले-मिंटो सुधार) ने पृथक निर्वाचक मंडल और परिषदों का विस्तार किया। द्वैध शासन 1919 के अधिनियम में लागू हुआ।

**24. [a]**

**व्याख्या:-**

- 1919 अधिनियम ने प्रांतों में द्वैध शासन लागू किया और केंद्र में द्विसदनीय व्यवस्था की। संघीय न्यायालय 1935 अधिनियम के अंतर्गत स्थापित हुआ।

**25. [b]**

**व्याख्या:-**

- 1935 अधिनियम ने संघीय ढांचे और प्रांतीय स्वायत्तता का प्रावधान किया। मौलिक अधिकार संविधान 1950 में शामिल किए गए।

♦ ♦ ♦ ♦

# शिक्षा मनोविज्ञान

## प्रकृति, क्षेत्र एवं प्रभावी शिक्षण के लिए इसके निहितार्थ

**1. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक कथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
**अभिकथन (A): आधुनिक मनोविज्ञान को व्यवहार एवं मानसिक प्रक्रियाओं का विज्ञान माना जाता है।**
**कारण (R): क्योंकि केवल बाह्य व्यवहार का अध्ययन ही वैज्ञानिक रूप से संभव है, मानसिक प्रक्रियाओं का नहीं।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(a) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) A सत्य है, परन्तु R असत्य है
(c) A असत्य है, परन्तु R सत्य है
(d) A और R दोनों असत्य हैं

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन मनोविज्ञान की वैज्ञानिक प्रकृति को सर्वाधिक उपयुक्त रूप से व्यक्त करता है?**
(a) यह केवल दार्शनिक चिंतन पर आधारित है
(b) यह अनुभवजन्य एवं प्रेक्षणीय तथ्यों पर आधारित अध्ययन करता है
(c) यह केवल आत्मा के अस्तित्व को सिद्ध करता है
(d) यह केवल व्यक्तिगत अनुभवों तक सीमित है

**3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. मनोविज्ञान व्यक्ति और उसके वातावरण के बीच अंतःक्रिया का अध्ययन करता है।**
**2. मनोविज्ञान केवल चेतन व्यवहार तक सीमित है।**
**3. मनोविज्ञान में पशु व्यवहार का भी अध्ययन किया जाता है।**
**सही विकल्प चुनिए:**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**4. निम्न कथनों पर विचार करें:**
**1. वुण्ट ने पहली प्रयोगशाला स्थापित की।**
**2. विलियम जेम्स ने संरचनावाद की स्थापना की।**
**3. वाटसन को व्यवहारवाद का जनक माना जाता है।**
**सही विकल्प चुनिए:**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) केवल 3

**5. निम्नलिखित कथनों में से कौन-से मनोविज्ञान के विकास क्रम को सही दर्शाते हैं?**
**1. मनोविज्ञान पहले आत्मा का विज्ञान माना गया।**
**2. मनोविज्ञान का वर्तमान स्वरूप चेतना के अध्ययन पर आधारित है।**
**3. व्यवहारवाद ने मनोविज्ञान को अधिक वस्तुनिष्ठ बनाया।**
(a) 1 और 3 (b) केवल 2
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1

**6. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक कथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में।**
**अभिकथन (A): व्यवहारवाद में उद्दीपक-अनुक्रिया (S-R) संबंध को प्रमुख माना गया है।**
**कारण (R): क्योंकि व्यवहारवाद चेतना और अनुभूति को मनोविज्ञान की विषयवस्तु मानता है।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(a) A सत्य है, परन्तु R असत्य है
(b) A और R दोनों असत्य हैं
(c) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R सही व्याख्या नहीं है
(d) A असत्य है, परन्तु R सत्य है

**7. मनोविज्ञान में "उद्दीपक-अनुक्रिया" (Stimulus-Response) की अवधारणा का मुख्य निहितार्थ क्या है?**
(a) व्यवहार जन्मजात होता है और परिवर्तित नहीं किया जा सकता
(b) सभी व्यवहार केवल आंतरिक मानसिक प्रक्रियाओं पर निर्भर करते हैं
(c) व्यवहार बाह्य उद्दीपकों के प्रति प्रतिक्रियाओं के रूप में समझा जा सकता है
(d) अधिगम केवल संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं पर आधारित है

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. मनोविज्ञान एक सकारात्मक विज्ञान है।**
**2. यह केवल भौतिक वातावरण का अध्ययन करता है।**
**3. यह व्यवहार के साथ मानसिक प्रक्रियाओं का भी अध्ययन करता है।**
**4. इसकी अवधारणाएँ समय के साथ परिवर्तित होती रही हैं।**
**सही विकल्प चुनिए:**
(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**9. मनोविज्ञान की शाखाओं के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें:**
**1. बाल मनोविज्ञान केवल शारीरिक विकास का अध्ययन करता है।**
**2. सामाजिक मनोविज्ञान समूह में व्यवहार का अध्ययन करता है।**
**3. असामान्य मनोविज्ञान मानसिक विकारों से संबंधित है।**
**4. औद्योगिक मनोविज्ञान कार्यस्थल व्यवहार से संबंधित है।**
**सही विकल्प चुनिए:**
(a) 2, 3 और 4 (b) 1 और 2
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 3 और 4

**10. शैक्षिक मनोविज्ञान के क्षेत्र को आकार देने वाली कई ऐतिहासिक जड़ों में से, एक अग्रणी व्यक्ति जिन्होंने पहली शैक्षिक मनोविज्ञान प्रयोगशाला स्थापित की और बालक को एक सक्रिय अधिगमकर्त्ता के रूप में देखा, वे थे:**
(a) विलियम जेम्स (b) जॉन ड्यूई
(c) ई. एल. थॉर्नडाइक (d) बी.एफ. स्कीनर

**11. किसके अनुसार "शिक्षा मनोविज्ञान व्यक्ति के जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक सीखने संबंधी अनुभवों का वर्णन और व्याख्या करता है?**
(a) स्किनर
(b) क्रो और क्रो
(c) पील
(d) जेम्स ड्रेवर

**12. निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए:**

| सूची-I (विद्वान) | सूची-II (योगदान) |
|---|---|
| (a) विलियम वुण्ट | (I) व्यवहारवाद |
| (b) जे.बी. वाटसन | (II) प्रथम प्रयोगशाला |
| (c) इवान पावलॉव | (III) शास्त्रीय अनुबंधन |
| (d) स्टेनले हॉल | (IV) अमेरिकन मनोवैज्ञानिक संघ |

**सही विकल्प चुनिए:**
(a) a-II, b-I, c-III, d-IV (b) a-I, b-II, c-IV, d-III
(c) a-II, b-III, c-I, d-IV (d) a-IV, b-I, c-II, d-III

**13. शिक्षा मनोविज्ञान एक सकारात्मक विज्ञान है। शिक्षा मनोविज्ञान की इस प्रकृति के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उपयुक्त नहीं है?**
(a) यह तथ्यों को जैसे वे हैं उसी तरह लेती है।
(b) यह तथ्यों को जैसे वे कार्य करते हैं उसी तरह लेती है।
(c) यह तथ्यों को तर्क और नैतिकता की दृष्टि से लेती है जैसा कि उन्हें होना चाहिए।
(d) यह बालक के व्यवहार को जैसा है उसी तरह लेती है।

**14. शिक्षा मनोविज्ञान है-**
(a) मानक विज्ञान (b) अनुप्रयुक्त विज्ञान
(c) विशुद्ध विज्ञान (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15. निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
(a) शिक्षा मनोविज्ञान का क्षेत्र एक अध्यापक के लिये उसके अध्ययन की आवश्यकता को स्पष्ट करता है।
(b) शिक्षा मनोविज्ञान अपनी अध्ययन की विधियों में एक विज्ञान है।
(c) शिक्षा मनोविज्ञान अधिगम के सिद्धान्त और नियम स्थापित करता है।
(d) शिक्षा मनोविज्ञान भौतिकशास्त्र या गणित की तरह एक शुद्ध विज्ञान है।

**16. 'शिक्षा मनोविज्ञान नये और हमेशा नये अनुसंधानों से संबंधित है। शिक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान परिणामों के एकत्रीकरण से बालक की प्रकृति के विषय में बेहतर सूझ (अन्तर्दृष्टि) प्राप्त करते हैं और अन्वेषण की संशोधित विधियों का विकास करते हैं।' शिक्षा मनोविज्ञान की यह प्रकृति है–**
(a) धनात्मक विज्ञान (b) नियामक विज्ञान
(c) विकासशील विज्ञान (d) सामाजिक विज्ञान

**17. शैक्षिक मनोविज्ञान की वैज्ञानिक प्रकृति के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही <u>नहीं</u> है?**
(a) इसमें वैज्ञानिक विधियों और प्रविधियों का अनुप्रयोग होता है।
(b) यह व्यवहार के आकलन के लिए व्यक्तिनिष्ठता पर बल देता है।
(c) यह शिक्षण-अधिगम परिस्थितियों में व्यवहार को समझने, भविष्यवाणी करने और नियन्त्रित करने में सहायक है।
(d) इसके सुव्यवस्थित सिद्धांत नियमों द्वारा समर्थित हैं।

**18. निम्न में से कौन शिक्षा मनोविज्ञान के कार्यक्षेत्र में आता है?**
**1. शिक्षार्थी 2. सीखने की प्रक्रिया**
**3. सीखने की परिस्थिति 4. निर्देशन तथा मानसिक स्वास्थ्य**
**नीचे दिये कोड से सही उत्तर चयन कीजिए-**
(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 एवं 4

**19. 'प्रभावी शिक्षण हेतु निर्देशन' शैक्षिक मनोविज्ञान के किस क्षेत्र में सम्मिलित है?**
(a) अधिगम उपलब्धि (b) अधिगमकर्ता
(c) अधिगम मूल्यांकन (d) अधिगम प्रक्रिया

**20. निम्नलिखित में से कौन-सा शैक्षिक मनोविज्ञान का क्षेत्र नहीं है?**
(a) व्यक्तिगत समानताएँ (b) मूल्यांकन
(c) पाठ्यक्रम का निर्माण (d) अधिगम

**21. निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षा सम्बन्धी व्यापक दृष्टिकोण नहीं प्रदान करता।
(b) शिक्षा मनोविज्ञान व्यक्तिगत विभिन्नताओं को ध्यान रखना सिखाता है।
(c) शिक्षा मनोविज्ञान अध्यापकों को मापन की विधियों से परिचित कराता है।
(d) शिक्षा मनोविज्ञान श्रेष्ठ शिक्षण विधियों की जानकारी देता है।

**22. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में शिक्षा मनोविज्ञान का महत्त्व स्पष्ट रूप से दिखाई देता है?**
**(a) विद्यार्थियों की विकासात्मक विशेषताओं को समझने में**
**(b) विद्यार्थियों की वैयक्तिक विभिन्नताओं को समझने में**
**(c) प्रभावी शिक्षण विधियों को पहचानने में**
**(d) पाठ्यचर्या के निर्माण में**
**नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये:**
**कूट:**
(a) (a), (c) एवं (d) सही हैं, किन्तु (b) सही नहीं है।
(b) (b), (c) एवं (d) सही हैं, किन्तु (a) सही नहीं है।
(c) (d) सही है किन्तु (a), (b) एवं (c) सही नहीं हैं।
(d) (a), (b), (c) एवं (d) सही हैं।

**23. शिक्षा मनोविज्ञान एक अध्यापक को सम्पूर्ण सामाजिक वातावरण और अधिगम पर उसके प्रभाव की संक्रियाओं के बारे में जानने में सहायता करता है। शिक्षा मनोविज्ञान का यह योगदान निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?**
(a) विद्यार्थियों की समस्याओं की समझ से
(b) प्रभावी शिक्षण विधियों की समझ से
(c) समूह गतिशीलता की समझ से
(d) व्यक्तिगत विभिन्नताओं की समझ से

**24. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन शिक्षा मनोविज्ञान के महत्त्व के संदर्भ में सही नहीं है?**
(a) यह शिक्षकों में शैक्षिक समस्याओं को दूर करने के प्रति उचित मनोवृत्ति उत्पन्न करता है।
(b) यह अध्यापकों की विद्यार्थियों के व्यवहारों में समुचित परिवर्तन लाने में मदद करता है।
(c) यह विद्यार्थियों की कमजोरियो एवं असफलताओं को नजरअंदाज करने के लिए प्रेरित करता है।
(d) यह शिक्षकों को स्वयं को समझने में मदद करता है।

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन शिक्षा मनोविज्ञान के सन्दर्भ में सर्वाधिक उपयुक्त है?**
(a) यह मनोरोगों का अध्ययन है।
(b) यह शिक्षण, अधिगम एवं अधिगमकर्ता का अध्ययन है।
(c) यह बुद्धि परीक्षणों का अध्ययन है।
(d) यह संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं का अध्ययन है।

**26. शिक्षण और अधिक प्रभावी हो सकता है, जब-**
(a) अधिगम, शिक्षक द्वारा निर्देशित एवं नियंत्रित हो।
(b) अधिगमकर्ता को स्वयं करने की स्वायत्तता व नियंत्रण दिया जाए।
(c) शिक्षक तथ्यों की व्याख्या करने में केन्द्रीय भूमिका का निर्वहन करें।
(d) कक्षा-कक्षा में शिक्षक निर्देशित विधियों का उपयोग किए जाए।

**27. केरोल (1965) के अनुसार, एक शिक्षक को कक्षा में शैक्षिक मनोविज्ञान को व्यावहारिक रूप से कैसे लागू करना चाहिए?**
(a) केवल शैक्षणिक सामग्री प्रदान करने पर ध्यान देकर
(b) मनोवैज्ञानिक प्रयोग करके
(c) छात्रों के विद्यालयी अधिगम के सभी पक्षों को समझकर
(d) मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों को कंठस्थ करके

**28. निम्न में से कौन-सा शिक्षा मनोविज्ञान का कार्य नहीं है-**
(a) अधिगमकर्ता को जानना।
(b) विषयवस्तु का चयन एवं संगठन करना।
(c) सीखने की प्रविविधियों के लिए सलाह देना।
(d) असामान्य मनोविज्ञान वाले व्यक्तियों को समझना।

**29. निम्नलिखित में से कौन-सी, शिक्षा मनोविज्ञान की विशेषता नहीं है?**
(a) शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य केंद्र दर्शनशास्त्र का अध्ययन करना है।
(b) शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य केंद्र मानव व्यवहार है।
(c) शिक्षा मनोविज्ञान शैक्षिक परिस्थिति में मानव व्यवहार का अध्ययन करता है।
(d) शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षण अधिगम प्रक्रिया हेतु सरल मार्ग प्रशस्त करता है।

## उत्तर सहित व्याख्या

**1. [b]**
**व्याख्या:-**
◈ आधुनिक मनोविज्ञान को व्यवहार एवं मानसिक प्रक्रियाओं दोनों का विज्ञान माना जाता है। इसमें केवल बाहरी व्यवहार ही नहीं, बल्कि स्मृति, चिंतन, भावना, संज्ञान जैसी आंतरिक प्रक्रियाएँ भी शामिल हैं। कारण (R) गलत है क्योंकि आधुनिक वैज्ञानिक विधियाँ (जैसे अप्रत्यक्ष मापन, न्यूरो-इमेजिंग) मानसिक प्रक्रियाओं का भी अध्ययन संभव बनाती हैं। इसलिए A सही और R गलत है।

**2. [b]**
**व्याख्या:-**
◈ मनोविज्ञान की वैज्ञानिक प्रकृति का अर्थ है कि यह अनुभवजन्य (empirical), प्रेक्षणीय (observable) और परीक्षण योग्य (testable) तथ्यों पर आधारित है। यह केवल दार्शनिक चिंतन या आत्मा के अध्ययन तक सीमित नहीं है। वैज्ञानिक विधियाँ जैसे प्रयोग, अवलोकन और डेटा विश्लेषण मनोविज्ञान को एक सुदृढ़ विज्ञान बनाती हैं। इसलिए विकल्प (b) सही है।

**3. [c]**
**व्याख्या:-**
◈ मनोविज्ञान व्यक्ति और उसके वातावरण के बीच अंतःक्रिया का अध्ययन करता है (सही)। यह केवल चेतन व्यवहार तक सीमित नहीं है, बल्कि अचेतन और अवचेतन व्यवहार को भी शामिल करता है (इसलिए कथन 2 गलत)। साथ ही मनोविज्ञान पशु व्यवहार का भी अध्ययन करता है, जिससे अधिगम सिद्धांत विकसित हुए हैं (जैसे पावलॉव, स्किनर)। अतः 1 और 3 सही हैं।

**4. [c]**
**व्याख्या:-**
◈ विलियम वुण्ट ने 1879 में पहली मनोविज्ञान प्रयोगशाला स्थापित की, इसलिए उन्हें प्रयोगात्मक मनोविज्ञान का जनक कहा जाता है। विलियम जेम्स संरचनावाद के नहीं बल्कि प्रकार्यवाद (Functionalism) से जुड़े थे। वाटसन को व्यवहारवाद का जनक माना जाता है। अतः कथन 1 और 3 सही हैं, जबकि 2 गलत है।

**5. [a]**
**व्याख्या:-**
◈ मनोविज्ञान का विकास क्रम आत्मा → मन → चेतना → व्यवहार के रूप में हुआ। वर्तमान मनोविज्ञान केवल चेतना तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यवहार एवं मानसिक प्रक्रियाओं दोनों को शामिल करता है। व्यवहारवाद ने मनोविज्ञान को अधिक वैज्ञानिक और वस्तुनिष्ठ बनाया क्योंकि उसने प्रेक्षणीय व्यवहार पर बल दिया। इसलिए कथन 1 और 3 सही हैं, जबकि 2 गलत है।

**6. [a]**
**व्याख्या:-**
◈ व्यवहारवाद का मुख्य आधार उद्दीपक-अनुक्रिया (Stimulus-Response) संबंध है, जिसे वाटसन और पावलॉव ने स्थापित किया। व्यवहारवाद चेतना, अनुभूति या मानसिक अवस्थाओं को वैज्ञानिक अध्ययन के लिए उपयुक्त नहीं मानता। इसलिए कारण (R) गलत है। व्यवहारवाद पूरी तरह प्रेक्षणीय व्यवहार पर आधारित है। अतः A सही और R गलत है।

**7. [c]**
**व्याख्या:-**
◈ उद्दीपक-अनुक्रिया (S-R) सिद्धांत के अनुसार व्यवहार बाहरी उद्दीपकों के प्रति प्रतिक्रिया के रूप में होता है। यह व्यवहारवाद का मूल सिद्धांत है, जिसमें अधिगम को पर्यावरणीय कारकों द्वारा नियंत्रित माना जाता है। यह विचार शिक्षा में भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उचित उद्दीपनों से वांछित व्यवहार विकसित किया जा सकता है। इसलिए विकल्प (c) सही है।

**8. [c]**
**व्याख्या:-**
◈ मनोविज्ञान एक सकारात्मक (Positive) विज्ञान है क्योंकि यह तथ्यों को जैसे हैं वैसे ही स्वीकार करता है। यह केवल भौतिक वातावरण नहीं बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक वातावरण का भी अध्ययन करता है, इसलिए कथन 2 गलत है। साथ ही यह मानसिक प्रक्रियाओं और व्यवहार दोनों का अध्ययन करता है तथा समय के साथ इसकी अवधारणाएँ बदलती रही हैं। अतः 1, 3 और 4 सही हैं।

**9. [a]**
**व्याख्या:-**
◈ बाल मनोविज्ञान केवल शारीरिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास का भी अध्ययन करता है (इसलिए कथन 1 गलत)। सामाजिक मनोविज्ञान समूह व्यवहार का अध्ययन करता है, असामान्य मनोविज्ञान मानसिक विकारों से संबंधित है, और औद्योगिक मनोविज्ञान कार्यस्थल व्यवहार से जुड़ा है। अतः 2, 3 और 4 सही हैं।

**10. [b]**
**व्याख्या:-**
◈ जॉन ड्यूई को आधुनिक शैक्षिक मनोविज्ञान और प्रगतिशील शिक्षा आंदोलन का अग्रदूत माना जाता है।
◈ उन्होंने 1896 में शिकागो विश्वविद्यालय में पहली शैक्षिक मनोविज्ञान प्रयोगशाला स्थापित की।
◈ ड्यूई का मत था कि बालक एक सक्रिय अधिगमकर्ता (Active Learner) है, जो अनुभवों के माध्यम से सीखता है। उन्होंने 'करके सीखना'(Learning by Doing) और बालक-केन्द्रित शिक्षा पर बल दिया।

**11. [b]**

**व्याख्या:-**

- **स्किनर –** 'शिक्षा मनोविज्ञान के अन्तर्गत शिक्षा से संबंधित सम्पूर्ण व्यवहार व व्यक्तित्व आ जाता है'।
- **पील** - शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षा का विज्ञान है।
- **क्रो एण्ड क्रो:-** शिक्षा मनोविज्ञान व्यावहारिक विज्ञान है क्योंकि मानव व्यवहार के सम्बन्ध में वैज्ञानिक विधि के सिद्धान्तों व तथ्यों के अनुसार सीखने की व्याख्या करता है।
- **जेम्स ड्रेवर-** शिक्षा मनोविज्ञान प्रयुक्त मनोविज्ञान की एक ऐसी शाखा है जो शिक्षा में मनोवैज्ञानिक नियमों एवं परिणामों के उपयोग से तथा साथ ही साथ शिक्षा की समस्याओं के मनोवैज्ञानिक अध्ययन से संबद्ध होती है।

**12. [a]**

**व्याख्या:-**

- विलियम वुण्ट ने प्रथम प्रयोगशाला स्थापित की (a-II), वाटसन व्यवहारवाद के जनक हैं (b-I), पावलॉव ने शास्त्रीय अनुबंधन का सिद्धांत दिया (c-III), और स्टेनले हॉल ने अमेरिकन मनोवैज्ञानिक संघ की स्थापना की (d-IV)। यह मिलान मनोविज्ञान के ऐतिहासिक विकास को समझने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**13. [c]**

**व्याख्या:-**

- शिक्षा मनोविज्ञान एक सकारात्मक विज्ञान है, जो तथ्यों को जैसे वे हैं, कैसे कार्य करते हैं, और जैसा है, उसी रूप में स्वीकार करता है। यह किसी आदर्श या नैतिक दृष्टिकोण से तथ्यों का विश्लेषण नहीं करता। इसलिए (c) कथन उपयुक्त नहीं है, क्योंकि यह शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति से मेल नहीं खाता है। शिक्षा मनोविज्ञान एक सकारात्मक विज्ञान है, जिसका अर्थ है कि यह तथ्यों को वस्तुगत रूप में और जैसे वे हैं, वैसे ही स्वीकार करता है।

**14. [b]**

**व्याख्या:-**

- शिक्षा मनोविज्ञान (Educational Psychology) अनुप्रयुक्त विज्ञान है। इसका मतलब है कि यह एक ऐसा विज्ञान है जो मनोविज्ञान के सिद्धांतों और विचारों को शिक्षा के क्षेत्र में लागू करने के लिए उपयोग करता है। यह छात्रों के अधिगम (learning) और शिक्षण (teaching) प्रक्रियाओं को समझने और सुधारने के उद्देश्य से कार्य करता है।
- अनुप्रयुक्त विज्ञान वह विज्ञान होता है जो वास्तविक जीवन में किसी समस्या के समाधान के लिए विज्ञान के सिद्धांतों का उपयोग करता है। शिक्षा मनोविज्ञान में मनोविज्ञान के सिद्धांतों को शिक्षण, अधिगम और कक्षा प्रबंधन में प्रभावी तरीके से लागू किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को सुधार सकें।

**15. [d]**

**व्याख्या:-**

- "शिक्षा मनोविज्ञान भौतिकशास्त्र या गणित की तरह एक शुद्ध विज्ञान है" **यह कथन गलत है**, क्योंकि शिक्षा मनोविज्ञान एक अनुप्रयुक्त विज्ञान है, न कि एक शुद्ध विज्ञान। यह मानव व्यवहार, मानसिक प्रक्रियाओं और शैक्षिक स्थितियों के अध्ययन पर आधारित होता है, जो अधिकतर सापेक्ष होते हैं।
- यह एक शुद्ध विज्ञान की तरह नहीं होता, जैसे भौतिकशास्त्र (Physics) या गणित (Mathematics), क्योंकि इसमें मानव व्यवहार और मानसिक प्रक्रियाएँ शामिल होती हैं, जो अधिकतर विविध और परिस्थिति-निर्भर होती हैं।

**16. [c]**

**व्याख्या:-**

- **विकासशील विज्ञान** का अर्थ है वह विज्ञान जो निरंतर परिवर्तन और उन्नति की प्रक्रिया से गुजरता रहता है और जिसमें समय के साथ नए अनुसंधान, नई विधियाँ और नए दृष्टिकोण जुड़ते रहते हैं। शिक्षा मनोविज्ञान भी एक **विकासशील विज्ञान** है क्योंकि यह निरंतर नए अध्ययन, परिणाम और खोजें करता है, जिससे हमारे बालकों के मानसिक और शैक्षिक विकास को समझने के लिए नवीनतम और संशोधित दृष्टिकोण सामने आते हैं।
- **धनात्मक विज्ञान-** इसमें तथ्यों और घटनाओं का वस्तुनिष्ठ और अनुभवजन्य तरीके से अध्ययन करना शामिल है, लेकिन शैक्षिक मनोविज्ञान अवलोकन से आगे जाता है, निरंतर विकास और सिद्धांत निर्माण पर ध्यान केंद्रित करता है।
- **नियामक विज्ञान-** मानदंड और मानकों को स्थापित करने पर केंद्रित है, जो शैक्षिक मनोविज्ञान का प्राथमिक ध्यान केंद्रित नहीं है।
- **सामाजिक विज्ञान**- शैक्षिक मनोविज्ञान सामाजिक विज्ञानों के साथ प्रतिच्छेद करता है, यह केवल सामाजिक व्यवहार पर केंद्रित नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत अधिगम और संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं पर भी केंद्रित है।

**17. [b]**

**व्याख्या:-**

- शैक्षिक मनोविज्ञान की वैज्ञानिक प्रकृति होती है, क्योंकि इसमें अनुसंधान और अध्ययन के लिए वैज्ञानिक विधियों व प्रविधियों का प्रयोग होता है।
- यह शिक्षण-अधिगम परिस्थितियों में व्यवहार को समझने, भविष्यवाणी करने और नियंत्रित करने में सहायक होता है।
- इसके सिद्धांत सुव्यवस्थित नियमों द्वारा समर्थित होते हैं।
- यह व्यवहार के आकलन के लिए वस्तुनिष्ठता पर बल देता है।

**18. [d]**

**व्याख्या:-**

- शिक्षा मनोविज्ञान का कार्यक्षेत्र विभिन्न पहलुओं को कवर करता है जो अधिगम (learning), शिक्षार्थी (learner), शिक्षण प्रक्रिया और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित होते हैं।
- **शिक्षार्थी (Learner)-**शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य उद्देश्य शिक्षार्थियों की मानसिक प्रक्रियाओं और उनके व्यक्तित्व का अध्ययन करना है। यह अध्ययन करता है कि विद्यार्थियों के बीच में व्यक्तिगत भिन्नताएँ (individual differences) क्या हैं और उनका शिक्षा पर क्या प्रभाव पड़ता है।
- **सीखने की प्रक्रिया (Learning Process) -** शिक्षा मनोविज्ञान का एक महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्र अधिगम प्रक्रिया है, जिसमें यह समझा जाता है कि विद्यार्थी किस प्रकार सीखते हैं, उनका सीखने का तरीका और सीखने में आने वाली समस्याएँ क्या हो सकती हैं।
- **अधिगमकर्ता (Learner)-** यह छात्रों की मानसिक प्रक्रियाओं का अध्ययन करता है, जैसे उनकी सोचने की क्षमता, समझने की शक्ति, और उनका मानसिक विकास। यह भी देखता है कि आयु और विकासात्मक स्तर के अनुसार छात्रों का अधिगम किस प्रकार से प्रभावित होता है।

**19. [d]**

**व्याख्या:-**

**निर्देशन एवं परामर्श :-** शिक्षा मनोविज्ञान बालकों के निर्देशन एवं परामर्श में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

- लिण्डग्रेन (1972) ने शिक्षा मनोविज्ञान के 5 कार्यक्षेत्र बताए-

  (i) शिक्षक व शिक्षार्थी (ii) अधिगम प्रक्रिया
  (iii) अधिगम परिस्थिति (iv) मापन व मूल्यांकन
  (v) निर्देशन व परामर्श

Note:- लिण्डग्रेन ने शिक्षार्थी, अधिगम प्रक्रिया व अधिगम परिस्थिति को शिक्षा मनोविज्ञान के तीन केंद्रीय क्षेत्र माना है।

- लेकिन शिक्षा मनोविज्ञान स्वयं साध्य नहीं है, बल्कि यह तो साधन है जिसके द्वारा शिक्षा के लक्ष्यों की प्राप्ति की जाती है।

**20. [a]**

**व्याख्या:-**

- **व्यक्तिगत समानताएँ-** व्यक्तिगत समानताएँ शैक्षिक मनोविज्ञान का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि यह मुख्य रूप से मनोविज्ञान के अन्य क्षेत्रों से संबंधित है, जबकि शैक्षिक मनोविज्ञान अधिगम, मूल्यांकन, और पाठ्यक्रम निर्माण जैसी प्रक्रियाओं पर केंद्रित होता है।
- **मूल्यांकन-** यह शैक्षिक मनोविज्ञान का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। शिक्षा में मूल्यांकन (evaluation) का कार्य यह निर्धारित करना है कि विद्यार्थी ने कितना सीखा है और उनकी क्षमता का सही आकलन करना। यह शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के प्रदर्शन को समझने में मदद करता है।
- **पाठ्यक्रम का निर्माण-**यह शैक्षिक मनोविज्ञान का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। शैक्षिक मनोविज्ञान में पाठ्यक्रम (curriculum) का निर्माण इस बात पर निर्भर करता है कि विद्यार्थियों की अधिगम क्षमताओं को कैसे अधिकतम किया जा सकता है और उनके मानसिक और शैक्षिक विकास के अनुसार सामग्री तैयार की जा सकती है।
- **अधिगम-** यह शैक्षिक मनोविज्ञान का केंद्रीय क्षेत्र है। अधिगम (learning) शैक्षिक मनोविज्ञान का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है, क्योंकि यह अध्ययन करता है कि विद्यार्थी कैसे सीखते हैं और किस प्रकार से उनका मानसिक और शैक्षिक विकास होता है।

**21. [a]**

**व्याख्या:-**

- शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षा सम्बन्धी व्यापक दृष्टिकोण नहीं प्रदान करता। यह कथन असत्य है।
- शिक्षा मनोविज्ञान, या Educational Psychology, शिक्षा की प्रक्रिया में मनोविज्ञान के सिद्धांतों का अध्ययन करता है और विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षा के अन्य पहलुओं पर इसके प्रभाव को समझने में मदद करता है। यह व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करता है, क्योंकि यह न केवल शिक्षा के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करता है, बल्कि व्यक्तिगत, सामाजिक और मानसिक विकास पर भी विचार करता है।
- यह मनोविज्ञान और शिक्षा के बीच के रिश्ते को समझने के लिए सिद्धांतों, प्रक्रियाओं और विधियों का उपयोग करता है, जैसे कि सीखने की प्रक्रियाएं, विकासात्मक भिन्नताएँ, और विविध शिक्षा विधियाँ। अतः यह कथन गलत है।
- शिक्षा मनोविज्ञान मापन (measurement) और मूल्यांकन (assessment) की विधियों से भी परिचित कराता है, जो शिक्षकों को विद्यार्थियों की प्रगति को मापने में मदद करती हैं। इसमें मानसिक परीक्षण, शैक्षिक परीक्षण, और प्रवृत्तियों का मूल्यांकन शामिल हैं।
- शिक्षा मनोविज्ञान श्रेष्ठ शिक्षण विधियों (effective teaching methods) के बारे में भी जानकारी प्रदान करता है। यह छात्रों के मानसिक और शारीरिक विकास, उनकी सीखने की क्षमता और उनके शिक्षा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उपयुक्त शिक्षण रणनीतियों को विकसित करने में मदद करता है।

**22. [d]**

**व्याख्या:-**

- शिक्षा मनोविज्ञान का महत्व विद्यार्थियों की विकासात्मक विशेषताओं, वैयक्तिक विभिन्नताओं, प्रभावी शिक्षण विधियों, और पाठ्यचर्या निर्माण में होता है। यह शिक्षकों को विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को समझने और शिक्षण को अनुकूल बनाने में सहायता करता है।

**23. [c]**

**व्याख्या:-**

- शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षक को सामाजिक वातावरण और अधिगम पर उसके प्रभाव को समझने में मदद करता है, जो समूह गतिशीलता से सीधे संबंधित है। समूह गतिशीलता कक्षा में सामाजिक अंतःक्रियाओं, समूह व्यवहार, सहयोग, प्रतिस्पर्धा और सामाजिक प्रभावों जैसे पहलुओं को समझने से संबंधित है। यह अध्ययन शिक्षक को यह समझने में सहायता करता है कि कक्षा का सामाजिक वातावरण (जैसे सहपाठियों का प्रभाव, समूह की गतिशीलता, सामाजिक संरचना) विद्यार्थियों के अधिगम को कैसे प्रभावित करता है।

**24. [c]**

**व्याख्या:-**

- विकल्प c - यह विद्यार्थियों की कमजोरियों एवं असफलताओं को नजरअंदाज करने के लिए प्रेरित करता है।
- यह कथन गलत है। शिक्षा मनोविज्ञान का **उद्देश्य विद्यार्थियों की कमजोरियों और असफलताओं को नजरअंदाज करना नहीं है, इसके बजाय, यह विद्यार्थियों की समस्याओं और कमजोरियों को समझने, उनका विश्लेषण करने और उन पर काम करने के उपायों को बढ़ावा देता है।** इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मानसिक और शैक्षिक विकास को बेहतर बनाना है।
- शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षकों में शैक्षिक समस्याओं को सुलझाने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और उचित मनोवृत्ति विकसित करता है। यह उन्हें विद्यार्थियों के साथ प्रभावी ढंग से काम करने में मदद करता है।

**25. [b]**

**व्याख्या:-**

- शिक्षा मनोविज्ञान (Educational Psychology) एक ऐसा विज्ञान है जो शिक्षण और अधिगम की प्रक्रियाओं को समझने के लिए मनोविज्ञान के सिद्धांतों का उपयोग करता है।
- **"यह शिक्षण, अधिगम एवं अधिगमकर्ता का अध्ययन है" सर्वाधिक उपयुक्त है** क्योंकि शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य उद्देश्य शिक्षण और अधिगम की प्रक्रियाओं को समझना है, और यह भी देखा जाता है कि विभिन्न प्रकार के छात्र अधिगमकर्ता के रूप में कैसे सीखते हैं।
- **अधिगम (Learning)-** शिक्षा मनोविज्ञान इस पर केंद्रित है कि लोग कैसे सीखते हैं। यह समझने के लिए विभिन्न अधिगम सिद्धांतों (जैसे व्यवहारवाद, संज्ञानात्मक सिद्धांत, और सामाजिक सिद्धांत) का उपयोग किया जाता है।
- **शिक्षण (Teaching)-** शिक्षा मनोविज्ञान यह भी देखता है कि शिक्षक अपनी शिक्षण विधियों को कैसे सुधार सकते हैं। यह अध्ययन करता है कि किस प्रकार के शिक्षण विधियाँ छात्रों के लिए सबसे प्रभावी होती हैं। इसमें शिक्षक के लिए विभिन्न शिक्षण रणनीतियाँ और कक्षा प्रबंधन तकनीकें शामिल हैं, जो छात्रों के विकास में सहायक होती हैं।

**26. [b]**

**व्याख्या:-**

- शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए, अधिगमकर्ता (learner) को स्वयं सीखने का स्वायत्तता (autonomy) और नियंत्रण देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब विद्यार्थी को अपनी शिक्षण प्रक्रिया पर नियंत्रण मिलता है, तो वह स्वयं अपनी गति से, अपनी शैली में और अपनी रुचियों के अनुसार सीखने के लिए प्रेरित होते हैं। यह उन्हें अधिक प्रेरित करता है और उनके सीखने के अनुभव को समृद्ध करता है।

**27. [c]**

**व्याख्या:-**

- केरोल (1965) के अनुसार, एक शिक्षक को कक्षा में शैक्षिक मनोविज्ञान को व्यावहारिक रूप से छात्रों के विद्यालयी अधिगम के सभी पक्षों को समझकर लागू करना चाहिए।

**28. [d]**

**व्याख्या:-**

- असामान्य मनोविज्ञान वाले व्यक्तियों को समझना। यह शिक्षा मनोविज्ञान का कार्य नहीं है।
- शिक्षा मनोविज्ञान के प्रमुख कार्यों में शामिल हैं-
- **अधिगमकर्ता को जानना–** शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के वैयक्तिक और मानसिक विकास को समझना है ताकि उन्हें उपयुक्त शिक्षा दी जा सके। यह अध्यापक को विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और क्षमताओं को पहचानने में मदद करता है।
- **विषयवस्तु का चयन और संगठन करना** -शिक्षा मनोविज्ञान यह भी मदद करता है कि अध्यापक किस प्रकार से पाठ्यक्रम और विषयवस्तु को विद्यार्थियों के स्तर और उनकी क्षमताओं के अनुसार सही तरीके से चुनें और व्यवस्थित करें।
- **सीखने की प्रवृत्तियों के लिए सलाह देना–** यह शिक्षा मनोविज्ञान का कार्य है कि वह अध्यापक को यह बताए कि विद्यार्थी किस प्रकार से सबसे अच्छा सीख सकते हैं और कौन-सी विधियाँ उनके लिए उपयुक्त हैं, जैसे कि सक्रिय अधिगम, आत्ममूल्यांकन आदि।

**नोट -** असामान्य मनोविज्ञान वाले व्यक्तियों को समझना हालांकि यह मनोविज्ञान के एक विशेष क्षेत्र का हिस्सा है, लेकिन यह शिक्षा मनोविज्ञान का कार्य नहीं है। असामान्य मनोविज्ञान, जैसे मानसिक विकार, विकलांगता, और मानसिक रोगों का अध्ययन मानसिक स्वास्थ्य और चिकित्सकीय मनोविज्ञान से संबंधित होता है, न कि सीधे शिक्षा मनोविज्ञान से।

**29. [a]**

**व्याख्या:-**

- शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य केंद्र दर्शनशास्त्र का अध्ययन करना है। यह गलत है।
- शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य उद्देश्य मानव व्यवहार और शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं का अध्ययन करना है, न कि दर्शनशास्त्र का अध्ययन करना। शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षा के संदर्भ में विद्यार्थियों और शिक्षकों के मानसिक, शारीरिक, और भावनात्मक पहलुओं को समझने पर केंद्रित है। शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य केंद्र मानव व्यवहार है। शिक्षा मनोविज्ञान मानव व्यवहार के अध्ययन पर आधारित है, विशेष रूप से शिक्षण और अधिगम (learning) के संदर्भ में। यह अध्ययन करता है कि विद्यार्थी कैसे सीखते हैं, उनका मानसिक विकास कैसे होता है, और वे किस तरह से अपनी समस्याओं का समाधान करते हैं।

♦ ♦ ♦ ♦